गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करश

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेवसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६



आगरा, 05 नवम्बर, 2026, गुरुवार, वर्ष 40 अंक 292 सौर 11 कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

केन्द्र ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए १७,३१४ करोड़ की दो परियोजनायें को दी मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए दो महत्वपूर्ण



लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देनेके लिए २,८१४ करोड़ की योजना

योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें 92 जीडब्ल्यूएच ग्रिड-स्केल ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए 14,500 करोड़ रुपये का व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण शामिल है। इसके अतिरिक्त, लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने हेतु 2,814 करोड़ रुपये की योजना को भी हरी झंडी मिली।इन दोनों योजनाओं के लिए कुल 17,314 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। ये निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को इन फैसलों की जानकारी दी। (शेष पृष्ठ २ पर)

बढ़े हुए वेतन के साथ अग्निवीरों को मिलेगा दो साल का सेवा विस्तार

२५ प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित करने का फैसला, छह साल के बाद स्थायी नौकरी के लिए पूर्ण करने होंगे मानदंड

नयी दिल्ली (आससे.)। भारतीय सशस्त्र बलों में अग्निवीर के रूप में सेवा दे रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने अग्निवीरों के सेवा कार्यकाल में दो साल की बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस बदलाव के तहत अग्निवीरों को चार साल के निर्धारित कार्यकाल के बजाय कुल छह साल तक सेवा देने का अवसर मिलेगा। सीडीएस एन एस राजा सुब्रमणि ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 14 जून 2022 में यह योजना आई थी। तब अग्निवीरों के प्रदर्शन के सतत आकलन की बात कही गई थी। अग्निवीरों के पहले बैच के चार वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। अग्निवीरों के बारे में सकारात्मक फीडबैक मिला है। 25 फीसदी अग्निवीरों को नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत शेष 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल की अवधि और दी जाएगी। इस दो साल की अवधि के बाद जो अग्निवीर इच्छुक होंगे और चरणबद्ध तरीके से सेवा से मुक्त करने की तैयारी कर रहे थे।सीडीएस ने कहा कि कैबिनेट ने दो साल की इस अवधि को मंजूरी दी है। चयन का



चयन मापदंडों पर खरे उतरेंगे, उन्हें नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब सेना के तीनों अंग नवंबर 2026 के मध्य से अग्निपथ योजना के पहले बैच के लगभग 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दायरा बढ़ चुका है। सभी जिलों से अग्निवीर आ रहे हैं। पारदर्शिता के लिए अब पहले लिखित परीक्षा ली जा रही है, फिर फिजिकल टेस्ट ले रहे हैं। चार वर्षों की अवधि में अग्निवीरों की फिजिकल फिटनेस, हौसला और अनुशासन उच्च स्तर का रहा है। उनकी दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रयास किए गए हैं। 10वीं पास अग्निवीरों को आगे की पढ़ाई कराई गई है।

फीडबैक और समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल की अवधि और दी जाएगी। इसके तहत उन्हें ज्यादा पारितोषिक और विस्तारित सेवा निधि मिलेगी। इसी के साथ कैबिनेट ने सभी अग्निवीरों के लिए यह मार्ग प्रशस्त कर दिया है कि वे सशस्त्र बलों में समाहित हो सकें।सरकार के इस फैसले पर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवेसी ने कहा कि 75त्न अग्निवीरों को, जिन्हें पहले 4 साल बाद सेवा से बाहर होना था, अब 2 साल का अतिरिक्त कार्यकाल मिलेगा। इसके बाद, वे चयन मानदंडों के आधार पर सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नशेमें रहने वाला जनताको नशेसे नहीं बचा सकता-राहुल

पंजाब (एजेंसी)। संगरूर के गांव फगुवाला में कांग्रेस की इंसाफ रैली में राहुल गांधी ने मान सरकार और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सबसे पहले मंच पर मौजूद दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज पंजाब में नशा और गैंग्सटरिज़्म सबसे बड़ा संकट बन चुका है। राहुल गांधी ने मूसेवाला के अपनी पुरानी मुलाकात को याद करते हुए कहा कि सिद्धू मूसेवाला बेहद टैलेंटेड और




संगरूरमें की जनसभा, मान सरकारपर बोला हमला

ऊर्जावान युवा थे। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि जिस सोच ने मूसेवाला को दिन-दहाड़े और बिना डरे गोलियों से भून दिया, वह दुखद है। राहुल ने कहा कि जिस पिता को अपने जवान बेटे की अर्थी देखनी पड़े, उससे बड़ा दर्द इस दुनिया में और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मूसेवाला की सिक्योरिटी हटाए जाने के बाद सरेआम उनकी हत्या कर दी गई। पंजाब में नशे के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब वह पहले पंजाब आए थे और उन्होंने नशे की बात कही थी, तब विपक्ष के तमाम दलों बीजेपी और अकाली दल ने उनकी बात को नकारा था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक प्रदेश में उद्योग, फैक्ट्रियां और खेती-किसानी मजबूत नहीं होगी, तब तक नशा और गैंग्सटरिज़्म का खात्मा नहीं हो सकता। आप सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि चुनाव के समय उन्होंने वादा किया था कि वे पंजाब से नशा पूरी तरह मिटा देंगे। जनता ने उन पर भरोसा भी किया, लेकिन आज सवाल यह है कि सरकार ने प्रदेश के किस कोने से नशा खत्म किया है? (शेष पृष्ठ २ पर)

राज्य विधानसभाओंके लिए भी बने डिजिटल ऑडिट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म-ओम बिरला

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राज्य विधानमंडलों के लिए संसद की तर्ज पर डिजिटल ऑडिट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे लेखापरीक्षा संबंधी टिप्पणियों की निगरानी, उन पर कार्रवाई और रिपोर्टों के समयबद्ध निस्तारण में मदद मिलेगी। केंद्र और राज्यों को मिलकर लेखापरीक्षा एवं मूल्यांकन की



मजबूत व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। बिरला बुधवार को तिरुवनंतपुरम में संसद और राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की लोक लेखा समितियों के सभापतियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस्तेमाल से विधायी निगरानी में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, लेकिन इसे मानवीय विवेक का विकल्प नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन के प्रत्येक रुपये का उचित हिसाब होना चाहिए और उसका उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जाना चाहिए। लोक लेखा समितियों को सरकारी खर्च की जांच के साथ यह भी देखना चाहिए कि योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है या नहीं। कैग की लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोकसभा अध्यक्ष ने समितियों के सदस्यों और अधिकारियों के प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण तथा राज्यों की बेहतर कार्यप्रणालियों और तकनीकी नवाचारों को साझा करने पर जोर दिया। उन्होंने सम्मेलन में अंगीकृत 'केरलम संकल्प' को लोक लेखा (शेष पृष्ठ २ पर)

सड़क हादसेमें सगे भाई समेत तीन की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की जान चली गयी। मंगलवार की देर रात कभी करीब 10 बजे पांच दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर और हरनौत बाजार घूमने गए थे। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक तेज रफ्तार बाइक के सामने एक कुत्ते को बचाने के चक्कर में (शेष पृष्ठ २ पर)

भोजपुरमें मां-बेटे की बेरहमीसे हत्या

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना के तेंदुनी गांव में बीते देर रात जमीन बंटवारे और संपत्ति विवाद को लेकर मां और बेटे की बेरहमी में से हत्या कर दी गई इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में बड़े बेटे और बहू को हिरासत में लिया है।मृतकों में रामवती कुंवर 60 वर्ष उनके पुत्र सुनील कुमार महतो 30 वर्ष की पहचान हुई है। मंगलवार की एक बजे मां बेटे अपने कमरे में सो रहे थे उसी समय उन पर हमला किया गया । हमलावरों ने बेहद क्रूरता से दोनों की हत्या कर दी।

राहुल गांधी 'फुस्स राकेट', लांच होने वाले नहीं-मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा सहित पूरा इंडी गठबंधन भारत की विकास व आत्मनिर्भरता की यात्रा में



'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओंको किया संबोधित

लगातार रोड़े अटका रहा है। कांग्रेस और उसका इंडी गठबंधन दिल्ली में अराजकता पैदा कर लोकतंत्र के लिए खतरा बना हुआ है। राहुल गांधी फुस्स रॉकेट हैं, जिनका बारूद खत्म हो चुका है, सिर्फ धुआं बचा है। कांग्रेस चाहे जितनी बार उन्हें लॉन्च कर ले, अब वह लॉन्च नहीं होने वाले। सीएम योगी आज गोरखपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की अगुवाई में निकाली गई 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू करने से पहले महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने श्री नवीन का बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्षधरा में प्रथम आगमन पर भावपूर्ण स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के दल अगर चुनाव जीतते हैं तो परिणाम उनका पुरुषार्थ होता है। और, यदि जनता उनके नकारेपन के कारण जवाब दे देती है, वे हार जाते हैं तो ईवीएम पर दोष थोपना उनकी प्रवृत्ति बन गई है। सीएम योगी ने कहा कि एसआईआर की कार्यवाही पहली बार देश में नहीं हुई है। अलग-अलग समय में और ज्यादातर कांग्रेस पार्टी के समय में भी मतदाता सूची (शेष पृष्ठ २ पर)

एसएससी-सीजीएल २०२६ : जारी हुई उत्तर कुंजी

नयी दिल्ली (आससे.)। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2026 (सीजीएल टियर-1) की संभावित उत्तर कुंजी जारी कर दी है। आयोग ने उम्मीदवारों की उत्तर पुस्तिकाएं (रिस्पॉन्स शीट) भी उपलब्ध करा दी हैं। उम्मीदवार अब अपने उत्तरों का मिलान संभावित उत्तर कुंजी से कर सकते हैं। आयोग ने 4 नवंबर 2026 को इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी की है। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट ह्यह्यष्टश्र1.द्वठ्ठ पर जाकर अपनी उत्तर पुस्तिका और संभावित उत्तर कुंजी देख सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवारों को अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड दर्ज करके लॉगिन करना होगा। आयोग ने संभावित उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय सीमा तय कर दी है। उम्मीदवार 4 नवंबर 2026 सुबह 9 बजे से 7 नवंबर 2026 रात 9 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए 50 रुपये शुल्क देना होगा।

बीएचयू और नगर निगम वाराणसी को बमसे उड़ाने की मिली धमकी

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और नगर निगम को बुधवार को सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरा ई मेल मिलने से दहशत फैल गयी। इस सूचना पर वाराणसी पुलिस अलर्ट हो गयी। भारी संख्या में पुलिस फोर्स बीएचयू और नगर निगम पहुंची। परिसर को खाली करा दिया गया। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरी मीणा, डीसीपी काशी गौरव वंशवाल मौके पर पहुंचे थे। पूर्व में वाराणसी में आतंकवादी घटनाएं हो चुकी है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। घंटों चली जांच पड़ताल में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार वाराणसी नगर निगम और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को आतंकवादियों के द्वारा मिले धमकी भरे ई मेल से जिला प्रशासन में हड़कम्प मच गया। बुधवार की अल सुबह नगर निगम वाराणसी को मिले ई-मेल पर लिखा था। महापौर और नगर निगम को बम से उड़ा दिया जायेगा। इसकी सूचना नगर निगम के अफसरों ने जिलाधिकारी और वाराणसी पुलिस कमिश्नर को तत्काल दी गयी। इस सूचना पर एसीपी चेतगंज शुभम सिंह तथा सिगरा (शेष पृष्ठ २ पर)

ई मेल से मिली धमकी के बाद प्रशासन अलर्ट, भारी पुलिस बल के साथ की गयी सघन चेकिंग, दहशत का रहा माहौल

पंजाब : आप विधायकके सात ठिकानोंपर ईडीका छापा

चंडीगढ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को पंजाब में एक साथ सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई मोगा जिले में सरकारी और संस्थागत संपत्तियों के कथित धोखाधड़ी से अधिग्रहण तथा सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़े मामले में की गई है। ध्यान देने वाली बात है कि अमनदीप कौर मोगा से मौजूदा विधायक हैं और आम आदमी पार्टी ने 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी अपना उम्मीदवार चुना है। तलाशी के दायरे में आम आदमी पार्टी की महिला विंग की पंजाब प्रधान और मोगा की (शेष पृष्ठ २ पर)

अमूलने बढ़ाये घी-बटरके दाम

नयी दिल्ली। अमूल ने घी और बटर 3 से 50 रुपए तक महंगा कर दिया है। एक किलो घी का कार्टन 630 से बढ़कर 680 रुपए का हो



गया है। बटर के 100 ग्राम पैक की कीमत 63 से बढ़कर 66 रुपए हो गई है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, दाम बढ़ने की वजह गुजरात-राजस्थान में नकली घी के खिलाफ कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की बढ़ी मांग है। इससे सितंबर 2025 की त्रस्त्र कटौती का फायदा भी काफी कम हो गया है। सितंबर 2025 में जीएसटी की दर घटने के बाद अमूल ने 700 डेयरी प्रोडक्ट्स के दाम कम किए थे। डेयरी प्रोडक्ट्स पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया था।उस समय एक लीटर घी के कार्टन की कीमत 650 से घटकर 610 हो गई (शेष पृष्ठ २ पर)

घीमें ५० रुपये-बटरमें ३० रुपये किलोकी बढ़ोतरी

दो से अधिक बच्चों पर चुनावी पाबंदी की प्रासंगिकता खत्म- सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए दो से अधिक बच्चे होने पर उम्मीदवारों को अयोग्य ठहराने वाले कानूनों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया है। अदालत ने कहा कि देश में घटती प्रजनन दर और बदलती जनसांख्यिकीय स्थिति को देखते हुए ऐसे कानूनों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि वर्ष 2003 में भारत की कुल प्रजनन दर तीन थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। यह 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से भी कम है। ऐसे में जनसंख्या (शेष पृष्ठ २ पर)

अमेरिका : मिडटर्म चुनाव में ट्रंप की जबरदस्त हार

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने मतदाताओं से अपील की थी कि वे 2026 के मिडटर्म चुनावों को सीधे उनके कार्यकाल पर जनमत संग्रह समझकर मतदान करें।बुधवार को आए



डेमोक्रेट्स पार्टीने सीनेट-हाउसने हासिल किया बहुमत

चुनावी नतीजों से साफ हो गया है कि जनता ने उनके इस आह्वान पर अपना कड़ा फैसला सुना दिया है। पूरे अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की जबरदस्त ब्लू वेव देखने को मिली, जिसके चलते डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी संसद के दोनों सदनों-हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है।यह परिणाम सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी और राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। डेमोक्रेट्स ने न केवल अपनी सीटें बचाई बल्कि टेक्सास, कंसास, साउथ कैरोलिना और आयोवा जैसे दशकों पुराने रिपब्लिकन गढ़ों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

भारतीय जहाजोंको ईरानने दी होर्मुजसे जाने की छूट



चीन समेत कई देशों को भी राहत

तेहरान। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर है। ईरान सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से आने-जाने की छूट दी गई है। ईरान ने भारत के अलावा चीन, इराक और कतर के जहाजों को भी अपने प्रतिबंधों से बाहर रखा है। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने कहा कि इन चार देशों के जहाज बिना किसी रोक-टोक के इस समुद्री रास्ते से गुजर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को यह छूट दवाइयों के आयात को ध्यान में रखकर दी गई है। वहीं, चीन को यह सुविधा राजनीतिक समर्थन के बदले दी गई है। इस बीच ईरान के भीतर अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान समेत कई बड़े नेता कतर की मध्यस्थता से बातचीत का रास्ता अपनाने के पक्ष में हैं। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने कहा कि भारत, चीन, इराक और कतर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की विशेष अनुमति दी गई है।





सभी शिक्षण संस्थानों में गठित होंगे इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों का मतदाता सूची में पंजीकरण कराने पर जोर






कासगंज। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष पुनरीक्षण अभियान-2026 को लेकर श्री गणेश इंटर कॉलेज, कासगंज के सभागार में माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के प्राचार्यों और प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई। डीआईओएस रजनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में मतदाता सूची में पात्र युवाओं का पंजीकरण कराने और आगामी जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। डीआईओएस रजनेश कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जेंडर रेशियो बढ़ाने के साथ प्रत्येक पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना है। इसके लिए विद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जाए।

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्र-छात्राओं से फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में पंजीकरण कराया जाए। मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जाएगा। जिला प्रभारी स्वीप एवं जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जयंत गुप्ता ने सभी शिक्षण संस्थानों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब गठित करने और वोटर हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। संचालन प्रधानाचार्य ऐदल सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एचपीएन दुबे, राजेश यादव, दलबीर सिंह, मेजर आलोक दुबे सहित जनपद के अन्य प्रधानाचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

चाक पर दीपक बनाकर पुस्तैनी परंपरा को जिंदा रखे हैं कन्हैया लाल

पत्नी और बच्चे भी हाथ बंटाकर दे रहे सहयोग, प्रतिदिन बनाते हैं 700 से 800 मिट्टी के दीपक

बकेवर इटावा । दीपावली के पावन पर्व पर जहां घर-आंगन को रोशन करने के लिए दीपों का विशेष महत्व है, वहीं मिट्टी के दीपक



बनाने वाले कुम्हार परिवार आज भी अपनी पुस्तैनी कला और परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। आधुनिकता के इस दौर में भी कुम्हारों के चाक पर मिट्टी को आकार देकर दीपक बनाने की कला लोगों को अपनी परंपराओं से जोड़ रही है। इसी परंपरा को महेवा क्षेत्र के कन्हैया लाल आगे बढ़ा रहे हैं। कन्हैया लाल अपने पिता श्याम सुंदर और दादा स्वर्गीय मन्नी लाल से विरासत में मिली मिट्टी के बर्तन एवं दीपक बनाने की कला को आज भी संजोए हुए हैं। इस पुस्तैनी कार्य में उनकी पत्नी रीना (35 वर्ष) भी पूरा सहयोग करती हैं। उनके दो पुत्र अर्पित और साहिल तथा पुत्री राधा भी इस काम में हाथ बंटाते हैं। कन्हैया लाल अपने बच्चों को भी इस पारंपरिक कला से परिचित करा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी तक यह विरासत पहुंचती रहे। कन्हैया लाल ने बताया कि वह सुबह से ही पूरे परिवार के साथ दीपक बनाने के काम में जुट जाते हैं। बाजार में बिक्री के लिए जाने तक वह प्रतिदिन करीब 700 से 800 मिट्टी के दीपक तैयार कर लेते हैं। यदि किसी व्यापारी की ओर से विशेष ऑर्डर मिल जाता है तो उसे पूरा करने के लिए अतिरिक्त मेहनत भी करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि दीपावली पर मिट्टी के दीपकों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटने की खुशी में नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपावली पर दीपोत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। कन्हैया लाल ने आमजन से अपील की कि दीपावली पर रेडीमेड सजावटी दीपों के साथ मिट्टी के देशी दीपकों को भी प्राथमिकता दें। इससे पारंपरिक तरीके से दीपावली मनाने की परंपरा कायम रहेगी और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही मिट्टी के दीपक खरीदकर लोग मेहनतकश कुम्हार परिवारों की आजीविका में सहयोग कर सकते हैं।

दो लाख रुपये के अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत पांच पर मुकदमा

बकेवर। थाना क्षेत्र के कस्बा लखना के तकिया मोहल्ला निवासी विवाहिता ने ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, प्रताड़ना और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आंकाक्षा वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 11 दिसंबर 2020 को ऋषभ वर्मा निवासी कल्याणपुर, कानपुर नगर के साथ हुआ था। शादी में मायके पक्ष ने करीब दस लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद पति ऋषभ, ससुर दिनेश वर्मा, सास अंजली वर्मा, ननद कशिश व ननदोई गोपाल वर्मा दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की जाती थी तथा भूखा-प्यासा रखकर प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि 23 मई 2026 को दोबारा दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। ससुरालीजनों ने बच्चा न होने का ताना देते हुए दो लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बनाया और मांग पूरी न होने पर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ब्लॉक मिशन मैनेजर का पैर फ्रैक्चर, दो माह बाद मुकदमा दर्ज

बकेवर। कस्बे में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने का विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर भागने का मामला सामने आया है। बाइक की टक्कर से घायल महेवा ब्लॉक के मिशन मैनेजर का पैर फ्रैक्चर हो गया।

करीब दो माह बाद पीड़ित की तहरीर पर थाना बकेवर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विद्या विहार कॉलोनी निवासी आशुतोष सिंह चौहान महेवा ब्लॉक में मिशन मैनेजर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ अगस्त की शाम बिजली आपूर्ति बंद होने पर वह अपने पिता और शशांक के साथ बकेवर-लखना रोड स्थित पशु चिकित्सालय के पास ट्रांसफार्मर पर पहुंचे थे। वहां बिजली कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान बकेवर चौराहे की तरफ से तेज रफ्तार में लहराती हुई आई बाइक ने उन्हें और शशांक को टक्कर मार दी। बाइक उनके पैरों पर चढ़ गई। हादसे के बाद चालक बाइक मौके पर छोड़कर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। परिजनों ने दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल बकेवर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर आशुतोष को कानपुर के हैलट अस्पताल ले जाया गया, जहां एक्सरे में उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इसके बाद भिंड में भी उनका उपचार कराया गया। कमर और पसलियों में दर्द के चलते लगातार इलाज चलता रहा। पीड़ित के मुताबिक, दुर्घटना में शामिल बाइक संख्या यूपी 75 एएन 7285 को पुलिस मौके से थाने ले गई थी। स्वस्थ होने के बाद दो नवंबर को उन्होंने थाना बकेवर पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

खेत पर पहुंची महिला के साथ मारपीट, प्राइवेट पार्ट पर ईंट से हमला करने का आरोप

बकेवर। थाना क्षेत्र के नगला कले मौजा के मजरा टेहनगुरियन में पैतृक खेत पर पहुंची एक महिला के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से हमला करने और ईंट से प्राइवेट पार्ट पर वार करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। लखना कस्बे के दीक्षितान मोहल्ला निवासी सुशीला तिवारी साध्वी पुत्री स्व. जगदीश नारायण तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नगला कले स्थित उनकी पैतृक जमीन पर लाहा बोया जा रहा था। इसी दौरान सूचना मिलने पर वह अपने भाई अनिल तिवारी के साथ खेत पर पहुंचीं। आरोप है कि रास्ते में पहले से बैठे सुशील उर्फ राजन पुत्र स्व. रूपनारायण ने उनके साथ मौजूद सजियार के हाथ से दरांती छीन ली और गाली-गलौज करते हुए उनकी चोटी पकड़कर खेत में खींच लिया। आरोपित ने जान से मारने की नीयत से ईंट से उनके प्राइवेट पार्ट पर हमला किया और ईंटों के ढेर पर पटक दिया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और रक्तस्राव होने लगा। पीड़िता के मुताबिक, एक नवंबर को दोपहर करीब दो बजे हुई घटना के दौरान योगेंद्र कुमार, किशोर कुमार और अजय सिंह राठौर सहित कुछ ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तीन नवंबर को तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आवारा कुत्ते से टकराई बाइक, युवक घायल



बकेवर। बकेवर-लखना मार्ग पर चंद्रपुरा बंबा के पास अचानक सामने आए आवारा कुत्ते से टकराकर बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। साथी ने उसे तत्काल बकेवर स्थित 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी विभाग में उसका उपचार जारी है। लखना के नया नहर पुल के पास निवासी तनमय चौहान पुत्र धर्मेंद्र चौहान अपने दोस्त आदित्य के साथ बाइक से बकेवर जा रहे थे। चंद्रपुरा बंबा के पास अचानक एक आवारा कुत्ता बाइक के सामने आ गया। बाइक कुत्ते से टकरा गई, जिससे तनमय सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद दोस्त आदित्य ने राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं।

खाद-बीज की किल्लत पर किसानों नेताओं का 24 घंटे तक रहा धरना

24 घंटे बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या दूर कराने की मांग, समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

जसवंतनगर/इटावा। खाद और बीज की किल्लत से परेशान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में लगातार 24 घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह 11 बजे किसानों ने उप जिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। साथ ही समस्या का समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी। धरने की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार गुड्डन ने की। किसान नेताओं ने कहा कि रबी फसलों की बुवाई का समय चल रहा है और इस समय किसानों को खाद की सबसे अधिक जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों पर ताले लटके हैं। खाद नहीं मिलने के कारण किसान सुबह से शाम तक भटकने को मजबूर हैं। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती का काम प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बुवाई प्रभावित होने के साथ फसलों के उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनाने की मांग की, जिससे सभी किसानों को समय से खाद मिल सके। इस पर एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने आश्वस्त किया कि निर्धारित मानकों के अनुसार किसानों को खाद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया। धरने में तहसील उपाध्यक्ष मनोज कुमार, मुख्तार सिंह, विनीत कुमार, तहसील सचिव अनिल कुमार, परवेश कुमार, तहसील प्रवक्ता रामनारायण, जिला महासचिव चंदजीत, जिला प्रवक्ता मुन्नेश सिंह, तहसील संरक्षक अनार सिंह, ब्लॉक संरक्षक मनमोहन सिंह, राय सिंह, मनोज यादव, शिवराज सिंह, पंकज यादव, होतीलाल और राजेश्वर दयाल सहित बड़ी संख्या में किसान एवं यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एआई की पूर्ण क्षमता का सदुपयोग

आगरा। भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, वी ने आज वी इंटेलिजेंस लॉन्च करने की घोषणा की। यह कंपनी की एक रणनीतिक एआई पहल है, जिसका उद्देश्य वी के अपने चालन के साथ-साथ विभिन्न उद्योगों के ग्राहकों और उद्यमों में एआई आधारित बदलाव लाना है। इस लॉन्च पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, वी के सीटीओ जगबीर सिंह ने कहा दूरसंचार उद्योग ने लंबे समय से लोगों, व्यवसायों और उपकरणों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वी इंटेलिजेंस लैब के माध्यम से, हम एआई की पूर्ण क्षमता का सदुपयोग कर रहे हैं। वी इंटेलिजेंस लैब के माध्यम से, पीडब्ल्यूसी इंडिया, ह्यएजेंटिक ट्रांसफॉर्मेशनह्न में अपने गहन अनुभव का उपयोग करेगी।

कलाकारों ने सुनाए दिवाली के किस्से

आगरा। दिवाली ऐसा त्योहार है, जो बचपन की कई खूबसूरत यादें ताजा कर देता है। पटाखे फोड़ने का उत्साह हो, कोई खास तोहफा मिलने की खुशी हो या फिर परिवार के साथ समय बिताना, इस त्योहार से हर किसी की कुछ खास यादें जुड़ी होती हैं। इस दिवाली सन नियो के कलाकार सूरज प्रताप सिंह, जो ह्यदिव्य प्रेम-प्यार और रहस्य की कहानीह्न में प्रेम का किरदार निभा रहे हैं। सूरज प्रताप सिंह ने कहा, बचपन की दिवाली की मेरी सबसे यादगार यादों में से एक दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ना है। मुझे लगता है कि ज्यादातर लड़कों ने कभी न कभी ऐसा जरूर किया होगा। हम पटाखा जलाकर हवा में उछाल देते थे और फिर उसे फूटते हुए देखते थे। उस समय हमें ऐसा करने में बहुत मजा आता था।

फिर चुने गए नये चेयर

आगरा। जीएसएमए के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने गोपाल विट्टल को आगामी 2027-2028 बोर्ड टर्म के लिए पुनः चेयर चुना है। उनका कार्यकाल दिसंबर 2028 तक रहेगा। श्री विट्टल पिछले 10 वर्षों से जीएसएमए बोर्ड के सदस्य हैं और 2025 से चेयर की भूमिका निभा रहे हैं। जीएसएमए के चेयर के रूप में वे संगठन की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करते हैं। यह संगठन वैश्विक मोबाइल ऑपरेटर्स और व्यापक मोबाइल इकोसिस्टम से जुड़ी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। जीएसएमए के बोर्ड ने मार्गेरिटा डेल्ला वाल्ले को को-डिप्टी चेयर चुना है। श्री विट्टल ने कहा, जीएसएमए बोर्ड के चेयर के रूप में दूसरी बार फिर चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है।

सुरक्षित डिजिटल पेमेंट के लिए सुरक्षा सुझाव

आगरा। त्योहारों का समय खुशियां मनाने, अपनों को उपहार देने और खरीदारी करने का होता है। इस दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों पर आकर्षक छूट, सीमित समय के लिए खास ऑफर और कैशबैक जैसी सुविधाएं मिलती हैं। त्योहारों की इस भागदौड़ में कई बार लोग ऐसे ऑफर का फायदा उठाने के लिए बिना सोचे-समझे फैसला कर लेते हैं। साइबर ठग लोगों के इस व्यवहार को अच्छी तरह समझते हैं और चालाकी के जरिए इसका फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसाते हैं।। तकनीक के साथ ठगी के तरीके भी बदल रहे हैं। ऐसे में थोड़ी जागरूकता और कुछ जरूरी सावधानियां बरतकर लोग त्योहारों के दौरान सुरक्षित और बिना किसी परेशानी के डिजिटल पेमेंट कर सकते हैं।

प्रथम पृष्ठ के शेष

बीएचयू..

थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र बम निरोधक दस्ता और क्यूआरटी टीम के साथ नगर निगम कार्यालय पहुंचे और परिसर को खाली कराया गया। घंटों चली सघन चेकिंग में परिसर में कोई आपत्तिजनक लावारिस वस्तु नहीं मिली। इस दौरान भारी दहशत का माहौल बना रहा। चेकिंग के बाद नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। आतंकवादियों ने एक धमकी भरा ई-मेल बीएचयू प्रशासन को भी मिला। जिससे बीएचयू प्रशासन में हड़कम्प मच गया लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर डीसीपी (काशी) गौरव बंशवाल सहित एक दर्जन थानों के थाना प्रभारी बम निरोधक टीम के साथ पहुंचे और बीएचयू रजिस्टार कुलपति आवास और सर सुन्दरलाल चिकित्सालय परिसर की सघन चेकिंग शुरू की गयी। ढाई घंटे से अधिक चली सघन चेकिंग में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। इस दौरान बीएचयू में अफरा-तफरी का माहौल पूरे दिन बना रहा।

ड्रक हादसे...

चालक संतुलन को दिया और सड़क किनारे लगे डिवाइडर से बाइक टकरा गयी मृतकों में अभिमन्यु उर्फ मनु 15 वर्ष उनके छोटे भाई अनीश कुमार 12 वर्ष और गौतम कुमार की मौत हो गई। जबकि अमित कुमार और रवि कुमार दो दो दोस्त बुरी तरह घायल हो गए ।जिन्हें अस्पताल में दाखिल किया गया है।

केन्द्रने...

ऊर्जा भंडारण योजना वित्तीय वर्ष 2027 से वित्तीय वर्ष 2031 के बीच लागू होगी। यह भारत के 2030 तक 500 जी डब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी। यह विकास भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।इस योजना का उद्देश्य तीन प्रौद्योगिकियों में 92 जीडब्ल्यूएच भंडारण क्षमता का विकास करना है। इनमें बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (30 जीडब्ल्यूएच) शामिल है। पंप भंडारण परियोजनाएं (60 जीडब्ल्यूएच) भी इस योजना का हिस्सा हैं। उभरती भंडारण प्रौद्योगिकियां (2 जीडब्ल्यूएच) भी विकसित की जाएंगी। यह योजना पांच वर्षों तक यानी 2030-31 तक कार्यान्वित की जाएगी। व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण से इन परियोजनाओं को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने में मदद मिलेगी। सरकार ने लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए 2,814 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। यह योजना देश में महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगी। इन खनिजों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में होता है। यह निर्णय भारत को इन रणनीतिक संसाधनों के लिए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है।

राज्यविधान...

समितियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। सम्मेलन में 27 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संसद की लोक लेखा समिति के सभापति केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सार्वजनिक धन के इस्तेमाल की प्रक्रिया जटिल होने के कारण लोक लेखा समितियों को अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव करना होगा। उन्होंने सरकारी योजनाओं की समयबद्ध लेखापरीक्षा, रिपोर्टों पर सदन में चर्चा और मंत्रालयों से समय पर जवाब मिलने की जरूरत बताई। उन्होंने केंद्र और राज्य की लोक लेखा समितियों की साल में कम से कम एक संयुक्त बैठक तथा लेखापरीक्षा संबंधी कार्रवाई की निगरानी के लिए डिजिटल डैशबोर्ड बनाने का सुझाव भी दिया। सम्मेलन में वित्तीय निगरानी, जवाबदेही, तकनीकी नवाचार और लोक लेखा समितियों की संस्थागत क्षमता मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।

राहुल गांधी...

पुनरीक्षण की कार्यवाही हुई। कांग्रेस के समय मतदाता सूची का पुनरीक्षण होता था तो वे इसका समर्थन करते थे। और, आज बांग्लादेशी घुसपैठियों, पाकिस्तानियों या मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए निर्वाचन आयोग विशेष कार्यक्रम चलाता है, तो वे हाय-तौबा मचा कर देश के अंदर अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। दिल्ली में सपा प्रमुख के बयान 'अगली पीढ़ी हर लाठी और हर जख्म का बदला लेगी' पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के बबुआ को थोड़ा समझना चाहिए कि लोकतंत्र में बदला नहीं होता, बल्कि जनता बदलाव करती है। 2014 में देश और 2017 में प्रदेश में बदलाव जनता जनार्दन के बल पर हुआ था। वर्ष 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में सपा-कांग्रेस को मिली कुल सीटों से अधिक 255 सीटें अकेले भाजपा ने वर्ष 2022 में जीती थीं। जनता ही तय करती है कि किसे सत्ता सौंपनी है।मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की राजनीतिक लॉन्चिंग पर तंज कसते हुए कहा कि दीपावली पर कुछ रॉकेट ऐसे होते हैं, जिन्हें जलाने के बाद लोग आसमान की ओर देखते रह जाते हैं, लेकिन रॉकेट वहीं धुआं छोड़कर बुझ जाता है। राहुल गांधी की भी यही स्थिति हो चुकी है। कांग्रेस ने वर्ष 2004 में सांसद, 2007 में महासचिव, 2013 में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और 2017 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर राहुल गांधी को लॉन्च किया। इसके बाद 2019 में वह अमेठी से चुनाव हार गए। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा और अधिकार यात्रा से भी स्थिति नहीं बदली। राहुल गांधी 56 वर्ष के हो गए हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए अब भी युवा हैं। अब यह युवा कभी लॉन्च नहीं होने वाला।सीएम योगी ने राहुल गांधी व अखिलेश यादव की जोड़ी की तुलना बार-बार परीक्षा में असफल होने वाले छात्र से की। कहा कि ऐसा छात्र कभी कॉपी गायब होने, कभी प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम से बाहर आने और कभी पेन की स्याही समाप्त होने का बहाना बनाता है। अपनी असफलता स्वीकार नहीं करता।

पंजाब : आप...

विधायक अमनदीप कौर अरोड़ा, उनके पति डॉ. राकेश अरोड़ा, परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़े अन्य लोगों के परिसर शामिल हैं। ईडी की टीम डा राकेश अरोड़ा से जुड़े नशा मुक्ति अस्पताल में भी तलाशी लेने पहुंची।ईडी चंडीगढ़ की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, यह मामला नेशनल हाईवे नंबर 754ए के निर्माण के लिए अधिग्रहीत की गई सरकारी जमीन से संबंधित है। आरोप है कि जमीन के राजस्व रिकार्ड में कथित तौर पर फर्जी इंतकाल दर्ज करवाकर मुआवजे की राशि गलत तरीके से हासिल की गई। इसी मामले में सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और सरकारी संपत्तियों के कथित धोखाधड़ीपूर्ण अधिग्रहण की जांच की जा रही है। इस मामले में पंजाब पुलिस की ओर से 16 जून 2024 को एफआइआर नंबर 101 दर्ज की गई थी।

अमूलने...

थी। पांच लीटर का टिन 3,275 से घटकर रु 3,075 हो गया था। बटर के 100 ग्राम पैक की कीमत 62 से घटकर 58 हो गई थी। 500 ग्राम पैक 305 से घटकर 285 का हुआ था। गुजरात में अमूल काउ घी की कमी दाम बढ़ने के साथ लोगों को अमूल के कुछ डेयरी प्रोडक्ट्स मिलने में भी दिक्कत हो रही है। वडोदरा और अहमदाबाद के दुकानदारों ने बताया कि घी का स्टॉक कम चल रहा है। गणेश उत्सव के बाद मांग बढ़ने से काउ घी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। मंगलवार को अहमदाबाद के सैटेलाइट इलाके के एक डी-मार्ट आउटलेट में अमूल घी और बटर का स्टॉक नहीं था। यह दिक्कत सिर्फ गुजरात तक सीमित नहीं है। जुलाई और सितंबर में पुणे और कोलकाता में भी सप्लाई रुकने की शिकायतें सामने आई थीं। नकली घी पर कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की मांग बढ़ीअमूल से जुड़े एक कोऑपरेटिव लीडर ने बताया कि गुजरात और राजस्थान में नकली घी के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई की वजह से ब्रांडेड घी की मांग अचानक बहुत बढ़ गई है। पिछले 6 महीनों के दौरान दोनों राज्यों के अलग-अलग इलाकों से करीब 2 लाख किलो नकली घी जब्त किया गया है। नकली घी पर हुई इस कार्रवाई के बाद लोगों का भरोसा अमूल जैसे ब्रांड्स पर बढ़ा है और उन्होंने ब्रांडेड घी खरीदना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि सालभर में कुल जितना घी बिकता है, उसका लगभग 45त्न हिस्सा अकेले त्यौहारों के सीजन में ही इस्तेमाल होता है। यही वजह है कि अचानक मांग बढ़ने से सप्लाई पर और ज्यादा दबाव बन गया है।

दो से..

वृद्धि को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनाए गए इन कानूनों का औचित्य अब समाप्त होता दिखाई दे रहा है। अदालत ने आगाह किया कि घटती प्रजनन दर के कारण भविष्य में आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी बढ़ने और कामकाजी आयु वर्ग की आबादी कम होने की चुनौती सामने आ सकती है। पीठ ने 2003 के %जावेद बनाम हरियाणा राज्य% मामले में दिए गए फैसले को बड़ी पीठ के पास भेज दिया है। उस फैसले में तीन से अधिक नहीं, बल्कि दो से अधिक जीवित बच्चे होने पर पंचायत चुनाव लड़ने से रोकने वाले हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के प्रावधान को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया गया था। अदालत ने कहा कि ऐसे प्रतिबंधों के कारण नागरिकों का एक पूरा वर्ग राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित हो सकता है, जबकि बच्चों की संख्या का किसी व्यक्ति की सार्वजनिक पद संभालने की क्षमता से सीधा संबंध नहीं है। इसी मामले में पीठ ने महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम, 1959 के तहत तीसरे बच्चे के जन्म के कारण काकोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव को अयोग्य ठहराने का फैसला भी रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि बदलती जनसांख्यिकीय परिस्थितियों में दो बच्चों की अनिवार्यता वाले कानूनों की नए सिरे से समीक्षा जरूरी है।

नशेमें रहने...

मुख्यमंत्री भगवंत मान पर सीधा प्रहार करते हुए राहुल गांधी ने लोकसभा के दिनों का एक संस्मरण साझा किया। उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री खुद हर शाम नशे की गिरफ्त में रहता हो, वह जनता को नशे से कैसे बचा सकता है। राहुल ने कहा कि नशा रोकने के लिए एक ऐसे नेता और मुख्यमंत्री की जरूरत है जिसके दिल में पंजाब का असली दर्द हो।राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती देते हुए सीधा मुकाबला करने और डिबेट की हुंकार भरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मोदी जी कहते हैं कि कांग्रेसी देशद्रोही हैं, तो मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह कहीं भी, किसी भी मंच या एनडीटीवी के स्टूडियो में मेरे सामने आकर बैठ जाएं। जिसे चाहें जज बना लें, मेज के एक तरफ वह बैठें और दूसरी तरफ मैं बैठूंगा। राहुल गांधी ने दावा किया कि मोदी मेरे सामने टिक नहीं सकते और मैं महज पांच मिनट में साबित कर दूंगा कि असलियत क्या है। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब की भगवंत मान सरकार और केंद्र पर भी तीखे हमले किए। प्रधानमंत्री को ललकारने के साथ ही राहुल गांधी ने पंजाब की मौजूदा %आप% सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आज पंजाब की सरकार रिमोट कंट्रोल से दिल्ली से चलाई जा रही है। जब पंजाब का मुख्यमंत्री यहां की कमान संभालता है, तो फिर सूबे की हुकूमत को दिल्ली या देश के गृह मंत्री के इशारों पर क्यों चलाया जाता है? राहुल गांधी ने पंजाब के किसानों और उद्योगपतियों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि पंजाब सिर्फ अपने राज्य का पेट नहीं भरता, बल्कि पूरे देश को अन्न खिलाता है और देश का भरण-पोषण करता है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पंजाब में खेलकूद, टेक्सटाइल और ऑटोमोबाइल जैसे लघु और मध्यम उद्योग भारी मात्रा में थे। उन्होंने दो टूक कहा कि इन दोनों सेक्टरों (किसानी और उद्योग) को बचाए बिना न तो नशे के नासूर को मिटाया जा सकता है और न ही गैंगस्टर्स के खिलाफ जंग जीती जा सकती है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही किसानों की रक्षा और उद्योगों को दोबारा पटरी पर लाने का माद्दा रखती है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज का दिन पंजाब के लिए शुभ ह। सभी कांग्रेसी नेता इकट्ठा हैं और भारी भीड़ ने साबित कर दिया है। एकता को क़ायम रखने की जरूरत है। राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया और सभी दलों को इकट्ठा किया। दिल्ली सरकार, वोट चोरी से बनी है। यदि पंजाब में चुनाव जीते तो पूरे देश में जीतेंगे, ये मेरा दावा है।

मधुनगर में दर्दनाक हादसा, बच्ची तीस मिनट तक पहिए में फंसी रही, स्कूटी से कोचिंग जा रही थी, चालक फरार, पुलिस तलाश में जुटी


9वीं की छात्रा को डंपर ने कुचला, मौत

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, घर में कोहराम

आगरा। थाना सदर क्षेत्र के मधुनगर में बुधवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। चौराहे के समीप गिट्टी से लदे डंपर ने स्कूटी से कोचिंग जा रही छात्रा को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि छात्रा स्कूटी सहित करीब तीस मिनट तक डंपर के पहिये में फंसी रही।

सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से भारी मशक्कत के बाद छात्रा और स्कूटी को बाहर निकाला, तब तक काफी देर हो चुकी थीं। घायल को एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पीटल ले जाया गया किन्तु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया, पुलिस चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह आठ बजे हुआ। सेवला निवासी रिया पुत्री उमेश रोज की भांति बुधवार की सुबह अपनी स्कूटी से कोचिंग जा रही थी कि इसी दौरान आरएमओ चौराहे के समीप पीछे से आ रहे हाईस्पीड डंपर चालक ने छात्रा को चपेट में ले लिया। चीखपुकार सुन आसपास के लोग मदद को दौडे। छात्रा स्कूटी सहित डंपर के पहिए में फंस। डंपर चालक मौके से फरार हो गया, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से छात्रा और स्कूटी को किसी तरह बाहर निकाला, घायल को एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पीटल ले जाया गया किन्तु डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने स्कूटी के कागजों के आधार पर शव की शिनाख्त कर परिजनों को हादसे की जानकारी दी तो घर में कोहराम मच गया।

शव पोस्टमार्टम को भेज दिया, पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से चालक की तलाश जारी है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। रिया 9 वीं की छात्रा थी, उसकी मौत की खबर मिलने पर घर में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए।



आवश्यकता है

आगरा में एम.जी. रोड सेंट जोन्स डिग्री कॉलेज क्रासिंग के पास एक अकाउंटेंट की फुल टाइम और पार्ट टाइम करना चाहे तो संपर्क करें - 9412253502

धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ आगरा कोर्ट में मानहानि का केस दायर



आगरा। कथावायन के दौरान भगवान श्री कृष्ण को लेकर की गई कथित टिप्पणी का मामला अब अदालत में जा पहुंचा है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ यहां सिविल कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया गया है। यह मुकदमा अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने दायर किया है। उनका आरोप है कि धीरेन्द्र शास्त्री की सार्वजनिक टिप्पणी से न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि भगवान श्री कृष्ण के वंशजों की सामाजिक प्रतिष्ठा को भारी ठेस पहुंची है, इससे वह आहत हैं, इसी आधार पर उन्होंने इसे आपराधिक मानहानि का मामला बताते हुए न्यायालय से कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। अदालत ने फिलहाल केस रजिस्टर्ड कर लिया है। मामले की सुनवाई आगामी 14 दिसबर को होनी है। सुनवाई में अदालत वादी पक्ष के कथनों और दस्तावेजों पर विचार करेगी, इसके बाद यह तय होगा कि मामले में आरोपी को समन जारी किया जाये अथवा नहीं। अब सभी की नजर 14 दिसबंर की सुनवाई पर है।

25 साल बाद भी आगरा के वकीलों को नहीं मिला न्याय

डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी, रिपोर्ट को सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया, दोषी अधिकारियों के खिलाफ आज तक कार्यवाही नहीं हुई, आखिर क्यों? इन सभी के जबाव मिलना अभी बाकी है, पुलिस के बर्बर लाठी चार्ज में दर्जनों अधिवक्ताओं के सिर फूटे थे

आगरा। जनपद न्यायालय दीवानी परिसर में वकीलों पर 26 सितंबर 2001 को हुए बर्बर लाठी चार्ज के 24 साल बाद फाइलें फिर से खुली हैं। अधिवक्ता नरेश कुमार पारस की आरटीआई पर डीजीपी मुख्यालय से आगरा पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजा गया हैं और रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये हैं, इस पर सूचना संग्रह के लिए आयुक्त कार्यालय से एसीपी कोतवाली को नामित किया गया है। नरेश पारस ने बताया कि उन्होंने विगत 11 सितंबर को गृह विभाग से जस्टिस गिरधर मालवीय आयोग की रिपोर्ट, दोषी अधिकारियों की नामवार सूची, विधानसभा में रिपोर्ट रखे जाने का रिकॉर्ड और दोषियों के खिलाफ विभागीय एवं न्यायिक कार्रवाई की वर्तमान स्थिती मांगी थी। गृह विभाग ने 21 सितंबर को आवेदन डीजीपी कार्यालय भेजा था। सूचना न मिलने पर 21 अक्तूबर को प्रथम अपील हुई, इसके बाद 17 अक्तूबर को डीजीपी कार्यालय से आगरा आयुक्त को पत्र भेजा। घटना आगरा में हुई थी, इसलिए स्थानीय पुलिस के पास तत्कालीन रिपोर्ट, ड्यूटी तैनाती रिकॉर्ड, पत्राचार और विभागीय जांच की फाइलें उपलब्ध हो सकती हैं, इनसे यह जानकारी मिल सकेगी कि घटना के बाद स्थानीय स्तर पर क्या कार्यवाही हुई और शासन को क्या रिपोर्ट भेजी गई। आयोग ने तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर प्रतिकूल निष्कर्ष एवं कार्यवाही की संस्तुति की थी, लेकिन उस पर क्या कार्यवाही हुई, इसका आधिकारिक विवरण अब तक सामने नहीं आया है। आगरा के वकील हर वर्ष 26 सितंबर को काला दिवस मनाते हैं। अब सवाल वही है! रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं हुई? दोषियों पर क्या कार्यवाही हुई और 25 साल बाद भी आरटीआई अपील क्यों करनी पड रही है? फिलहाल इन सभी के जबाव मिलना बाकी है, अब देखना होगा रिपोर्ट लखनऊ पहुंचने पर डीजीपी क्या एक्शन लेते हैं।

लाखों रुपये के गहने पार करने वाली शातिर महिला को पुलिस ने ग्वालियर से किया गिरफ्तार

कमिश्नरेट पुलिस ने दो सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले, तीस लाख के जेबर बरामद, कर्ज उतारने को अपराध की दुनियां में कूदी

आगरा। थाना सदर क्षेत्र के सुल्तानपुरा स्थित ज्वैलर्स के यहां से सोने के गहनों का डिब्बा लेकर फरार हुई शातिर महिला को आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया है, उसके कब्जे से पुलिस ने तीस लाख रुपये के गहने बरामद किये है। पुलिस ने बताया कि शातिर महिला अलग-अलग शहरों में ज्वैलर्स की दुकानों को निशाना बनाती थी। पूछताछ के दौरान चोरनी ने कई चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान चोरनी ने बताया कि बहू के इलाज के लिए सात लाख रुपये का कर्ज लिया था। यही कर्ज उसे अपराध की दुनियां में ले आया। कर्ज चुकाने को उसने चोरी का रास्ता अपनाया। शुरूआत में मजबूरी में की गई चोरी उसकी आदत बन गई। कर्ज पूरा चुकाने के बाद भी उसके हाथों से चोरी नहीं छूटी और वह अलग-अलग शहरों में ज्वैलर्स की दुकानों को निशाना बनाती रही। विगत 31 अक्तूबर को थाना सदर क्षेत्र के सुल्तानपुरा स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान पर महिला कस्टमर बन कर पहुंची थी। उसने दुकान पर सामान्य कस्टमर की भांति व्यवहार किया जिससे दुकानदार उस पर कोई शक न कर सके। इसी दौरान उसने मौका मिलते ही सोने की चूडियों के पांच सेट पार कर दिए और भीड का फायदा उठाते हुए दुकान से खिसक ली। महिला के जाने के बाद सर्राफ को डिब्बा नजर नहीं आया, उन्होंने इधर उधर डिब्बे को ढूंढा लेकिन नहीं मिला, जिसमें सोने की चूडियों के पांच सेट थे, चोरी की वारदात होने पर सर्राफ के होश उड गए, कर्मचारियों में हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीडित सर्राफ की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। दुकान पर पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, फुटैज में शातिर महिला डिब्बा लिये दुकान से बाहर जाती नजर आ रही है। आगरा कमिश्नरेट पुलिस फुटैज के आधार शातिर चोरनी की तलाश में करीब दो सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले, पुलिस को फुटैज के आधार पर इस बात की पुख्ता जानकारी मिली गहनों को लेकर शातिर ग्वालियर की ओर भागी है। पुलिस ने सर्राफ की दुकान से लेकर सडक, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन सहित जिस रास्ते से वह गुजरी वहां के सीसीटीवी कैमरों को बारीकी से खंगाला। फुटैज को जोड कर पुलिस ने चोरनी के भागने का रास्ता तलाश कर लिया। जांच की एक-एक कडी को जोडते हुए आगरा कमिश्नरेट पुलिस ग्वालियर तक जा पहुंची और वहां की स्थानीय पुलिस की मदद से चोरनी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से जेबर से भरा डिब्बा बरामद कर लिया, जिसकी कीमत तीस लाख रूप्ये बताई गयी है। पुलिस ने आधार कार्ड एवं 270 रुपये की नगदी बरामद की है। थाना सदर पुलिस के इस खुलासे पर पुलिस प्रशासन ने 52 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की हे। पुलिस अब इस बात की जानकारी जुटा रही है कि शातिर चोरनी ने अब तक कितने सर्राफ को अपना निशाना बनाया है। पूछताछ के दौरान चोरनी ने अपराध की दुनिया में वह कैसे आई, पुलिस को पूरी कहानी सुनाई।

एडीए प्रवर्तन दल ने तीन अवैध मकान सील किये



आगरा। एडीए प्रवर्तन दल ने बुधवार को कार्यवाही करते हुए तीन अवैध मकानों को सील कर दिया। बताया गया है कि ताजगंज वार्ड संख्या-2 में कलाल खेरिया के समीप अनिल कुमार का मकान सील कर दिया, जिसे बगैर नक्शा पास कराये निर्माण करा लिया। शहीद नगर में बगैर नक्शे के बनाये गए मकान को सील कर दिया। इसी वार्ड में लालू के मकान को सील कर दिया, इसे भी बगैर नक्शा पास कराये निर्माण करा लिया इसके अलावा एक अन्य ने भी भूखण्ड पर मकान का निर्माण करा लिया। प्रवर्तन दल अधिकारी ने बताया कि निर्माण से पूर्व नियमानुसार भवन का नक्शा पास कराना अनिवार्य है वरना भवन को अवैध घोषित कर सीलिंग की कार्यवाही की जायेगी। प्रवर्तन दल हर रोज महानगर में कहीं न कहीं अवैध भवनों के खिलाफ कार्यवाही में जटा है।

जाम से निजात दिलाने की कवायद तेज

डीसीपी ट्रैफिक ने सिकंदरा तिराहे का किया निरीक्षण



आगरा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए आगरा यातायात पुलिस ने कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद ने सुगम यातायात योजना के तहत सिकंदरा तिराहे का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौराहे पर यातायात संचालन की स्थिति का जायजा लेते हुए जाम की समस्या के प्रमुख कारणों को परखा। निरीक्षण के दौरान अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा एवं ऑटो के संचालन और चौराहे पर वाहनों की आवाजाही का बारीकी से अवलोकन किया गया। इसके साथ ही यातायात में बाधा बनने वाले चिन्हित चोक पॉइंट्स का निरीक्षण कर जाम की स्थिति का आकलन किया गया। डीसीपी ट्रैफिक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात अवरोधों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को अनावश्यक जाम से राहत मिल सके। उन्होंने अधिकतम यात्रा समय को कम करने पर विशेष जोर देते हुए अवैध पार्किंग पर नियंत्रण, ई-रिक्शा एवं ऑटो के व्यवस्थित संचालन और चौराहे पर यातायात के बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर यातायात अवरोधों को चिह्नित कर उन्हें दूर करना है, ताकि शहरवासियों को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इस योजना के तहत जाम के कारणों का समाधान कर लोगों के आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

लोहामण्डी पुलिस ने चोर को दबोचा



आगरा। थाना लोहामण्डी पुलिस ने एक चोर को दबोच लिया, जिसके कब्जे से तीन सीलिंग फेन, स्टेबलाइजर सहित बिजली के अन्य उपकरण बरामद किये हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज बाबू ने बताया कि चेकिंग सूचना मिली थी कि मालवीय कुंज में हुई चोरी का संदिग्ध माल सहित ज्वाला देवी मंदिर के समीप झाडियों में छिपा है। पुष्ट सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लिया, उससे पूछताछ की गई जो कि शातिर चोर निकला, जिसकी पहचान रोहित पुत्र प्रवेश निवासी कारवान गली लोहामण्डी के रूप में हुई है। पुलिस ने शातिर के कब्जे से तीन सीलिंग फेन, एक स्टेवलाइजर सहित बिजली के अन्य उपकरण बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान शातिर ने अन्य चोरियों का खुलासा किया है, मालवीय कुंज में शातिर ने चोरी की थी, जिसका का खुलासा पुलिस ने कर दिया।

सबूतों के अभाव में चोरी के आरोपी बरी

आगरा। अदालत ने 19 साल पुराने वाहन चोरी और फजीर्वाडे के एक मामले में पुलिस जांच की कमियों को उजागर करते हुए दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रगति सिंह की अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमे के अनुसार, 14 अप्रैल 2007 की रात गश्त के दौरान पुलिस और एसओजी की टीम ने धूलियागंज चौराहे के पास एक टाटा 709 गाड़ी को पकड़ा था। पुलिस का दावा था कि इस गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। मौके से कुलदीप (चालक), मुकेश और विनोद को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, मुकेश से एक तमंचा बरामद हुआ था। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर राजामंडी स्टेशन से एक बैग भी बरामद किया गया, जिसमें 90 हजार रुपये नकद थे। पुलिस का आरोप था कि यह रकम एक चोरी की स्कार्पियो बेचकर हासिल की गई थी। (इस मामले में दो अन्य आरोपियों कुलदीप और विनोद की फाइल न्यायालय द्वारा 2019 में ही अलग कर दी गई थी)। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस की कहानी में कई बड़ी खामियां सामने आई। अदालत ने अपनी टिप्पणी में पाया कि पुलिस ने जिस टाटा 709 और स्कार्पियो को चोरी का बताया था, उनकी चोरी की कोई भी प्रथम सूचना रिपोर्ट पत्रावली में दाखिल ही नहीं की गई। दूसरा जांच अधिकारी ने पकड़ी गई गाड़ी के असली नंबर या उसके असली मालिक का पता लगाने का कोई प्रयास नहीं किया। सार्वजनिक स्थान (धूलियागंज चौराहे) पर गिरफ्तारी और राजामंडी स्टेशन से 90 हजार रुपये की बरामदगी के दौरान पुलिस ने किसी भी स्वतंत्र (पब्लिक) व्यक्ति को गवाह नहीं बनाया। आरोपियों ने अपने बयान में राजेश चैधरी नामक व्यक्ति को गाड़ियां बेचने की बात कही थी, लेकिन पुलिस ने न तो उससे कोई पूछताछ की और न ही उसे मामले में वांछित किया। बचाव पक्ष की ओर से पेश किए गए गवाह ने अदालत में बताया कि घटना की रात आरोपी समीम उर्फ वकील अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में मौजूद था। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के सुब्रमण्यम बनाम कर्नाटक राज्य सहित अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि केवल पुलिस हिरासत में दिए गए बयानों के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि स्वतंत्र साक्ष्यों से उसकी पुष्टि न हो। इन तमाम तथ्यों और सबूतों के अभाव को देखते हुए अदालत ने आरोपी मुकेश और समीम उर्फ वकील को धोखाधड़ी और जाली दस्तावेजों के इस्तेमाल सहित सभी आरोपों से बरी कर दिया।

जिला कारागार में दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम

फतेहपुर सीकरी। सूर्या प्रशिक्षण एवं पुनर्वास संस्थान फतेहपुर सीकरी द्वारा जिला कारागार, में दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कारागार में दिव्यांगजनों को दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों, उनके अधिकारों, पुनर्वास सेवाओं एवं सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, न्यय कार्ड, सरकारी योजनाओं तथा दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के महत्व पर जानकारी दी गई साथ ही, दिव्यांगजनों के प्रति सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार और उनके सामाजिक समावेशन पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला कारागार के जेलर राजेंद्र राय, संदीप, मनोज शुक्ला, एम.एम. खान, सुश्री ज्ञानदेवी, सूर्या प्रशिक्षण एवं पुनर्वास संस्थान के निदेशक संतोष मौर्या, विष्णु प्रजापति, सुश्री प्रिया श्रीवास्तव, सुश्री रुचि राजपूत आदि मौजूद थी।

अंगदान महादान दूसरों को जीवन देते हैं

आगरा। किसी अपने को खोने का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, लेकिन इसी दुख की घड़ी में लिया गया एक फैसला किसी दूसरे परिवार के जीवन में खुशियां लौटा सकता है। अंगदान ऐसा ही एक महान कार्य है, जिसके माध्यम से मृत्यु के बाद भी किसी व्यक्ति के अंग दूसरे जरूरतमंद लोगों को नया जीवन दे सकते हैं। इसी मानवीय सोच और सेवा भावना को सम्मान देने के उद्देश्य से 2030 का भारत द्वारा 28 नवंबर को जीवनदाता परिवार सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। 2030 का भारत के संस्थापक डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, हमारे समाज में किसी अपने को खोने का दर्द बहुत गहरा होता है। लेकिन ऐसे परिवार, जो अपने प्रियजन के जाने के बाद भी किसी दूसरे की जिंदगी बचाने का फैसला लेते हैं, वे वास्तव में मानवता की सबसे बड़ी मिसाल पेश करते हैं।

वारंटी को पुलिस ने जेल भेजा

फतेहपुर सीकरी। थाना क्षेत्र सीकरी के अंतर्गत अवैध शराब में वांछित चल रहे वारंटी को फतेहपुर सीकरी पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। कस्बा प्रभारी शुभम चैधरी ने बताया कि कई माह से कोर्ट मैं हाजिर नहीं होने पर परमान उर्फ परमार सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी सामरा को जेल भेजा है

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९६५
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१

ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अफजल खान, निवासीः** 230 7/3, शीतल खान रोड, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश–283203 ने मुकदमा **CC No. 2302/18 U/s 138 NI Act, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अफजल खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अफजल खान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CC No. 2302/18 U/s 138 NI Act, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अफजल खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंगल

DP/15841/WD/2026 (Court Matter)
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–04 (पश्चिम)
कमरा नं. 04, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

विद्यालयों में कायाकल्प के कार्य 15 नवंबर तक पूरे कराने के निर्देश

लापरवाही पर डीपीआरओ को कारण बताओ नोटिस, दो अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि



मैनपुरी। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने पंचायती राज और ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश दिए। सचिव प्रीति यादव के लंबे समय से अवकाश पर रहने के बावजूद उनके क्लस्टर में किसी अन्य सचिव को चार्ज न दिए जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। समीक्षा में अपने क्षेत्र के विद्यालयों की सही जानकारी न देने पर खंड शिक्षाधिकारी जागीर सुनील दुबे और सहायक पंचायत अधिकारी अनिल मिश्रा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। बैठक से अनुपस्थित सचिव अमित कुमार और विनय कुमार का वेतन रोकने को भी कहा। डीएम ने ग्राम पंचायत अधिकारियों और सचिवों को अपने क्षेत्र के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों का भ्रमण कर ऑपरेशन कायाकल्प के तहत संतृप्तीकरण की स्थिति जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को कायाकल्प के 19 बिंदुओं से शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाए। जिन विद्यालयों में बाउंड्री-वॉल नहीं है, वहां वीबी-जी राम जी, क्षेत्र पंचायत या ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर निर्माण कराया जाए। विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय और रनिंग वाटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खंड विकास अधिकारियों को वीबी-जी राम जी योजना में विद्यालयों के कायाकल्प संबंधी कार्य शामिल करने, किचन सेट, मध्यान्ह भोजन सेट और अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का प्रावधान करने तथा तत्काल आईडी जनरेट कर कार्य शुरू कराने को कहा गया। डीएम ने आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन को देखते हुए मतदान केंद्र और मतदेय स्थल बनाए गए विद्यालयों में रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दिए। मतदान वाले कक्षों में सीलन या दरार जैसी कमियां 15 नवंबर तक ठीक कराने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 नवंबर के बाद सत्यापन में विद्यालय असंतृप्त पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षाधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

त्योहारों को लेकर किशनी में पुलिस की पैदल गश्त



मैनपुरी। आगामी त्योहारों के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने थाना किशनी क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई। एएसपी नगर ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने को कहा।

'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत 12 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी



मैनपुरी। 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त श्वेता सैनी के नेतृत्व में छह सचल टीमों ने 12 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। विभाग की ओर से तीन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई शुरू की गई है। सचल टीमों की लगातार कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

खेत में खूंटा गाड़ने के विवाद में महिला से अभद्रता का आरोप

बेवर, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के बहदीनपुर गांव में खेत में खूंटा गाड़कर जानवर बांधने को लेकर विवाद हो गया। महिला ने कुछ लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना बेवर में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिखा पत्नी रामकुमार निवासी बहदीनपुर ने पुलिस को दिए पत्र में बताया कि 3 नवंबर को गौतम और अंशुल ने उनके खेत में खूंटा गाड़कर जानवर बांध दिए थे। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज की। आरोप है कि शाम करीब चार बजे दोनों उनके घर पहुंचे और फिर अभद्रता करने लगे। इसी दौरान अंशुल बांका लेकर मारने के लिए दौड़ा। महिला ने घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया तो आरोपियों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। पीड़िता के अनुसार, उनके चाचा ससुर रामनरेश ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने आरोप लगाया कि उसे और उसके पति को भी धमकाया गया। घटना के संबंध में उनके पति ने नवीगंज चौकी में भी प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़िता ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

खेत में खूंटा गाड़ने के विवाद में महिला से अभद्रता का आरोप

बेवर, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के बहदीनपुर गांव में खेत में खूंटा गाड़कर जानवर बांधने को लेकर विवाद हो गया। महिला ने कुछ लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना बेवर में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिखा पत्नी रामकुमार निवासी बहदीनपुर ने पुलिस को दिए पत्र में बताया कि 3 नवंबर को गौतम और अंशुल ने उनके खेत में खूंटा गाड़कर जानवर बांध दिए थे। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज की। आरोप है कि शाम करीब चार बजे दोनों उनके घर पहुंचे और फिर अभद्रता करने लगे। इसी दौरान अंशुल बांका लेकर मारने के लिए दौड़ा। महिला ने घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया तो आरोपियों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। पीड़िता के अनुसार, उनके चाचा ससुर रामनरेश ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने आरोप लगाया कि उसे और उसके पति को भी धमकाया गया। घटना के संबंध में उनके पति ने नवीगंज चौकी में भी प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़िता ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर 6 नवम्बर से शुरू होगा फ्री राशन का वितरण, अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मिलेगा लाभ

कासगंज। जिला पूर्ति अधिकारी जनपद कासगंज ने अवगत कराया है कि खाद्यान्न का वितरण दिनांक 06.11.2026 से 30.11.2026 के मध्य प्रातः 8 से 12 बजे तक तथा सॉय 2 से 6 बजे तक सम्पन्न होगा। उन्होंने यह भी बताया है कि जनपद के राशन कार्डधारकों को प्रति अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा० खाद्यान्न (21 किग्रा0 गेहूँ एवं 14 किग्रां० चावल) व पात्र गृहस्थी राशन काडीर्धारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा० खाद्यान्न (03 किग्रा० गेहूँ, एवं 2 किग्रां० चावल) का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न का वितरण नोडल अधिकारी की उपस्थिति में सुनिश्चित कराया जायेगा। उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्डधारक को ई-पॉश मशीन से प्रिन्ट वितरण पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें कार्डधारक को उपलब्ध करायी गयी मात्रा का विवरण एवं वस्तुओं का मूल्य शून्य अंकित होगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 30.11.2026 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्डधारकों से निर्धारित अवधि में अपनी उचित दर दुकान से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने की अपील की है। राशन वितरण में किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला पूर्ति अधिकारी, संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अथवा पूर्ति निरीक्षक से संपर्क कर शिकायत का समाधान कराया जा सकता है।

पडौस में हो रहे झगड़े को शांति करने पहुंचे एक व्यक्ति से की गाली गलौज मारपीट

हसायन। कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बा के मौहल्ला कोलियान में हो रहे झगड़े को शांत करने पहुंचे एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर व्यक्ति के परिवार वाले बचाने के लिए पहुंचे। तो उनके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में मामले में पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली में पहुंचकर पुलिस से शितायत करते हुए घटना की लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीडित राजपाल सिंह पुत्र राम सिंह निवासी कस्बा हसायन के मौहल्ला कोलियान खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि एक नवंबर दिन रविवार की शाम करीब सात बजे मेरे ही पड़ोस के मानपाल पुत्र रघुवीर सिंह से झगड़ा हो रहा था।

अपर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय सहकारी समितियों का किया निरीक्षण

कासगंज। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कासगंज ने जिला कृषि अधिकारी के साथ क्षेत्रीय सहकारी समिति सोरों एवं गोरहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समितियों पर उपलब्ध उर्वरकों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा स्टॉक एवं रेट बोर्ड के अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने समिति सचिव एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उर्वरक वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए तथा किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। समितियों पर उर्वरकों की उपलब्धता एवं बिक्री से संबंधित अभिलेख नियमित रूप से अद्यतन रखे जाएं तथा स्टॉक एवं रेट बोर्ड पर उपलब्ध उर्वरकों और निर्धारित बिक्री दरों का स्पष्ट अंकन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की टैगिंग अथवा अनावश्यक सामग्री की बिक्री न की जाए। अपर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय सहकारी समिति गोरहा के सचिव को डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय से उर्वरक मिल सके।

वाहन लूट के मामले में वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

कुरावली, मैनपुरी। थाना कुरावली क्षेत्र में वाहन लूट और चालक से मोबाइल फोन छीनने के मामले में वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, 26-27 अक्टूबर 2026 की रात औरैया से बुक कराई गई गाड़ी को कुरावली क्षेत्र में लूट लिया गया था। इस दौरान चालक का मोबाइल फोन भी छीन लिया गया था। मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक मैनपुरी ने पांच पुलिस टीमों का गठन किया था। पुलिस के मुताबिक, 3 नवंबर की रात कुरावली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक सफेद गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान आरोपी राजा उर्फ हनी उर्फ अभिमन्यु पुत्र रविंद्र निवासी ग्राम नगरिया यादवान, थाना भरथना, इटावा ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सम्मन

नोटिस वास्ते करार बाद अमूर तनकी तलवी ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5 ब अदालत न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय 2 जनपद आगरा।
प्रकीर्ण वाद नं.- 695/2026 अमन पुत्र श्री सुभाष निवासी-सी-18/1, कालिन्दी विहार काशीराम योजना पोस्ट यमुना ब्रिज, जिला आगरा, उम्र करीब 34 वर्ष। ... प्रार्थी/याची
बनाम
श्रीमती कामिनी उर्फ रागिनी पत्नी अमन पुत्री श्री अनिल कुमार निवासी-ग्राम निधौली कलां गगनपुरी, जिला एटा, उम्र करीब 29 वर्ष। ...प्रतिवादी
हरगाह ने वादी आपके नाम एक नालिश वावत 13 हिन्दू विवाह अधि. के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप व तारीख 07/11/2026 वक्त 10:00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकिफ वाकिफ किया गया हो और कुल मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हो या उसके साथ में कोई शख्स हो जो कि ऐसे सवालों का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करे जिन पर जवाब देही के इस्तदलाल पेश करना चाहते हो- आपको इत्तला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूरा में हाजिर न हो तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसिल होगी। सिख मेरे और मुहर अदालत में आज व तारीख 07/10/2026 ई जारी किया गया।
आज्ञा से
परिवार न्यायालय संख्या नं.-2
आगरा।

सम्मन

न्यायालयः उप जिलाधिकारी (राजस्व), जलेसर, जनपद - एटा (उ.प्र.) वाद संख्याः 9071 वर्ष 2026 धाराः 116, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 विषयः जोत के विभाजन (खेती की जमीन के बंटवारे) का वाद
राजवीर सिंह पुत्र स्व. श्री रन्धीर सिंह निवासीः उडेसर ... वादी
बनाम
1. जयपाल सिंह उर्फ जयदयाल सिंह (जैदान सिंह) पुत्र स्व. श्री महेंद्र सिंह निवासीः बैबलपुर पैडत 2. ग्राम पंचायत अवागढ़ देहात ...प्रतिवादी
सर्वसाधारण एवं उपरोक्त प्रतिवादी जयपाल सिंह उर्फ जयदयाल सिंह (जैदान सिंह) को इस विज्ञप्ति/गजट के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वादी राजवीर सिंह द्वारा मौजा अवागढ़ देहात परगना व तहसीलः जलेसर, जिलाः एटा में स्थित कृषि भूमि गाटा संख्या/खसरा नंबर 1938 कुल रकबा (क्षेत्रफल): 0.725000 हे., का खतौनी के अनुसार अपने हिस्से का कुर्रा (बंटवारा) कराने हेतु धारा 116 के अंतर्गत एक वाद प्रस्तुत किया गया है। चूंकि प्रतिवादी जयपाल सिंह उर्फ जयदयाल सिंह (जैदान सिंह) की साधारण माध्यम से तामीली पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रही है, अतः न्यायालय के आदेशानुसार यह नोटिस समाचार पत्र में प्रकाशित किया जा रहा है। अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दिनांकः 18/11/2026 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय उप जिलाधिकारी, जलेसर में उपस्थित होकर अपना आपत्ति/जवाब दाखिल करें। नियत तिथि पर उपस्थित न होने की दशा में आपके विरुद्ध एकतरफा (Ex-Parte) सुनवाई व आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
न्यायालय
उप जिलाधिकारी जलेसर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur - 208024)
Ref.No.:CSJMU/Purchase/104/2026 Date : 04.11.2026
जेम-निविदा सूचना
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा Deployment, Operation, Maintenance and Management of One Smart Bus-based Primary Healthcare Unit हेतु GeM Bid No. GEM/2026/B/8222183 दिनांक 02.11.2026 को जेम पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। उक्त निविदा की अंतिम तिथि 12.11.2026 सायं 05:00 बजे तक है। विस्तृत निविदा दस्तावेज, शर्तें एवं संशोधन GeM Portal-https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध होंगे। **कुलसचिव**

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना संख्याः T-19-N-2026-27 दिनांकः 30.10.2026
ई-निविदा सूचना
वारिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E- Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।
कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः सीनियर डीईएन-II/आगरा के अधिकार क्षेत्र में नए टाइप-II (15 यूनिट) और टाइप-III (36 यूनिट) के निर्माण के लिए विद्युत कार्य।
कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 माह। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹9920636.86
पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways website **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** तक **दिनांक 27.11.2026** तक टेन्डर डाल सकते है। **2511/26 (A)**
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना संख्याः T-05-N-2026-27-Re-tender दिनांकः 30.10.2026
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन **(E-Tendering)** द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।
टेन्डर संख्याः T-05-N-2026-27-Re-tender **कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 20759161.00
कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः आगरा मंडलः- आगरा मंडल में सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था।
कार्य पूरा करने की अवधिः 24 माह
पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website **www.ireps.gov.in** देखें। टेन्डर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways Website **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** तक **दिनांक 26.11.2026** तक टेन्डर डाल सकते हैं। **2510/26(K)**
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

गोवर्धन पूजा, दीपावली एवं भैया दूज मेले के अवसर पर रेलगाड़ियों का मथुरा जंक्शन तक विस्तार
भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए आगामी गोवर्धन पूजा, दीपावली एवं भैया दूज मेले के अवसर पर दिनांक 08.11.2026 से 12.11.2026 तक निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मथुरा जंक्शन तक विस्तार का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-
1. गाड़ी संख्या 64625/11808 विशेष गाड़ी को **दिनांक 08.11.2026 से 12.11.2026** तक मथुरा जंक्शन स्टेशन तक विस्तार किया गया है। **गाड़ी संख्या 64625 - इटावा-आगरा छावनी मेमू** को मथुरा जंक्शन तक विस्तार किया जाएगा। **गाड़ी संख्या 11808 - आगरा छावनी - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी मेमू** को मथुरा जंक्शन स्टेशन से संचालित किया जाएगा।

आगरा कैंट - मथुरा जं. मेमू विशेष		मथुरा जं. - आगरा कैंट मेमू विशेष	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
10:00	10:35	आगरा छावनी	14:00	14:40
10:44	10:46	राजा की मण्डी	13:45	13:47
10:50	10:51	बिल्लोचपुरा	13:39	13:40
10:59	11:00	रुनकुता	13:30	13:31
11:08	11:09	कीथम	13:21	13:22
11:17	11:18	दीन दयाल धाम	13:12	13:13
11:24	11:25	फराह	13:05	13:06
11:33	11:34	बाद	12:56	12:57
12:15	------	मथुरा जंक्शन	------	12:45

2. गाड़ी संख्या 64623/11807 (आगरा छावनी-मैनपुरी)/(वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-आगरा छावनी) विशेष रेल गाड़ी का संचालन **दिनांक 08.11.2026 से 12.11.2026** तक किया जाएगा। **गाड़ी संख्या 11807 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-आगरा छावनी** मेमू को मथुरा जं. तक विस्तार किया जाएगा। **गाड़ी संख्या 64623 आगरा छावनी-मैनपुरी** मेमू को मथुरा जं. स्टेशन से संचालित किया जाएगा।

आगरा कैंट - मथुरा जं. मेमू विशेष		मथुरा जं. - आगरा कैंट मेमू विशेष	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
11:05	11:30	आगरा छावनी	15:30	16:10
11:39	11:41	राजा की मण्डी	15:18	15:20
11:45	11:46	बिल्लोचपुरा	14:59	15:00
11:54	11:55	रुनकुता	14:50	14:51
12:03	12:04	कीथम	14:41	14:42
12:12	12:13	दीन दयाल धाम	14:32	14:33
12:19	12:20	फराह	14:25	14:26
12:28	12:29	बाद	14:16	14:17
13:10	------	मथुरा जं.	------	14:05

नोटः- ट्रेनों की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या रेल Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।
उत्तर मध्य रेलवे
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2526/26(K)

आगरा विकास प्राधिकरण

सार्वजनिक विज्ञप्ति

श्री अम्बर तिवारी पुत्र श्री रामकेश तिवारी द्वारा भूखण्ड संख्या 14, शमशाबाद मार्ग गृह निर्माण समिति योजना शहीद नगर ताजगंज वार्ड तहसील व जिला आगरा के ओ.पी.डी. क्लीनिक/डिस्पेन्सरी के मानचित्र स्वीकृति हेतु ऑनलाइन मानचित्र पत्रावली संख्या-एडीए/बीपी/एमएस/26-27/17131 स्वीकृति हेतु ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत भूखण्ड संख्या-14, शमशाबाद मार्ग गृह निर्माण समिति योजना शहीद नगर ताजगंज वार्ड आगरा, आगरा विकास प्राधिकरण की विकसित कालोनी है। प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग आवासीय के अन्तर्गत है। प्रश्नगत स्थल 18.29 मी० चौड़े मार्ग पर स्थित है। प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग आवासीय के अन्तर्गत है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स, 2025 के प्रस्तर-15.3.2 के बिन्दु 5.6 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में शैया रहित चिकित्सा प्रतिष्ठान/डिस्पेन्सरी सशर्त 9.00 मी० चौड़े मार्ग पर अनुमन्य क्रिया के अन्तर्गत आता है। प्रश्नगत स्थल 18.29 मी० चौड़े मार्ग पर स्थित है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स, 2025 के प्रस्तर 15.1.2 के अन्तर्गत सम्पूर्ण विकास क्षेत्र में क्रियाओं की अनुमन्यता जोनिंग रेगुलेशन्स द्वारा शासित होगी। प्रस्तर-15.1.3 के बिन्दु सं.-IV के अनुसार मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग अनुमन्य किये जाने से पूर्व जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किये जाने का प्राविधान है। अतः यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था को उक्त प्रस्तावित ओ.पी.डी. क्लीनिक/डिस्पेन्सरी के मानचित्र पर कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव को आगरा विकास प्राधिकरण आगरा के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा।

आगरा नगर निगम

निविदा सूचना

संख्याः 250/D/CE/2026 दिनाँकः 04/11/2026

नगर निगम सीमान्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत/आईटम दरों के आधार पर निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा पद्धति से ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्यूल के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैं। अर्नेस्टमनी की धनराशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० के रूप में अधिशासी अभियन्ता के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि RTGS/NEFT/IMPS के माध्यम से HDFC BANK, Sanjay Place, Agra A/C Name NAGAR NIGAM AGRA EMD ACCOUNT A/c No. 50200085411520 IFSC Code HDFC0000121 में जमा कराते हुए धनराशि ट्रांसफर का यू०टी०आर० नम्बर आदि की स्कैन कॉपी निविदा के साथ वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा।

क्र.सं.	विवरण	प्रारम्भ दिनाँक एवं समय	अन्तिम दिनाँक एवं समय
1.	निविदा देखने/डाउनलोड/खरीदने की तिथि	07-11-2026, 12:00 PM	02-12-2026, 12:00 PM
2.	निविदा समाप्ति की तिथि एवं समय		02-12-2026, 12:00 PM
3.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	02-12-2026, 02:00 PM	

नोट :- कार्यों का विवरण एवं शर्तें नगर निगम, आगरा की वेबसाइट http://nagarnigamagra.com पर देखी जा सकती हैं।

प्र० मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, आगरा

कार्यालय नगर पंचायत कुसमरा जनपद मैनपुरी

पत्रांक 448/न0पं0कुस0/ई-नि0/2026-27 दिनांक 04.11.2026

-: ई-निविदा सूचना :-

समस्त पंजीकृत फार्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित आयोग/टाउन फण्ड/राज्य मिशन निदेशक, राज्य मिशन निदेशालय उ0प्र0 की स्वीकृति सं0-पी.एम.यू./1099/589/2025 दिनांक 13 मार्च 2026 के क्रम में नगर पंचायत कुसमरा जनपद मैनपुरी में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु टेण्डर शिड्यूल के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं धरोधर धनराशि कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा टाउन फण्ड खाता सं0 770210100013566 IFSC Code: BKID0007702 में जमा कर सकते है।

S.N.	Nagar Panchayat / ANN Stage	ठेकेदार/Vender Stage	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release		05/11/2026 11:00 A.M.	30/11/2026 04:00 P.M.
2		Tender Download	05/11/2026 11:00 A.M.	30/11/2026 04:00 P.M.
3		Bid Submission	05/11/2026 11:00 A.M.	30/11/2026 04:00 P.M.
4	Close for Bid			30/11/2026 04:00 P.M.
5	Bid Opening		01/12/2026 02:00 P.M.	

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुसमरा,
मैनपुरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत कुसमरा,
मैनपुरी

एक तहसील में केवल 50 पटाखा लाइसेंस होगे जारी-बिक्रेता हुये परेशान

पटाखा लाइसेंस को लेकर सदर विधायक से मिले परेशान दुकानदार



एटा। आतिश बाजी की बिक्री हेतु पूरी एक तहसील में केवल 50 लाइसेंस जारी होने की बात पर पटाखा बिक्रेता परेषान है। इसी क्रम मे एटा मे पटाखा बिक्री के लाइसेंस नहीं मिलने से परेशान दर्जनों दुकानदार बुधवार दोपहर सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के आवास पहुंचे। दुकानदारों ने विधायक को समस्या बताते हुए लाइसेंस जारी कराने की मांग की। उनका कहना था कि उन्होंने पटाखे खरीदने के लिए थोक कारोबारियों को एडवांस दे रखा है। लाइसेंस नहीं मिला तो उनका कारोबार प्रभावित होगा और उधार ली गई रकम चुकाना मुश्किल हो जाएगा। बताया जाता है कि दुकानदार कई वर्षों से पटाखों की दुकान लगाते आ रहे हैं। इस बार एसडीएम सदर ने शासन के निदेशों का हवाला देते हुए पूरी एक तहसील में केवल 50 लाइसेंस जारी करने की बात कही है। जबकि दुकान लगाने के इच्छुक करीब 400 लोग हैं। दुकानदारो ने बताया कि उन्होंने ब्याज पर रुपये लेकर पटाखों का एडवांस दिया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी सूचना के अनुसार एक से तीन नवंबर तक आवेदन लिए गए हैं। ध्यान रहे कि चार नवंबर को 50 से अधिक आवेदन मिलने पर तहसील सभागार में लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर हुई सार्थक परिचर्चा -युवाओं को दिया नशामुक्त भारत का संदेश





अलीगंज। अलीगंज के डी0ए0वी0 इंटर कालेज परिसर में एक कार्यक्रम मेरा भारत एटा के तत्वावधान में नेहरू युवा मंडल अलीगंज द्वारा पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति विषय पर विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0किशनवीर सिंह शाक्य प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख, ब्रज क्षेत्र एवं पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग उपस्थित रहे। डॉ0 भूपेंद्र सिंह शाक्य असिस्टेंट प्रोफेसर बलवंत विद्यापीठ रूरल इंस्टीट्यूट आगरा राजकुमार बैस अध्यक्ष डी.ए.वी. इंटर कॉलेज अलीगंज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन दयानंद श्रीवास्तव स्वीप कोऑर्डिनेटर एवं यूथ आइकॉन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रभावशाली वक्तव्य, संवाद शैली एवं सधे हुए संचालन से कार्यक्रम को रोचकए सुव्यवस्थित एवं उद्देश्यपूर्ण बनाया। इस अवसर पर सुरेंद्र पाल सिंहए सदस्य कार्यक्रम संयोजक एवं नेहरू युवा मंडल अलीगंज के अध्यक्ष कौशलेंद्र रतन शाक्य तथा संस्था के प्रधानाचार्य डॉ0 होम सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। परिचर्चा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती है। यह व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ.साथ परिवार की खुशहालीए सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक बनता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षाए खेलए कौशल विकास, रचनात्मक गतिविधियों एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगानी चाहिए। वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने मित्रों, परिवार और आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। स्वस्थ, शिक्षित, संस्कारित एवं नशामुक्त युवा ही सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में सिद्धार्थ शाक्य शैलजेश मिश्रा डॉ0 रोहित शाक्य विकास राजपूत सनी सक्सेना अजय लोधी रजनीश जी वरिष्ठ प्रवक्ता श्री कृष्ण कर्मवीर जी इंदु कुमार यादव उपदेश कुमार सिंह अर्चना सक्सेना नीलम राठौर श्रीमती नेमा यादव एवं सुश्री सिंघवी शाक्य स्पर्श शाक्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण एवं युवा उपस्थित रहे। पड़ोस युवा ससद- कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनहित के विषयों पर विचार.विमर्श की भावना विकसित करना तथा उन्हें सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए जागरूक एवं सक्रिय बनाना रहा। नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित इस परिचर्चा के माध्यम से युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सामाजिक चेतना युवा सहभागिता एवं नशामुक्त भारत के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

छत से गिरकर सिंचाई विभाग के अमीन की मौत

खाना खाने के बाद छत पर टहलते समय फिसला पैर



मृतक का फाइल फोटो।

एटा। कोतवाली देहात क्षेत्र में कासगंज रोड स्थित आईटीआई के पास मंगलवार की देर रात छत से गिरकर सिंचाई विभाग के अमीन की मौत हो गई। हादसे के समय वह खाना खाने के बाद छत पर टहल रहे थे। गंभीर हालत में परिजन उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार रामेश्वर दयाल के 40 वर्षीय पुत्र कौशल किशोर सिंचाई विभाग में अमीन के पद पर तैनात थे। उनके बहनोई रामसेवक ने बताया कि कौशल किशोर रोज की तरह खाना खाने के बाद छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़े। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन और आसपास के लोग उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सड़क हादसों में पिता-पुत्र समेत तीन घायल, दो की हालत गंभीर

एटा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है। पहली घटना बुधवार दोपहर करीब एक बजे कोतवाली नगर क्षेत्र में गौशाला के पास हुई। रिजोर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी बदन सिंह (60) अपने 14 वर्षीय बेटे ब्रजमोहन के साथ मंडी से धान बेचकर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बदन सिंह के पैर में फ्रैक्चर हो गया, जबकि बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में मिरहची निवासी प्रेमकिशोर साहू का 27 वर्षीय बेटा विक्रम बाइक से कासगंज जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विक्रम के शरीर में कई जगह फ्रैक्चर हो गए। उसे कासगंज जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार उसका इलाज सहगल नर्सिंग होम में चल रहा है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।

युवक का शव फंदे पर लटका मिला, भाई ने जताई हत्या की आशंका

अलीगंज कस्बे की काशीराम कॉलोनी का मामला



एटा/अलीगंज। अलीगंज कस्बे की काशीराम कॉलोनी में मंगलवार की देर रात एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस तब तक शव नीचे उतार लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एटा मोर्चरी भेज दिया। मृतक के बड़े भाई ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाए जाने की आशंका जताई है। मृतक की पहचान शमशाद के रूप में हुई है। बुधवार को पोस्टमार्टम गृह पहुंचे उसके बड़े भाई दिलशाद ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8:30 बजे भाभी ने फोन कर भाई की मौत की सूचना दी थी। दिलशाद का आरोप है कि करीब 15 दिन पहले ही हत्या की राजिश रची गई थी। उन्होंने आशंका जताई कि शमशाद की हत्या के बाद शव को फंदे पर लटकाया गया है। उधर, दरोगा पंकज मणि गौतम ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोहरे में वाहन चलाते समय बरतें विशेष सावधानी

एटा। घने कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। प्राधिकरण ने कहा कि कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। वाहन चालकों को हाई-बीम के बजाय लो-बीम हेडलाइट और फॉग लाइट का प्रयोग करने, गति नियंत्रित रखने तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। कम दृश्यता में ओवरटेक करने से बचें और निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं। विंडशील्ड साफ रखने के साथ जरूरत पड़ने पर वाइपर और डिफॉगर का इस्तेमाल करें। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट और दोपहिया वाहन पर हेलमेट जरूर लगाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं। अत्यधिक कोहरा होने पर सुरक्षित स्थान पर रुककर दृश्यता सामान्य होने का इंतजार करें।

दुकान का जंगला तोड़कर नकदी और सामान चोरी

एटा। जसरथपुर थाना क्षेत्र के सरौठ कस्बे के मुख्य बाजार में चोरों ने एक परचून की दुकान का जंगला तोड़कर नकदी और सामान चोरी कर लिया। चोर दुकान से पीतल की घंटी, दीपक, मूर्तियां और अन्य सामान के साथ गल्ले में रखे करीब 14 हजार रुपये ले गए। सरौठ पछाया निवासी लोकेन्द्र सिंह पुत्र कायम सिंह की मुख्य बाजार में गोगाजी पूजा भंडार के नाम से दुकान है। बुधवार सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे तो जंगला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर नकदी और सामान गायब मिला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

जनगणना प्रशिक्षण अभियान के अंतिम बेच का हुआ शुभारम्भ

- **नौ दिन तक 400 कर्मियों को प्रतिदिन मिलेगा प्रशिक्षण**
- **एसडीएम व बी ई ओ ने प्रशिक्षण स्थल का लिया जायजा**
- **जनगणना को त्रुटि रहित बनाने के लिए आठ कक्षों में अलग.अलग समूहों को दी जाएगी जानकारी**

अलीगंज। जनगणना कार्य को व्यवस्थित, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को अलीगंज के हत्सारी रोड स्थित जीडी इंटरनेशनल कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गयाए इस प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी अलीगंज डॉक्टर शशि शेखर व खंड शिक्षा अधिकारी अलीगंज विनोद कुमार गौतम ने सभी रूम में जाकर प्रशिक्षण अभियान के तहत संबंधित कर्मचारियों और अध्यापकों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया तथा उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जाएगी। प्रशासन की ओर से जनगणना की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा पहले ही तैयार कर ली गई थी। इसी क्रम में कॉलेज परिसर में प्रशिक्षण के लिए आठ कक्षों की व्यवस्था की गई है। निर्धारित योजना के अनुसार प्रतिदिन करीब 400 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह अभियान लगातार नौ दिनों तक संचालित होगा। यह अब अंतिम वेच हैं प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को जनगणना से संबंधित कार्यो को सही तरीके से पूरा करने के लिए तैयार किया गया हैं एसडीएम ने कहा कि जनगणना के दौरान जुटाई जाने वाली जानकारी की शुद्धता और कार्यप्रणाली का सही पालन बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में कर्मचारियों को पहले से प्रशिक्षित करने से कार्य के दौरान होने वाली संभावित गलतियों को कम करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कर्मचारी निर्धारित दिशा.निदेर्शों के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंण्प्रशिक्षण अभियान के लिए कॉलेज में की गई व्यवस्थाओं के तहत कर्मचारियों को अलग.अलग समूहों में बैठाकर जानकारी दी जाएगी। आठ कक्षों में प्रशिक्षण संचालित होने से निर्धारित संख्या में कर्मियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य पूरा करने में सहायता मिलेगी। नौ दिवसीय अभियान के दौरान संबंधित कर्मचारियों को जनगणना प्रक्रिया और कार्य से जुड़ी आवश्यक बातों से अवगत कराया जाएगा, जिससे आगामी जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ इसी दिशा में एक अहम कदम है।

सड़क के अवैध कट बंद कराएं, ब्लैक स्पॉट में कराएं सुधारः डीएम

एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं गड्ढामुक्ति अभियान की समीक्षा बैठक हुई।

डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट में प्राथमिकता से सुधार कराने और सड़कों पर खुले अवैध कट तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थायी व्यवस्था होने तक अस्थायी उपायों से भी कट बंद कराए जाएं। रोडवेज बसों को निर्धारित स्थानों पर ही खड़ा कराने और लापरवाही पर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। व्यवस्था ठीक न होने पर एआरएम रोडवेज से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

डीएम ने एआरटीओ को ई-रिक्शा का शत-प्रतिशत चिह्नांकन कर निर्धारित रूट लागू कराने तथा प्रमुख मार्गों और घुमावदार स्थानों पर संकेतक बोर्ड लगवाने को कहा। गड्ढामुक्ति अभियान की समीक्षा में पीडब्ल्यूडी, आरईडी, जिला पंचायत और निकाय अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

पॉक्सो एक्ट के मामले में एक दोषी को सात साल की सजा

एटा। पॉक्सो एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने दोषी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 17 अक्टूबर 2020 का है। कोतवाली नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शालू पुत्र शाहबुद्दीन निवासी कांशीराम आवासीय कॉलोनी, ब्लॉक चार, मकान नंबर 46 ने उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकत की और उसे बहलाकर ले जाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले में मुकदमा संख्या 713/2020 धारा 354, 363/511 आईपीसी और 9/10 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया था। विवेचना पूरी कर पुलिस ने दो दिसंबर 2020 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बुधवार को पॉक्सो एक्सक्लूसिव न्यायालय ने अभियुक्त को सात वर्ष के कठोर कारावास और 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

एमबीबीएस विद्यार्थियों ने पोस्टर के जरिए दिखाई चिकित्सा संबंधी समझ



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एमबीबीएस के विद्यार्थी।

एटा। वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. बलवीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्त्री एवं प्रसूति रोगों, उनके कारण, लक्षण, जांच और आधुनिक उपचार पद्धतियों से संबंधित पोस्टर प्रस्तुत किए। विभागाध्यक्ष डॉ. साधना सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विषय की गहरी समझ और शोध आधारित जानकारी प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित करना है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्र, उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोनू यादव, डॉ. शिवम यादव और डॉ. अर्चना यादव सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों से सवाल पूछकर उनके ज्ञान एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का मूल्यांकन किया। प्राचार्य डॉ. बलवीर सिंह ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में व्यावहारिक ज्ञान, शोध और संवाद कौशल भी जरूरी हैं।

सभी शिक्षण संस्थानों में इलेक्टरल लिटरेसी क्लब का हो गठन



- **बैठक कर सभी प्रधानाचार्य को दिए दिशा निर्देश**
- **श्री गणेश इंटर कॉलेज के सभागार में हुआ बैठक आयोजन**

कासगंज। आगामी चुनावों के मद्देनजर श्विशेष पुनरीक्षण अभियान-2026 को लेकर श्री गणेश इंटर कॉलेज के सभागार में माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य की बैठक डीआईओएस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक रजनेश कुमार, समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ जयंत गुप्ता, प्रधानाचार्य एच पी एन दुबे, राजेश यादव,दलबीर सिंह एवं मेजर आलोक दुबे ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। डीआईओएस ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण अभियान 2026 चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य जेंडर रेशों को बढ़ाना है और यह सुनिश्चित करना है कि हमारे जनपद का कोई भी योग्य युवा मतदाता बनने से न छूटे। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में स्वीप और इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाई जानी है। उन्होंने बताया कि जो छात्र-छात्राएं पहली बार मतदान करने की आयु (18 वर्ष) पूरी कर चुके हैं, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। इसके लिए विद्यालयों में विशेष कैंप लगाकर फॉर्म-6 भरवाने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करना होगा। वोटर लिस्ट से नाम कटवाने के लिए फार्म संख्या 7 एवं अन्य किसी प्रकार के संशोधन के लिए फार्म संख्या 8 का प्रयोग होता है। जिला प्रभारी स्वीप एवं समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ जयंत गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक विद्यालयों में इलेक्टरल लिटरेसी क्लब का गठन किया जाए, इसके साथ वोटर हेल्प डेस्क की स्थापना भी की जाए। लोकतंत्र की मजबूती युवाओं की भागीदारी पर टिकी है। जब एक युवा मतदाता सूची में शामिल होकर अपने मत का सही प्रयोग करता है, तभी देश का भविष्य सुरक्षित होगा। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं, हर पात्र छात्र-छात्रा का पंजीकरण सुनिश्चित करें और एक जागरूक समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं। बैठक का संचालन प्रधानाचार्य ऐदल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुधीर रावत,प्रधानाचार्य सुधीर मिश्रा, अर्चना सक्सेना, लाल सिंह यादव, शोभित सिंह चैहान, कृष्णकांत एवं जनपद के अन्य

गंजडुंडवारा कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक सम्पंन

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सीओ पटियाली अमित कुमार ने नगर के सर्राफ कारोबारियों से कहा कि अपनी-अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाएं और कम से कम दुकान के बाहर दो दो कैमरे लगवाएं, जिससे अपराध रोकने में मदद मिलेगी। धनतेरस पर सर्राफ मार्केट में पुलिस का गस्त जारी रहेगा। उन्होंने सभी लोगों से मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर चमन कुमार गोस्वामी ने त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की नजर रखेगी। अफवाहों पर ध्यान न दें। संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस को अवगत कराएं। इस दौरान अमित प्रकाश महाजन, चंद्रपाल माथुर, राम आसरे पचैरी, आनंद मोहन वर्मा, अनिल वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सिढ़पुरा ब्लॉक की खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कासगंज। सिढ़पुरा ब्लॉक की खेलकूद प्रतियोगिताएं बुधवार को पीआर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित हुईं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, विशिष्ट अतिथि बीएसए विकास कुमार सिंह, एबीएसए आरती चैधरी, जिला पीटीआई राजेंद्र सिंह एवं जिला समन्वयक सुनील यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने ध्वजारोहण कर हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 और 100 मीटर दौड़ में रजित, 200 मीटर में सूर्यांश प्रथम रहे। बालिका वर्ग में 50 मीटर में नंदनी, 100 मीटर में पूजा और 200 मीटर में नंदनी ने बाजी मारी। जूनियर बालक वर्ग की 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में आलोक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में दिव्यांश विजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में डौली, 200 मीटर में मुस्कान और 400 मीटर में हिमानी प्रथम रहीं। कबड्डी में प्राथमिक बालक वर्ग में निबऊआ और बालिका वर्ग में कमालपुर विजेता रहा।

फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने की कोशिश, चार लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप

एटा/अलीगंज। सर्किल क्षेत्र अलीगंज में राजा का रामपुर कस्बे के मोहल्ला गढ़ी रानी साहिबा निवासी दीपक पांडेय पुत्र योगेंद्रपाल पांडेय ने चार लोगों पर धोखाधड़ी और जालसाजी कर उनकी जमीन हड़पने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार नयागांव थाना क्षेत्र के सराय अगहत निवासी सौरभ कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार समेत चार लोगों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कराए। आरोप है कि सौरभ कुमार को फर्जी तरीके से योगेंद्रपाल पांडेय के रूप में प्रस्तुत किया गया और उसे सब रजिस्ट्रार अलीगंज के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित की जमीन का फर्जी बैनामा तैयार करा लिया। यह जमीन गाटा संख्या 441, रकबा 0.4900 हेक्टेयर, मौजा धरसेपुर, परगना आजमनगर, तहसील अलीगंज, जिला एटा में स्थित है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से पहचान और दस्तावेजों में हेराफेरी कर जमीन हड़पने की कोशिश की। पीड़ित ने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

फर्जी दस्तावेजों से सरकारी जमीन का पट्टा किया हासिल - पांच लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप

एटा। पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम मुखरना निवासी 75 वर्षीय रमेश चंद्र पुत्र स्व. बाबू सिंह ने गांव के ही सतेंद्रपाल सिंह पुत्र राजपाल सिंह समेत पांच लोगों पर सरकारी जमीन का पट्टा धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए हासिल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने आपराधिक षड़यंत्र के तहत फर्जी पता दर्शाकर कृषि योग्य बंजर भूमि के गाटा संख्या 14, 14स, 267 और 214 का पट्टा अपने नाम करा लिया। आरोप है कि इसके लिए सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी कर फर्जी वोटर आईडी संख्या यूपी-71-248-258-455 और राशन कार्ड संख्या 333788, 488320 तथा 488982 तैयार कराए गए। इन दस्तावेजों के आधार पर पट्टा, खतौनी और फसली वर्ष 1396 से 1403 तक अभिलेखों में नाम दर्ज कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि 20 जून 2013 को तैयार नोटरी दस्तावेज और फर्जी पहचान पत्र 25 जून 2013 को वाद संख्या 71/2002 में अपर जिलाधिकारी न्यायालय में दाखिल किए गए। इन्हीं के आधार पर 8 जुलाई 2013, 19 अक्टूबर 2013 और 10 फरवरी 2014 को पट्टा बहाल करा लिया गया। पीड़ित ने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जिलाधिकारी के अनुमोदन पर आंगनबाड़ी भर्ती के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 14 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

कासगंज। जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। जिलाधिकारी प्रणय सिंह के अनुमोदन के उपरांत अब अभ्यर्थी 14 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन करने से वंचित रह गए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को इस निर्णय से अतिरिक्त अवसर प्राप्त होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित तिथि 14 नवंबर 2026 तक अपना आवेदन पूर्ण कर लें। आवेदन करते समय भर्ती से संबंधित निर्धारित पात्रता एवं दिशा-निदेर्शों का ध्यान रखें।

पशु आरोग्य शिविर में 590 पशुओं का पंजीकरण

- **पशुपालन विभाग ने योजनाओं की दी जानकारी**
- **पशुओं का टीकाकरण कराने की अपील**

जलेसर/एटा। जलेसर विकासखंड की ग्राम पंचायत चिरगांव में एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता रमेश पाल सिंह एडवोकेट ने किया। उन्होंने पशुपालकों से शिविरों में पहुंचकर अपने पशुओं को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दिलाने की अपील की। शिविर का संचालन करते हुए प्रभारी उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुचिंद्र सिंह सिकरवार ने पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए समय से टीकाकरण कराने का आह्वान किया। शिविर में कुल 590 बड़े और छोटे पशुओं का पंजीकरण किया गया। पशुपालकों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रेम सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह सिकरवार, डॉ. नीरज गर्ग, राखी सक्सेना, दिनेश सिंह गहलोत, डॉ. दीपक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सुभाषित

मानव प्रकृतिमें सबसे गहरा नियम प्रशंसा प्राप्त करनेकी लालसा है।

❐ विलियम जेम्स

ट्रम्प की बड़ी हार

अमेरिकाके मध्यावधि चुनावमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी रिपब्लिकन पार्टीको हार मिली है। विपक्षी दल डेमोक्रेट पार्टीने सीनेटमें ५१ सीटें और हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्समें २१८ सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। पिछले २१ मध्यावधि चुनावोंमें १९ बार राष्ट्रपतिकी पार्टीको पराजयका सामना करना पड़ा है। इसलिए इस बारकी हार ट्रम्पके लिए कोई नयी बात नहीं है लेकिन इससे ट्रम्पकी लोकप्रियतामें अवश्य बड़ी गिरावट आयी है। अपवादके तौरपर १९९८ में बिल क्लिण्टन और २००२ में जार्ज बुशकी पार्टियोंने जीत दर्ज की थी। मध्यावधि चुनावमें इस बार भारतीय मूलके प्रत्याशियोंका जलवा विशेष रूपसे उल्लेखनीय रहा। सीनेटमें बहुमत खोनेके बाद ट्रम्पकी मुश्किलें अवश्य बढ़ेंगी। विशेष बात यह भी है कि डेमोक्रेट पार्टीको युवाओंने ज्यादा मतदान किया है। साथ ही महिला मतदाताओंकी पसन्द भी डेमोक्रेट रहे। ट्रम्पने सार्वजनिक रूपसे अपनी हार स्वीकार कर ली है और यह भी कहा है कि हम डेमोक्रेट्सिके साथ मिलकर काम करेंगे। उनके साथ काम करनेके लिए हम उत्साहित हैं। हम कोई रास्ता निकाल लेंगे। तीन नवम्बरको हुए मध्यावधि चुनावोंका विशेष महत्व इसलिए है कि इनके परिणाम राष्ट्रपति ट्रम्पके शेष कार्यकाल, उनकी नीतियों और रिपब्लिकन पार्टीकी विधायी क्षमताको प्रभावित करेंगे। चुनाव परिणामोंसे ट्रम्प प्रशासनके प्रति जनताकी नाराजगी स्पष्ट रूपसे दिखती है। अमेरिकी मतदाताओंके एक बड़े वर्गने सरकारकी आर्थिक और विदेश नीतिसे जुड़े मुद्दोंपर गहरा असन्तोष व्यक्त किया है। इसके कई बड़े कारण हैं। इनमें महंगी और जीवनयापनकी बढ़ती लागत, ईरान युद्धका दुष्प्रभाव, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पारदर्शिता प्रमुख है। चुनाव परिणामोंका सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक पक्ष है। डेमोक्रेट पार्टीके सीनेटपर नियंत्रणसे ट्रम्पके लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि ट्रम्पके पास वीटोकी शक्ति बनी रहेगी। ऐसी भी आशंका है कि ट्रम्पके खिलाफ महाभियोग आ सकता है। अमेरिकाकी विदेश नीतिमें भी बदलाव किये जा सकते हैं। साथ ही भारत और अमेरिकाके सम्बन्धोंपर भी प्रभाव सम्भावित है। भारतके लिए इन चुनावोंका विशेष महत्व है। दोनों देशोंके सम्बन्ध व्यापार, रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, अन्तरिक्ष और हिन्द-प्रशान्त क्षेत्रकी सुरक्षा जैसे अनेक क्षेत्रोंसे जुड़े हैं। इसलिए भारतको अब बदली हुई स्थितियोंको ध्यानमें रखते हुए अपनी रणनीति बनानी होगी। इसके लिए भारतको सोच-समझकर कदम बढ़ाना होगा।

धरनेपर सुप्रीम सुझाव

दिल्लीमें प्रदर्शनके दौरान अराजकतापर नाराजगी व्यक्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालयने मंगलवारको जो सख्त टिप्पणी की है वह न केवल महत्वपूर्ण और न्यायसंगत है, बल्कि प्रदर्शनकारियोंको भी इसके निहितार्थको समझनेकी जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकान्त, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहनाकी पीठने कहा कि विरोध प्रदर्शन करनेका संवैधानिक अधिकार सभीको है, लेकिन अनिश्चित कालतक किसी स्थानपर लम्बे समयतक कब्जा बनाये रखनेकी अनुमति नहीं, क्योंकि इससे दूसरे समूहके लोगोंको विरोध करनेके इसी अधिकारसे वंचित होना पड़ेगा। यदि एक ही समूह लम्बे समयतक कब्जा बनाये रखेगा तो और लोग कहां जायंगे। विरोध प्रदर्शनके लिए निश्चित समय और निर्धारित अवधि होनी चाहिए। अनुमति आदेशमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अनुमति क्यों दी जा रही है, कितने अवधिके लिए दी जा रही है या नहीं दी जा रही है। पीठने यह टिप्पणी निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके खिलाफ हालमें ही हुए प्रदर्शनसे जुड़ी याचिकाओंपर सुनवाईके दौरान की। कारोबारियोंने त्योहारी सीजनमें दो माहके लिए प्रदर्शनोंपर रोक लगानेकी मांग की थी। इस सम्बन्धमें पीठका यह कहना महत्वपूर्ण है कि विरोध करनेका अधिकार और व्यापार करने एवं आजीविका कमानेके अधिकारके बीच सन्तुलन होना चाहिए। इस तरहके लम्बी अवधितक चलने वाले प्रदर्शनोंसे सर्वाधिक प्रभावित दिहाड़ी मजदूर होते हैं। प्रदर्शनकारियोंको प्रदर्शन स्थगित कर देना चाहिए, क्योंकि यह मामला शीर्ष न्यायालयके विचाराधीन है, इसलिए आन्दोलनकारियोंको कोर्टका निर्णय आनेतक शान्ति और सौहार्द बनाये रखनेकी जरूरत है। त्योहारी सीजनमें हजारों करोड़ प्रतिदिन नुकसान गम्भीर चिन्ताकी बात है। राजनीति दलोंको सिर्फ अपनी पड़ी है, उन्हें कारोबारियों और इससे जुड़े श्रमिकोंके हितोंसे कुछ मतलब नहीं है जिनका काम पूरी तरह चौपट हो गया है। शीर्ष न्यायालयको कोई खास समाधान निकालनेकी जरूरत है। अभी त्योहारी सीजन चल रहा है, इसलिए किसी भी तरहके विरोध प्रदर्शन या धरनेकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

लोक संवाद

मासूमों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति

महोदय,-बचपनका नाम आते ही मनमें मासूमियत, निश्छल मुस्कान और बेफिक्र शरारतोंकी तस्वीरें उभरती हैं। लेकिन हालके दिनोंमें बच्चोंके व्यवहारसे आ रही खबरें दिल दहला देने वाली हैं। हरियाणाके पंचकूलाके एक स्कूलमें तीसरी कक्षाके महज आठ सालके छात्र द्वारा केजी क्लासकी छह सालकी मासूम बच्चीपर जिस तरह ईंटों और गमलेसे जानलेवा हमला किया गया, उसने पूरे देशको झकझोर कर रख दिया है। क्लासरूमके भीतर हुई यह खौफनाक वारदात सिर्फ एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं है, बल्कि यह हमारे समाजके सामने एक बेहद डरावना सवाल खड़ा करती है कि आखिर हमारे मासूम बच्चे इतने हिंसक क्यों हो रहे हैं। बाल मनोवैज्ञानिकोंका मानना है कि इतनी छोटी उम्रमें बच्चोंके भीतर इस कदर क्रूरता और संवेदनशीलताकी कमी अचानक पैदा नहीं होती। यह एक गहरी मानसिक और सामाजिक विकृतिका संकेत है, जिसकी जड़ें हमारे बदलते परिवेशमें छिपी हैं। आजकलके बच्चोंका एक बड़ा हिस्सा स्मार्टफोन, इंटरनेट और गेमिंगकी आभासी दुनियामें कैद हो चुका है। वे घंटों ऐसे वीडियो गेम्स खेलते हैं या वेब सीरीज देखते हैं जहां मार-काट, खून-खराबा और हिंसाको सामान्य बात बनाकर परोसा जाता है। जब एक कच्चा और कोमल दिमाग लगातार स्क्रीनपर इस तरहकी हिंसा देखता है तो उसकी वास्तविक संवेदनाएं कुण्ठित होने लगती हैं। उनके लिए किसीको शारीरिक नुकसान पहुंचाना महज एक खेलका हिस्सा लगने लगता है। वे वास्तविक जीवनके दर्द और डिजिटल स्क्रीनके रोमांचमें फर्क नहीं कर पाते। इसके साथ ही बदलते आधुनिक दौरमें एकल परिवारोंका चलन बढ़ा है, जहां माता-पिता दोनों काममें व्यस्त हैं। बच्चोंको बड़ोंका वह नैतिक मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है जो कभी संयुक्त परिवारोंमें दादा-दादी या नाना-नानीसे मिलता था। घरका अशांत वातावरण, माता-पिताके आपसी झगड़े उनके भीतर एक अनजाना अकेलापन और चिड़चिड़ापन भर देता है। यही दबा हुआ गुस्सा धीरे-धीरे हिंसक आक्रामकताका रूप ले लेता है। पंचकूलाकी इस घटनाने स्कूलोंके भीतर बच्चोंकी सुरक्षा और निगरानी व्यवस्थापर भी बड़े सवाल उठाये हैं। कक्षामें शिक्षकोंकी अनुपस्थिति और सीसीटीवी मॉनिटरिंगकी कमी इस तरहके हादसोंको बढ़ावा देती है। हालांकि घटनाके बाद शिक्षकोंको निलंबित करना या कमेटियां गठित करना एक तात्कालिक प्रशासनिक प्रक्रिया है, लेकिन यह इस मानसिक बीमारीका स्थायी इलाज नहीं है। अब समय आ गया है कि इस खतरेकी घंटीको गम्भीरतासे सुना जाय। केवल बच्चोंको कोसने या स्कूलोंपर ठीकरा फोड़नेसे बात नहीं बनेगी। माता-पिताको अपने बच्चोंके स्क्रीन टाइमको नियंत्रित करना होगा और वे इंटरनेटपर क्या देख रहे हैं, इसपर पैनी नजर रखनी होगी। उनके व्यवहारमें आने वाले चिड़चिड़ेपन या आक्रामकताको बचपनकी जिद समझकर नजरअंदाज करनेके बजाय उनसे प्यारसे संवाद करना होगा। साथ ही स्कूलोंमें केवल किताबी ज्ञान और ग्रेड्सकी होड़के बजाय नैतिक शिक्षा और व्यावहारिक मूल्योंपर जोर दिया जाना चाहिए। बच्चोंको यह सिखाना बेहद जरूरी है कि गुस्सा आनेपर खुदको कैसे संभालें और दूसरोंके प्रति दया भाव कैसे रखें। बचपनको संस्कार, सुरक्षा और स्नेहकी जरूरत होती है, नफरत या हिंसाकी नहीं। यदि आज हमने मिलकर अपने मासूमोंके मनमें पनप रहे इस गुस्सेको शांत नहीं किया तो हम एक ऐसे भविष्यका निर्माण कर रहे होंगे जो बेहद असुरक्षित, असंवेदनशील और हिंसक होगा। बच्चोंकी मासूमियत बचाना पूरे समाजका सामूहिक दायित्व है। -सूर्यदीप कुशवाहा, वाराणसी।

पर्यावरणीय चुनौती है प्रदूषण

दिल्लीमें दिवालीकी आहटके साथ ही एक बार फिर प्रदूषणका संकट गहराने लगा है। त्योहारकी तैयारियोंके बीच राजधानीकी हवा इतनी जहरीली होती जा रही है कि लोगोंके लिए खुलेमें सांस लेना भी कठिन हो गया है। सुबहकी सैर करने वाले लोग घरोंमें रहनेको मजबूर हैं। यह स्वास्थ्य और जीवनकी सुरक्षासे जुड़ा गम्भीर प्रश्न है।

❐ महेन्द्र तिवारी

भारतीय मौसम विज्ञान संस्थानकी वायु गुणवत्ता संबंधी निगरानीके अनुसार दिल्लीके कई इलाकोंमें वायु गुणवत्ता सूचकांक ४०० के पार पहुंच गया। जहांगीरपुरीमें यह ४४०, पंजाबी बागमें ४३६ और रोहिणीमें ४२५ दर्ज किया गया। कुछ अन्य क्षेत्रोंमें भी स्थिति बेहद चिन्ताजनक रही। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डके अनुसार ३ नवम्बरको दिल्लीका औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक ३५० तक पहुंच गया था। यह इस वर्ष फरवरीके बाद सबसे खराब स्थिति बतायी गयी। इन आंकड़ोंसे स्पष्ट है कि राजधानीकी हवा अब सामान्य जन-जीवनके लिए गम्भीर चुनौती बन चुकी है। प्रदूषणकी गम्भीरताको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोगने २ नवम्बरको दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रमें क्रमिक प्रतिक्रिया कार्ययोजनाके दूसरे चरणको लागू कर दिया। इसके अंतर्गत सड़कोंकी नियमित यांत्रिक सफाई, धूल दबानेके लिए पानीका छिड़काव, निर्माण स्थलोंपर कड़ी निगरानी और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनोंपर नियंत्रण जैसे उपाय किये जा रहे हैं। सार्वजनिक परिवहनको बढ़ावा देनेके लिए अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाने और यातायातके दबाव वाले स्थानोंपर निगरानी बढ़ाने जैसे कदम भी उठाये गये हैं। हालांकि सवाल यह है कि क्या ये उपाय राजधानीको प्रदूषणसे वास्तविक राहत दिला पायंगे या फिर हर वर्षकी तरह कुछ दिनोंकी सख्तीके बाद स्थिति पहले जैसी हो जायगी।



दिवाली प्रकाश, उल्लास और नयी आशाओंका त्योहार है। इसकी चमक धुएं और धुंधमें खोनी नहीं चाहिए। सरकार, उद्योग, किसान और आम नागरिक, सभीको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अदालतके आदेशोंका पालन और प्रदूषण नियंत्रणके उपाय तभी सफल होंगे, जब उनके साथ जन-भागीदारी भी जुड़ी होगी। हमें ऐसी दिवाली मनानेका संकल्प लेना चाहिए, जिसमें घरोंमें दीप जलें, चेहरोंपर मुस्कान हो और हवामें सांस लेनेका भरोसा बना रहे। आखिर स्वच्छ हवा किसी एक मौसम या त्योहारकी जरूरत नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका बुनियादी अधिकार है।

दिल्लीके प्रदूषणका सबसे बड़ा कारण किसी एक गतिविधिको नहीं माना जा सकता। इसके पीछे कई कारक एक साथ काम करते हैं। वाहनोंसे निकलने वाला धुआं, औद्योगिक इकाइयोंका उत्सर्जन, निर्माण कार्योंसे उड़ने वाली धूल, सड़कोंपर जमा मिट्टी, कूड़ा जलाना और आसपासके राज्योंमें पराली जलानेकी घटनाएं वायुको प्रदूषित करती हैं। इसके अतिरिक्त मौसममें बदलाव भी इस समस्याको गम्भीर बना देता है। तापमानमें गिरावट, हवाकी कम गति और वातावरणमें नमीके कारण प्रदूषक कण ऊपर नहीं उठ पाते। वे धरतीके निकट ही जमा होते रहते हैं। परिणामस्वरूप धुंधकी मोटी परत बन जाती है और सांसके साथ सूक्ष्म प्रदूषक कण शरीरके भीतर पहुंचने लगते हैं। हर वर्ष धानकी कटाईके बाद पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेशके कुछ क्षेत्रोंमें फसल अवशेष जलानेकी घटनाएं सामने आती हैं। इस वर्ष भी इन घटनाओंमें वृद्धिकी खबरें हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदके उपग्रह आंकड़ोंके अनुसार, ३ नवंबरको छह राज्योंमें फसल अवशेष जलानेकी ७९८ घटनाएं दर्ज की गयीं। हालांकि दिल्लीके प्रदूषणके लिए केवल परालीको जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। राजधानीके भीतर मौजूद प्रदूषणके स्रोत भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जब स्थानीय प्रदूषण और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां एक साथ मिलती हैं, तब समस्या और विकराल हो जाती है। इसलिए राज्योंके बीच आरोप-प्रत्यारोपके बजाय साझा समाधानकी आवश्यकता है।

दिवालीके अवसरपर पटाखोंका उपयोग इस समस्याको और बढ़ा सकता है। आतिशबाजीसे निकलने वाला धुआं और सूक्ष्म कण पहलेसे प्रदूषित वातावरणमें अतिरिक्त विषाक्तता पैदा करते हैं। इसीको ध्यानमें रखते हुए सर्वोच्च न्यायालयने इस वर्ष दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रमें प्रमाणित हरित पटाखोंके सीमित उपयोगकी अनुमति दी है। न्यायालयके निर्देशके अनुसार ७ और ८ नवंबरको सुबह छहसे सात बजे तथा रात आठसे दस बजेतक ही इन्हें जलाया जा सकेगा। इनकी बिक्री ४ से ६ नवम्बरतक निर्धारित अधिकृत स्थानोंपर होगी। अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, वृद्धाश्रमों, शिक्षण संस्थानों और घोषित शांत क्षेत्रोंके ३०० मीटरके दायरेमें पटाखे जलानेपर रोक रहेगी। ९ नवम्बरसे पटाखोंपर पूर्ण प्रतिबंध फिर लागू हो जायगा। हरित पटाखोंको पारम्परिक पटाखोंकी तुलनामें कम प्रदूषण फैलाने वाला विकल्प माना जाता है। इनका निर्माण वैज्ञानिक मानकों और निर्धारित प्रमाणनके अनुसार किया जाता है। इनके पैकेटपर पहचानके लिए विशेष संकेत और क्यूआर कोड होना आवश्यक है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि हरित पटाखे प्रदूषण रहित नहीं होते। उनसे भी धुआं, ध्वनि और हानिकारक कण निकलते हैं। इसलिए न्यायालयके निर्देशोंका पालन केवल प्रशासनकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका कर्तव्य भी है। प्रदूषणका सबसे अधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों गर्भवती महिलाओं और पहलेसे सांस तथा हृदय संबंधी समस्याओंसे जूझ रहे लोगोंपर पड़ता है। छोटे बच्चोंके फेफड़े विकासकी अवस्थामें होते हैं। ऐसेमें जहरीली हवा उनके स्वास्थ्यपर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकती है। बुजुर्गोंके लिए भी प्रदूषित वातावरण गम्भीर खतरा पैदा करता है। स्वस्थ व्यक्ति भी लम्बे समयतक प्रदूषित हवामें रहनेसे सांस संबंधी परेशानियोंका शिकार हो सकता है। इस स्थितिमें विद्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानोंको विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

प्रदूषणसे निबटनेके लिए सरकारको तात्कालिक कदमोंके साथ दीर्घकालिक योजना भी बनानी होगी। सार्वजनिक परिवहनको अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाना इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि बसों और रेलगाड़ियोंकी संख्या बढ़ेगी तथा उनकी सेवाएं नियमित होंगी तो निजी वाहनोंपर निर्भरता कम हो सकती है। निर्माण स्थलोंपर धूल रोकनेके नियमोंका उल्लंघन करने वालोंके विरुद्ध कठोर कारखाई होनी चाहिए। किसानोंके सामने फसल अवशेषोंके निबटारेकी समस्याको समझे बिना पराली जलानेपर रोक लगाना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें ऐसी मशीनों, तकनीकों और आर्थिक सहायताकी जरूरत है, जिनसे खेतोंमें बचे अवशेषोंका उपयोग किया जा सके। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारोंको मिलकर काम करना चाहिए। किसानोंको दोषी ठहरानेके बजाय उन्हें व्यवहारिक विकल्प उपलब्ध कराने होंगे। फसल अवशेषोंसे जैविक खाद, ऊर्जा और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार करनेकी व्यवस्था विकसित की जा सकती है। इससे पर्यावरणकी रक्षाके साथ किसानोंकी आय बढ़ानेके अवसर भी पैदा होंगे। नागरिकोंकी भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। छोटी-छोटी सावधानियां सामूहिक रूपसे बड़ा बदलाव ला सकती हैं। त्योहार मनानेके लिए पटाखोंको अनिवार्य माननेकी सोच भी बदलनी होगी। दीपक, रंगोली, सामूहिक सांस्कृतिक आयोजन और परिवारके साथ उत्सव मनानेके अनेक विकल्प मौजूद हैं। त्योहारका वास्तविक आनन्द तभी है, जब उसकी खुशियां किसी दूसरेके लिए बीमारी और परेशानीका कारण न बनें।

दिल्लीकी प्रदूषित हवा हमें विकासकी दिशा और जीवनकी गुणवत्तापर पुनर्विचार करनेके लिए मजबूर करती है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और चमकते बाजार किसी शहरकी सफलताके पर्याप्त प्रमाण नहीं हो सकते। किसी राजधानीकी वास्तविक समृद्धि इस बातसे भी तय होती है कि वहां रहने वाले नागरिक कितनी स्वच्छ हवामें सांस लेते हैं। हर वर्ष सर्दियोंके आरम्भमें प्रदूषणका बढ़ना और फिर अस्थायी उपायोंसे उसे नियंत्रित करनेका प्रयास हमारी नीतियोंकी कमजोरियोंको उजागर करता है। अब समय आ गया है कि प्रदूषणको मौसमी संकट माननेके बजाय स्थायी सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतीके रूपमें देखा जाय। दिवाली प्रकाश, उल्लास और नयी आशाओंका त्योहार है। इसकी चमक धुएं और धुंधमें खोनी नहीं चाहिए। सरकार, प्रशासन, उद्योग, किसान और आम नागरिक, सभीको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अदालतके आदेशोंका पालन और प्रदूषण नियंत्रणके उपाय तभी सफल होंगे, जब उनके साथ जन-भागीदारी भी जुड़ी होगी। हमें ऐसी दिवाली मनानेका संकल्प लेना चाहिए, जिसमें घरों और गलियोंमें दीप जलें, चेहरोंपर मुस्कान हो और हवामें सांस लेनेका भरोसा बना रहे। आखिर स्वच्छ हवा किसी एक मौसम या त्योहारकी जरूरत नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका बुनियादी अधिकार है।

क्रिप्टो की चोरी से उपजे सुरक्षा के सवाल

दुनियाके सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंससे लगभग ६.३ अरब डालरकी डिजिटल संपत्ति कुछ ही मिनटोंमें उड़ा ली गयी। यह क्रिप्टो इतिहासकी सबसे बड़ी चोरी है। यह घटना भारतके लिए कई सवाल छोड़ जाती है।

❐ डा. संजय वर्मा

डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसे अभियानोंकी बदौलत भारत डिजिटल लेन-देनमें दुनियाके अग्रणी देशोंमें है। यहां लाखों लोग क्रिप्टोमें पैसा लगाते हैं। इसलिए क्रिप्टो एक्सचेंजमें हुई सेंधमारी एक अनिश्चित भविष्यके मद्देनजर हमारे लिए भी कई सवाल पैदा कर रही है। अबतक जो जांच-पड़ताल हुई है, उसमें सेंधमारोंके बारेमें कुछ अंदाजे लगाये गये हैं। जैसे कि ब्लॉकचेन विश्लेषक कम्पनियों- टीआरएम लैब्स और चेनालिसिसके मुताबिक इस सेंधमारीके पीछे उत्तर कोरियाकी हैकर इकाई 'ट्रेडरट्रेटर' का हाथ है। हैकरोंका यह समूह हैकिंगके मामलेमें पहलेसे कुख्यात लाजरस समूहसे जुड़ा बताया गया है। शुरुआती जानकारीके अनुसार सेंध बाइनेंसके ही एक इंजीनियरके हैक हुए लैपटॉपसे लगी और फिर महज २० मिनटमें अरबों डालरकी क्रिप्टो सफाईसे निकाल ली गयी। यह साबित करता है कि लेन-देन और निवेश जितना डिजिटल होगा, कमजोर कड़ियां उतनी ही महंगी पड़ेंगी। दिलचस्प यह है कि चुराई गयी क्रिप्टोको बाजारमें खपाना नकदी लूटको खपाने जितना आसान नहीं। ब्लॉकचेन (क्रिप्टो निर्माण और संचालनमें काम आने वाली तकनीक) में हर लेन-देन सार्वजनिक बहीखातेमें दर्ज होता है। इसलिए चोरको माल तुरन्त छोटे टुकड़ोंमें बांटना, दूसरी क्रिप्टो करेंसीमें बदलना और वैध धनमें मिलाना पड़ता है। इसके लिए फर्जी पहचानसे कई एक्सचेंजोंपर खाते, छोटी-छोटी जमाएं और एक ब्लॉकचेनसे दूसरीपर छलांगका सहारा लिया जाता है। यह हथेलीपर दहकता अंगारा लेकर, खुद जले बिना, उसे ठिकानेतक पहुंचाने जैसा है। बाइनेंस मामलेमें भी चुराये गये बिटकॉइन हजार-हजार और सौ-सौके टुकड़ोंमें बांटे गये और डालर-आधारित स्टेबलकॉइन विकेन्द्रीकृत एक्सचेंजोंपर बाजार भावसे दस फीसदी सस्ते बेचे गये। लेकिन इस बीच कई लेन-देन नियंत्रण करने वाली उन कम्पनियोंके जरिये गुजरे, जो ऐसी हरकतोंपर कड़ी नजर रखती हैं। जैसे कि स्टेबलकॉइन जारी करने वाली टेथर, सर्कल और रिपल जैसी कम्पनियां। इन कम्पनियोंने हैकिंग होनेके घंटेभरके भीतर करीब २.७ अरब डालर फ्रीज कर दिये। यानी जहां लेन-देनके बीच कोई जवाबदेह संस्था थी, वहां चोरी रोकी जा सकी। इसके बावजूद हमलावरके पास करीब २.४ अरब डालरके ईथर और बिटकॉइन बचे हैं, जिन्हें कोई वैध या सरकारी एजेंसी नहीं रोक पायी। इसलिए सवाल है कि आखिर क्रिप्टो करेंसीके सारे लेन-देन जवाबदेह संस्थाओं और कम्पनियोंके जरिये संपन्न क्यों नहीं कराये जा रहे हैं।

हालांकि चिन्ता इससे भी बड़ी है। संयुक्त राष्ट्रके विशेषज्ञ वर्षोंसे कहते रहे हैं कि क्रिप्टो चोरी उत्तर कोरियाके प्रतिबंधित हथियार कार्यक्रमोंकी कमाईका बड़ा जरिया है। यानी किसी एक्सचेंजकी सुरक्षामें चूक अंततः किसी मिसाइल कार्यक्रमका ईंधन बन सकती है। पाकिस्तान जैसे अस्थिर पड़ोसीके रहते भारतके लिए यह सुरक्षाका सवाल भी है। यूं हमारे लिए यह संकट एकदम अनजाना भी नहीं। जुलाई २०२४ में घरेलू एक्सचेंज वजीरएक्ससे करीब २३ करोड़ डालर चुराये गये और उसके तार भी लाजरस समूहसे जोड़े गये। लाखों उपयोगकर्ताओंके खाते महीनों फ्रीज रहे। साथ ही नुकसान सभी ग्राहकोंमें बांटनेका प्रस्ताव आया और पुनर्गठनकी प्रक्रिया भारतके बजाय सिंगापुरकी अदालतमें चली। भारतीय एक्सचेंज, भारतीय ग्राहक, भारतीय पैसा, परन्तु इंसाफके लिए विदेशी कानूनका सहारा! जुलाई २०२५ में देशके सबसे बड़े एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्ससे करीब ४.४ करोड़ डालर उड़ाये गये कम्पनीने नुकसान अपने खजानेसे उठाया और सरकारी एजेंसी सर्ट-इनके साथ जांच की। परन्तु यह कम्पनीकी सदिच्छा थी, कोई कानूनी बाध्यता नहीं। सबक यह कि भारतमें हैकिंगके बाद निवेशकका पैसा लौटना इसपर निर्भर है कि उसका एक्सचेंज कितना अमीर और नेक है। बाइनेंस छह अरब डालरका घाव सह सकता है, कोई छोटा भारतीय स्टार्टअप नहीं।

बाइनेंस जैसे विदेशी मंचोंपर सक्रिय भारतीय निवेशकोंका पैसा भी इस हादसेमें अटका और बिटकॉइन छह हफ्तेके निचले स्तरपर आ गया। वैश्विक झटकेकी कीमत दलाल स्ट्रीटसे लेकर छोटे शहरोंके जेन-जी निवेशकोंको चुकानी पड़ सकती है। यही वह जगह है जहां भारतकी क्रिप्टो नीतिके आकलनकी जरूरत पड़ती है। मौजूदा स्थितियोंमें क्रिप्टो करेंसीके निवेशकोंको प्रत्येक निवेशपर ३० प्रतिशतकी दरसे कर चुकाना पड़ता है। इसके अलावा हरेक लेन-देनपर एक प्रतिशतके टीडीएस यानी स्रोतपर ही टैक्स लगानेका प्रावधान है। एक अन्य कानूनी प्रावधान यह है कि क्रिप्टो एक्सचेंजको अपना पंजीकरण सरकारकी वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) में कराना होता है। इसका उद्देश्य हवाला कारोबार रोकना है। किन्तु यहां सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान निवेशकोंके पैसेकी सुरक्षामें मददगार होते हैं। सचाई यह है कि इन तीनों उपायोंके बावजूद क्रिप्टोमें पैसा लगाने वाले भारतीय निवेशकोंको कोई सुरक्षा हासिल नहीं होती है। इसका कारण यह है कि देशमें ऐसी नियामक संस्थाका अभाव है, जो क्रिप्टो एक्सचेंजसे ग्राहकोंको किसी आर्थिक नुकसानसे बचानेके लिए आपात भंडारमें पर्याप्त पूंजी रखनेको बाध्य करे। साथ ही एक्सचेंजको भी नुकसानकी पहली जिम्मेदारी लेनेकी व्यवस्था बनवाये। शेयर बाजारकी नियामक संस्था-सेबी ऐसा करती है। वह शेयर ब्रोकरोंसे ग्राहकोंको होने वाले संभावित नुकसानसे बचानेके लिए प्रतिभूतियां अलग रखवाती है और रिजर्व बैंकसे संबंधित बैंकोंका सुरक्षा ऑडिट करवाती है। जबकि क्रिप्टो एक्सचेंजोंके लिए ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। इसपर क्रिप्टोमें निवेशपर अत्यधिक कराधानकी वजहसे भारतीय निवेशक विदेशी अथवा कम प्रचलित, लेकिन असुरक्षित क्रिप्टो एक्सचेंजोंकी शरणमें चले जाते हैं, जिससे उनका जोखिम और बढ़ जाता है।



प्रदक्षिणाका अर्थ

❐ श्रीश्री रविशंकर

प्रदक्षिणाका अर्थ है इर्द-गिर्द जाना। दक्षिणाका अर्थ है कुशलतासे कुछ पूरा करना। अंग्रेजीका शब्द डेक्सटरोस संस्कृतके दक्षिणा शब्दसे आया है, जिसका मतलब है निपुणता। प्रदक्षिणाका अर्थ है एक बहुत ही विशेष रूपसे निपुण होना, एक बहुत ही निपुण तरीका जो कि कौशल और योग्यतासे बहुत निपुणतासे प्राप्त किया जाता है। प्रदक्षिणाका अर्थ है इर्द-गिर्द जाना। प्रदक्षिणाका अर्थ है निपुणतासे इर्द-गिर्द जानेकी योग्यता प्राप्त करना। जब आप किसी मंदिरके अंदर जाते हो तो मंदिरके निर्माणकी व्यवस्थाके अनुसार इसके तीन घेरे होते हैं। पहला घेरा हर्बल बागीचा होता है, जिसमें खूब सारे पेड़-पौधे होते हैं। यह पेड़ किस दिशामें लगाये जायं, यह मंदिरके निर्माणकी व्यवस्थाके अधीन आता है। सभी पेड़-पौधे दिशाओं और हवाके बहावके अनुसार लगाये जाते हैं। कुछ औषधिवाले पौधे, फूल और पेड़ बाहरी घेरेमें लगाये जाते हैं और जब आप इस हर्बल खुशबूसे निकलते हो तो इससे भावनात्मक और शारीरिक समस्यायोंका इलाज होता है और शरीरके असंतुलन ठीक हो जाते हैं। यह प्रायः एक किलोमीटर लंबा रहता है और इसमेंसे गुजरते समय सारे शरीरमें संचार बेहतर हो जाता है। शरीरके लिए जरूरी तेल और सुगंध खास कर पीपलके पेड़की, शरीरके द्वारा सोख ली जाती है। यही अकेला पेड़ है जो चौबीसों घंटे आक्सीजन छोड़ता है। बाकीके पेड़ आधा समय आक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़ एक व्यक्तिकी बहुत सारी समस्याएं दूर करते हैं। सामाजिक रूपसे बहुत ज्यादा परिचर्चामें नहीं होनेकी वजहसे एक बड़ा तबका इससे अनभिज्ञ रह जाता है, खासकार पेड़-पौधौंके वैज्ञानिक पक्षको लेकर। खास कर इंफर्ट्रिलिटी की। प्रदक्षिणा ईश्वरके लिए या अन्य किसी और कारणसे नहीं, बल्कि स्वास्थ्यके लाभके लिए की जाती है। तब दूसरा घेरा आता है जिसमें बहुतसे स्त्री-पुरुषोंकी मूर्तियां रखी रहती हैं। पुराने समयमें वहांपर बैठ कर कुछ देरके लिए ध्यान करनेको कहा जाता था। इस तरहसे पहला घेरा आपको शारीरिक रूपसे बेहतर बनाता है। वहांकी हवामें सांस लेनेसे वात, पित्त और कफ का संतुलन ठीक होता है। दूसरे घेरेमें मनकी सारी कल्पनाएं खत्म होती हैं। तब अंतमें आप मुख्य भागमें आते पवित्र मुख्य स्थान, जहां आप आंखें बंद करके बैठते हो और शून्यताका अनुभव करते हो। हिंदू धर्ममें प्रदक्षिणाका बहुत बड़ा महत्व है।

प्रकृति संरक्षण संचार में सहायक पर्व

❐ आनन्द उपाध्याय

भारतवर्ष पर्वोंका देश है। सनातन संस्कृतिके गौरवपूर्ण त्योहारोंमें दीपावली पर्वकी विशिष्ट महत्ता है। भारतीय सनातन संस्कृतिमें त्योहार सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानभर न होकर प्रत्यक्ष तौरपर प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलनसे सम्बद्ध परिलक्षित होते हैं। दीपावली पर्वका शुभारम्भ धनतेरसके शुभ पर्वसे होता है। पांच दिवसीय इस पर्वमें कार्तिक माहकी त्रयोदशी तिथिको धनतेरस मनाया जाता है। विभिन्न धातुओंके बर्तन एवं आभूषण विशेष रूपसे क्रय किये जाते हैं अगले दिवसको नरक चर्तुदशी या छोटी दीपावली मनायी जाती है। तीसरे दिन दीपावलीका मुख्य पर्व एवं लक्ष्मी गणेशके पूजनका आयोजन होता है। यह दिन कार्तिक माहकी अमावस्या तिथिको होता है। अगले दिन गोवर्धन पूजनका होता है जिसे अन्नकूटके नामसे भी संबोधित किया जाता है। इस पूज्य तिथिको गोवर्धन पर्वतकी पूजाका विधान है जबकि पांचवे दिन भईयादूजका आयोजन होता है। गोवर्धन पूजन कार्तिक माहकी शुक्ल पक्षकी प्रतिपदा तिथिको आयोजित होता है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ताके साथ गोवर्धन पूजाकी अनेक पर्यावरणीय विशेषताएं हैं, जिनमें प्रकृति एवं मनुष्यका प्रत्यक्ष जुड़ाव या पर्यावरण संरक्षणके प्रति रूझानका भाव उत्पन्न करना मूल उद्देश्य है। धार्मिक रूपसे गोवर्धन पूजनके दिन अन्नकूटका जो आयोजन होता है इसमें अनेक प्रकारकी मौसमी तरकारी, विविध अनाजों और मिष्ठानोंको मिश्रित कर विशिष्ट भोग तैयार होता है। श्रीकृष्णका पूजन एवं उनको भोग लगानेके बाद समाजमें वितरित किया जाता है। इस वितरणकी पृष्ठभूमिमें समाजमें सामूहिकताकी उदात्त भावनाका संचरण करनेके साथ ही आपसी समन्वय, सौहार्द, समता एवं प्रेमकी भावनाको बलवती किया जाता है। गोवर्धन पूजनमें गोवंशके संवर्धनका भी मूल मंत्र समाहित है। ज्ञातव्य है कि भारतवर्ष प्रमुख रूपसे कृषिप्रधान राष्ट्र है स्वाभाविक तौरपर कृषि कार्यमें सहयोग हेतु गोवंशकी आधारिता अपरिहार्य रही है। गो एवं गोवंशके गोबरमें प्राकृतिक खादका निर्माण कर उसका आर्गेनिक खेतीमें आजकल बहुतायतसे प्रयोग होना दृष्टिगत है।

निश्चित तौरपर मानवके लिए अति उपयोगी गोवंशके प्रति उनकी महत्ता और उपादेयता स्वीकार कर सामाजिक कृतज्ञता व्यक्त करना ही गोवर्धन पूजनका विशिष्ट महत्व है। इसी पर्वपर लोककला और भवनके घर आंगनकी विशिष्ट सजावट की जाती है। मानवोचित अवगुण एवं अहंकारकी हार और आस्थाकी जीतका पर्व गोवर्धन पूजन इस बातका भी प्रतीक है कि कदाचित जब इन्द्रदेवका अहंकार आमजनको प्रताड़ित करते परिलक्षित होता है तब योगेश्वर श्रीकृष्णका गोवर्धन पर्वतकी रक्षा कर पर्यावरणके संरक्षणका संदेश देते हैं। वेद व्यास रचित महाभारतमें श्लोक वर्णित है- गोभिस्तुल्यं न पश्चामि धनं किंचिदिहाच्युत, कीर्तनं श्रवणं दानं दर्शनं चापि पार्थिव। गवां प्रशस्यते वीर सर्व-पाप-हरं शिवम्॥ अर्थात् मैं इस संसारमें गौवोंके समान दूसरा कोई धन नहीं समझता। गौवोंके नाम और गुणोंका कीर्तन-श्रवण, उनका दर्शन, इनकी बड़ी प्रशंसा की गयी है। यह समस्त कार्य सम्पूर्ण पापोंको दूर करके परम कल्याणको प्रदान करने वाले हैं। जैविक खेतीके प्रयोगमें आ रहीं विविध विधाओंमें गायका योगदान प्रमुख है। खासकर भारतीय नस्लकी गायोंके पीठपर मौजूद कूबड़ यानी पीठपर स्थित रीढ़ अस्थिमें 'सूयकेतु' नाड़ी होनेके दृष्टिगत सौर ऊर्जा दोहनमें इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। अनेक अनुसंधानोंका यह निष्कर्ष रहा है कि गाय ही इस प्रकारका प्राणी है जो मानव सेवनसे अवशेष उत्पाद तथा भूसा, पुवाल, हरी घास, चोकर, खली इत्यादिका सेवन कर खेती तथा मानवके लिए अद्भुत उत्पाद उपलब्ध कराती रही है। इनमें प्रमुख भूमिका गो-गोबर एवं गो-मूत्रकी होती है। उल्लेखनीय है कि दूध देना बन्द करनेके बावजूद कृषकों एवं गो पालकोंको इन्हें छुट्टा सड़कपर घूमने छोड़नेके बजाय इनका पालन जारी रखना चाहिए, ताकि उनसे गोबर-गोमूत्र उत्पाद प्राप्त किया जा सके। गोमूत्रमें उपलब्ध एण्टी-बैक्टीरियल/एण्टी-फंगल/एण्टी-वाइरल क्षमताको पहचाना होगा। देशी गायोंके गोबर एवं गोमूत्रसे बने उर्वरक और कीटरिप्लेंट अधिक टिकाऊ होते हैं। शोधके अनुसार गोबरकी खाद वास्तवमें भूमिकी उर्वरकता बढ़ानेमें रामबाण सिद्ध हुई है। गोबरमें २५ फीसदी सूक्ष्म जीवोंकी उपलब्धता पायी गयी है।

आज किसानोंको सरकारी योजनाओंका फायदा उठाकर भारतीय प्रजातिकी गायोंके प्रजनन फार्मकी सहायता लेनी चाहिए। देश-प्रदेशके विभिन्न केन्द्रीय संस्थानों और कृषि विश्वविद्यालयोंकी सहायतासे पशु प्रजननपर विशेषज्ञता एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है। निश्चित तौरपर गोवर्धन पूजन पर्व जैसे पवित्र आयोजनकी प्रासंगिकता मौजूदा भारतीय सामाजिक परिदृश्यमें और भी समसामयिक और महत्वपूर्ण उपादेयतायुक्त परिलक्षित है। ग्लोबल वार्मिंग और तेजीसे बदलते पारिस्थितिकीय तंत्र (इको सिस्टम) के दौरमें वनोंकी सघन स्थापना विशेष रूपसे मियावाकी वनकी स्थापना समयकी मांग है। वास्तवमें गोवर्धन पूजन पर्व समाजको प्रकृतिके संरक्षण और सामाजिक चेतनाके संचारका माध्यम बननेमें सहायक सिद्ध हुआ है। इस पर्वपर हम संकल्पित होकर गोवंश संवर्धन, जैविक खेतीको प्रोत्साहन देनेमें जैविक खादका प्रयोग करें। गोवंश पूजन ही नहीं अपितु भारतीय सनातन संस्कृतिमें पर्यावरण एवं प्रकृतिके संरक्षण हेतु अनेक धार्मिक पर्वोंका आयोजन किया जाना प्रकाशमें है। दीपावलीके इस पंचदिवसीय महात्म्य और विशेषकर गोवर्धन पूजाके पर्वसे सीख लेकर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षणके संदेशको चरित्रार्थ करें। सनातन दर्शन एवं पर्यावरणके मूल आधार यानी पंचभूत सिद्धान्त अर्थात् सृष्टि निर्माणके पांचों कारकों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाशके संतुलनके लिए संकल्पित होकर रचनात्मक अभियान चलायें।

मां-बेटी को बोनट पर बैठाकर २ किलोमीटर तक दौड़ाई कार: घर पहुंचे थे ३ युवक, भीड़ ने घेरा तो भागे; २ आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। जमुनापार थाना क्षेत्र के पानीगांव में रुपयों के लेन-देन के विवाद में कार सवार युवकों ने मां-बेटी को बोनट पर बैठाकर करीब २ किलोमीटर तक तेज रफ्तार में कार दौड़ाई। मंगलवार रात हुई घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें मां-बेटी कार के बोनट पर लटकी दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने मामले में प्रेम और पुनीत नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा भी बढ़ाई है। पीड़ित पवन के मुताबिक, स्विफ्ट डिजायर कार में सवार तीन युवक शराब के नशे में उसके घर पहुंचे थे। इनमें प्रेम और पुनीत के अलावा एक अन्य युवक शामिल था। आरोप है कि तीनों ने घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विवाद की वजह पुराने मुकदमे में खर्च हुए रुपयों का लेन-देन बताया जा रहा है। दोनों पक्ष इस मुकदमे को साथ लड़ रहे थे। आरोप है कि आरोपी पुराने मामले में खर्च हुए पैसों का तगादा करने पहुंचे थे। पवन के मुता. बिक, शोर सुनकर मोहल्ले के ५० से १०० लोग मौके पर जुट गए और आरोपियों की कार को घेर लिया। इसके बाद आरोपी तेज रफ्तार में कार लेकर भागने लगे। इसी दौरान उसकी मां सुशीला देवी और एक अन्य महिला कार के बोनट पर आ गईं। आरोप है कि कार सवार दोनों महिलाओं को करीब डेढ़ से दो किलोमीटर तक बोनट पर बैठाकर ले गए। बाद में उन्हें मांट रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए। बोनट पर लटकी शीला ने बताया कि प्रेम नाम का व्यक्ति गाड़ी लेकर उनके घर आया था। वह गाड़ी में सामान रखकर खड़ा था। उससे कहां जाने के बारे में पूछने पर विवाद हो गया। महिला के मुताबिक, आरोपी उनसे रुपये मांग रहा था और पैसे नहीं देने पर धमकी दे रहा था। उन्होंने पहले से किसी रंजिश की जानकारी होने से इनकार किया। महिला ने प्रेम और पुनीत का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि अब उन्हें धमकाया जा रहा है। शीला ने बताया कि घटना के दौरान मौके पर काफी भीड़ थी। पुलिस भी पीछे आई थी, लेकिन पूछताछ और देखभाल के बाद वहां से चली गई। उन्होंने बताया कि वह थाने में शिकायत करने भी गई थीं। महिला ने छाती, हाथ-पैर और पीठ में चोट लगने की बात कही। उनके मुताबिक, शरीर में दर्द है और खून भी निकला है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। क्षेत्राधिकारी सदर वरुण मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक मुकदमे में खर्च हुए पैसों को लेकर विवाद हुआ था। एक पक्ष दूसरे के घर तगादा करने पहुंचा था। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई। विपक्षी जब वहां से भागने लगा तो उसने कार तेज रफ्तार में दौड़ा दी। इस दौरान वादी पक्ष की दो महिलाएं बोनट पर आ गईं और उन्हें चोटें आईं। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया- पीड़ित की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के आधार पर मुकदमे में धारा ३०७ आईपीसी/१०९(१) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने आरोपी प्रेम और पुनीत को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

रेड क्रॉस सोसायटी की टीम ने किया जिले के सभी १२ ब्लड सेंटर्स का गहन निरीक्षण



मथुरा। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (छाब्ब) तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार रेड क्रॉस सोसायटी,जनपद मथुरा द्वारा जिले के रक्त केंद्रों की कार्यप्रणाली एवं रक्तदान व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाया गया। जिले के शत प्रतिशत ब्लड सेंटर्स का सर्वेक्षण करने वाला मथुरा प्रदेश का पहला जिला बना। जिला टीम के इस कार्य की सराहना करते हुए राज्य शाखा ने एक पत्र के माध्यम से टीम को साधुवाद दिया। ३१अक्टूबर से ३ नवंबर तक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जनपद मथुरा की टीम ने जिले के सभी १२ ब्लड सेंटर्स का गहन निरीक्षण कर रेड क्रॉस राज्य मुख्यालय लखनऊ में ऑनलाइन रिपोर्ट भेजी। निरीक्षण करने वाली टीम में अमृत लाल खंडेलवाल, शिव कुमार गुप्ता, वृषभान गोस्वामी, डॉ. विनीता गुप्ता, अवधेश गौतम और जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से अमित गौतम शामिल थे। टीम ने मथुरा शहर के सद्भावना चैरिटेबल ब्लड सेन्टर , लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, रोटरी ब्लड सेन्टर, एम०डी०एस० डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल ब्लड सेन्टर, ब्रज चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, मिर्जापुर हाईवे, बृजवासी चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, मसानी तिराहा, के०डी० मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, ब्लड सेन्टर, छाता, आर०के० मिशन, ब्लड सेन्टर, वृन्दावन, के०एम० मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ब्लड सेन्टर, पाली डूंगरा सौख रोड, माँ महारानी चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, कोटवन, कोसीकला, पूर्णिमा चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, कोस. ीकला और एस०के०एस० मेडिकल हॉस्पिटल ब्लड सेन्टर, चौमुहाँ, पहुंचकर रक्तदान संबंधी व्यवस्थाओं, उपलब्ध रजिस्टरों, अभिलेखों एवं ऑनलाइन डेटा अपलोडिंग की स्थिति का सर्वेक्षण किया।

वृंदावन को पुन: ए-श्रेणी नगरपालिका परिषद का दर्जा दिलाने को जनजागरण अभियान तेज

विद्यापीठ चौराहे से शुरू हुआ हस्ताक्षर अभियान, मोहल्लों में घर-घर पहुंचकर जुटाया जनसमर्थन



वृंदावन। वृंदावन को नगर निगम से पृथक कर पुनः ए-श्रेणी (प्रथम श्रेणी) नगरपालिका परिषद का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर वृंदावन ए-श्रेणी नगरपालिका जन अभियान मंच ने जनजागरण की मुहिम तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को समाजसेवी जितेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में विशेष जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। विद्यापीठ चौराहे से प्रारंभ हुआ अभियान गौतमपाड़ा और गांधी नगर सहित आसपास के मोहल्लों तक पहुंचा। अभियान से जुड़े लोगों ने घर-घर और क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क किया तथा वृंदावन को पुनः स्वतंत्र ए-श्रेणी नगरपालिका परिषद का दर्जा दिलाने की मांग से अवगत कराया। इस दौरान मांग के समर्थन में स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर भी एकत्रित किए गए। मंच पदाधिकारियों ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य वृंदावनवासियों की सामूहिक आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना और नगर के बेहतर भविष्य के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़कर इस मांग को व्यापक जनसमर्थन के साथ शासन के समक्ष उठाया जाएगा। मंच ने नगरवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि वृंदावन के मूल स्वरूप, स्थानीय जरूरतों और नगर के विकास से जुड़े विषयों को लेकर सभी को एकजुट होना होगा। इस दौरान मुकेश खंडेलवाल, गो. विंद शर्मा, उदय सिंह, विजय सिंह, योगेश योगिराज, रवि, धर्मेश खरे, ज्ञानी ठाकुर, शैलेंद्र सिंह चौहान, होची गुरु आदि के अलावा अन्य लोगों मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय में सैकड़ों छात्र-छात्राओं को वितरित की गई नि:शुल्क हाउस ड्रेस, खिले बच्चों के चेहरे

राया। विकास खंड राया के मांट रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को सैकड़ों छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क हाउस ड्रेस वितरित की गईं। नई ड्रेस पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी राया सुशील कुमार ने मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने छात्र-छात्राओं को ड्रेस वितरित कीं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती पूजा चौधरी ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों में एकरूपता, अनुशासन एवं विद्यालय के प्रति अपनापन विकसित करने के उद्देश्य से विशेष हाउस ड्रेस तैयार कराई गई हैं। इसमें बालिकाओं के लिए लाल रंग की टी-शर्ट और नीला लोअर निर्धारित किया गया है, जिस पर विद्यालय के नाम के साथ श्शक्ति हाउसश अंकित है। वहीं बालकों के लिए नीली टी-शर्ट और नीला लोअर निर्धारित किया गया है, जिस पर विद्यालय के नाम के साथ श्भारत हाउसश अंकित है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि सुशील कुमार का रोली-चंदन का तिलक लगाकर पारंपरिक स्वागत किया। वहीं बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किए गए सुंदर ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर अतिथि के प्रति सम्मान एवं स्नेह प्रकट किया। बच्चों का यह अनूठा अंदाज देखकर उपस्थित अतिथियों ने उनकी सराहना की।प्रधानाध्यापिका श्रीमती पूजा चौधरी ने मुख्य अतिथि सुशील कुमार को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय के विकास में उनके निरंतर सहयोग की सराहना की। इससे बच्चों का उत्साहवर्धन होने के साथ विद्यालय में नामांकन वृद्धि को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर एसआरजी शिव कुमार, शिक्षिकाएं प्रियंका, राबिया, रूबी, राजकुमारी, अनामिका, हेमलता सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला का हुआ समापन, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

राया। श्री राम नाटक कमेटी के तत्वावधान में कस्बे के मांट रोड स्थित हनुमान मढ़ी पर चल रही रामलीला का मंगलवार को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ भव्य समापन हो गया। इससे पूर्व कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न सहित चारों भाइयों के स्वरूपों के साथ हनुमान जी की सवारी बैंडबाजों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से धूमधाम के साथ गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में माता काली सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, भूपेश अग्रवाल, अभिषेक पाराशर, संजय गोयल, हिमांशु व्यास, पुनीत चौबे, सचिन अग्रवाल, कपिल गोयल, प्रभात अग्रवाल, कन्हैयालाल, लोकेश शर्मा, कुलदीप शास्त्री, कान्हा चौधरी, रुपेश शर्मा, बॉबी राज, सूरजपाल सिंह, मुन्ना शर्मा, चिंटू गौतम, अंकित अग्रवाल, कृष्णकांत अग्रवाल आदि मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ ही रामलीला का विधिवत समापन हुआ।

अज्ञात चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

अमरपाली सोसाइटी स्थित किराये के कमरे में हुई चोरी; पीड़ित छात्र ने थाना जैत में दी तहरीर

चौमुहां। थाना जैत क्षेत्र के चौमुहां स्थित अमरपाली सोसाइटी में किराये के कमरे से दो लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। छात्र और उसका दोस्त कमरे पर ताला लगाकर कॉलेज में क्लास लेने गए थे। वापस लौटे तो कमरे से दोनों लैपटॉप गायब मिले। काफी तलाश के बाद भी लैपटॉप का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित छात्र ने बुधवार को थाना जैत पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रितिक जादौन पुत्र मनोज कुमार जादौन निवासी अमरपाली सोसाइटी, चौमुहां थाना जैत में किराये के मकान के फ्लैट नंबर बी-८ के कमरा नंबर ३०३ में रहता है। वह बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। पीड़ित के मुताबिक, नौ अक्टूबर को वह अपने दोस्त प्रयांश पांडेय के साथ कमरे में पढ़ाई कर रहा था। इसके बाद दोनों करीब ११:१० बजे क्लास लेने के लिए कॉलेज चले गए। इस दौरान वे अपने दोनों लैपटॉप कमरे में रखकर गए थे। करीब दोपहर १:५० बजे जब दोनों क्लास खत्म कर वापस कमरे पर पहुंचे तो वहां रखे दोनों लैपटॉप गायब मिले। चोरी हुए लैपटॉप में एक आसुस वीवोबुक-१६ और दूसरा आसुस टीयूएफ गेमिंग लैपटॉप शामिल है। कमरे से लैपटॉप गायब देखकर दोनों छात्रों के होश उड़ गए।

एक सौ सात दिन तक थाने के चक्कर काटता रहा पीड़ित, तब दर्ज हुई बाइक चोरी की एफआईआर

घर के सामने से चोरी हुई थी बाइक, चौकी इंचार्ज देते रहे बरामदगी का आश्वासन

चौमुहां। कस्बा चौमुहां मैं घर के सामने से बाइक चोरी होने के बाद एक पीड़ित को एफआईआर दर्ज कराने के लिए १०७ दिन तक पुलिस चौकी के चक्कर काटने पड़े। आरोप है कि इस दौरान स्थानीय चौकी इंचार्ज पीड़ित को बाइक बरामद कराने का आश्वासन देते रहे, लेकिन चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। आखिरकार घटना के करीब साढ़े तीन महीने बाद थाना जैत पुलिस ने तीन नवंबर को अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा चौमुहां के थोक दाऊद निवासी पीड़ित की बाइक उन्नीस जुलाई को घर के सामने से चोरी हो गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पीड़ित का आरोप है कि बाइक चोरी की सूचना देने के बाद से ही वह लगातार पुलिस चौकी और थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन उसकी शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित के मुताबिक, स्थानीय आइई चौकी इंचार्ज बार-बार बाइक बरामद कराने का भरोसा दिलाते रहे। इसी उम्मीद में वह कई दिनों तक पुलिस की कार्रवाई का इंतजार करता रहा, लेकिन न तो बाइक बरामद हो सकी और न ही मुकदमा दर्ज किया गया। इस तरह एक सौ सात दिन बीतने के बाद तीन नवंबर को थाना जैत पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया। घटना के इतने दिनों बाद एफआईआर दर्ज होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि यदि समय रहते मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जाती तो बाइक बरामद होने की उम्मीद बढ़ सकती थी। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

धूमधाम और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ श्री हनुमद् आराधन मंडल का १५वां वार्षिकोत्सव

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ, संकीर्तन नृत्य, महाआरती और वृहद भंडारे का हुआ आयोजन,

विपिन बापू को मिली 'विद्या वारिधि' (पीएचडी) की मानद उपाधि

वृंदावन। अक्रूर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्री हनुमद् आराधन मंडल का १५वां वार्षिक महोत्सव अनेक प्रख्यात संत-महात्माओं, धर्माचार्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया। महोत्सव का शुभारंभ अत्यंत प्राचीन श्री पंचमुखी हनुमान जी के विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके उपरांत संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ, हनुमान जी के भजनों पर संकीर्तनमय नृत्य, विचार गोष्ठी, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, महाआरती एवं वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में राजस्थान के कुशल हलवाइयों द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट व्यंजनों का असंख्य श्रद्धालुओं एवं ब्रजवासियों ने आनंद लिया। विपिन बापू को मिली 'विद्या वारिधि' की मानद उपाधि- महोत्सव का विशेष आकर्षण श्री हनुमद् आराधन मंडल के कोषाध्यक्ष एवं प्रख्यात भागवत प्रवक्ता विपिन बापू को प्रदान की गई मथुरा-वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा एवं विश्व हिंदी मंच के अध्यक्ष डॉ. प्रणव शास्त्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, हनुमान जी का चित्रपट, ठाकुर जी का पटका, प्रसादी माला, अंगवस्त्र एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उनके स्वस्थ, समृद्ध एवं प्रगतिमय जीवन की मंगलकामना की गई। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का भी हुआ सम्मान महोत्सव के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा 'यूपी रत्न' की मानद उपाधि से अलंकृत वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें श्री हनुमद् आराधन मंडल का मीडिया प्रभारी घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल के मार्गदर्शक डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने किया। इस अवसर पर जगतगुरु बाबा बलराम दास महाराज, महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज, मंडल के संस्थापक अध्यक्ष अशोक व्यास, डॉ. अशोक शास्त्री, डॉ. अश्विनी मिश्रा, डॉ. चतुर नारायण पाराशर, राजू भैया, भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी, भागवत प्रवक्ता वर्षा कौशल, विनय त्रिपाठी, संजीव कृष्ण शास्त्री ठाकुरजी, मृदुल कृष्ण शास्त्री, भजन सम्राट बनवारी महाराज, डॉ. ऋषि तिवारी, चौतन्य किशोर कटारे, पंडित सत्यभान शर्मा बाबूजी, जगदीश ठाकुरजी, गौसेवी संत कृष्णानंद भूरीवाले सहित अनेक संत-महात्मा, धर्माचार्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महोत्सव का समापन हनुमान जी की महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ।

बीएसए कॉलेज शिक्षक एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, प्रो . डॉ. यू.के. त्रिपाठी बने अध्यक्ष और प्रो डॉ रेखा राय मंत्री

नई कार्यकारिणी शिक्षकों के हितों एवं महाविद्यालय के विकास के लिए करेगी कार्य

मथुरा। बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा शिक्षक एसोसिएशन का नव निर्वाचन ३ नवंबर २०२६ को निर्वाचन अधिकारी प्रो. एस.के. सिंह द्वारा चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची प्राचार्य को प्रस्तुत की गई, जिस पर प्राचार्य ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। निर्वाचन में डॉ. यू.के. त्रिपाठी को अध्यक्ष, डॉ. बी.के. गोस्वामी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री नरेंद्र कुमार को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. रेखा राय को मंत्री/सचिव, श्री पंकज कुमार पाठक को संयुक्त मंत्री/सचिव तथा डॉ. संघर्ष राठौर को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. एस.एस. सिंह, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. यामिनी द्विवेदी, डॉ. संजय कुमार, श्री ब्रजभूषण, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. अभिषेक कुलश्रेष्ठ एवं डॉ. चंचल शर्मा को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. यू.के. त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं महाविद्यालय के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को उचित मंच पर प्रभावी ढंग से उठाना तथा महाविद्यालय में स्वस्थ, सकारात्मक एवं सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना होगा। सभी शिक्षकों को साथ लेकर सामूहिक रूप से कार्य किया जाएगा। महाविद्यालय की गरिमा, शैक्षणिक गुणवत्ता और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। नवनिर्वाचित मंत्री/सचिव डॉ. रेखा राय ने कहा कि एसोसिएशन शिक्षकों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच एक सकारात्मक सेतु के रूप में कार्य करेगी। शिक्षकों की समस्याओं, उनके सम्मान, अधिकारों एवं सुविधाओं से जुड़े विषयों को गंभीरता से उठाया जाएगा।

मथुरा में 'प्रोजेक्ट प्रीटीन्स' के तहत स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सकों के लिए कार्यशाला संपन्न

कान्हा माखन स्कूल में उमड़े विद्यार्थी, मानसिक स्वास्थ्य पर हुई चर्चा



मथुरा। अखिल भारतीय स्तर पर चल रहे 'एएचए नेशनल एक्शन प्लान २०२६' के तहत मथुरा में बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य व कल्याण को समर्पित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में किशोरावस्था से पहले (प्रीटीन अवस्था) स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान करना और उन्हें सुरक्षित भविष्य देना था। श्रृंखला के पहले चरण में कान्हा माखन पब्लिक स्कूल, मथुरा में एक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसमें लगभग ३०० प्रीटीन, किशोर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। धविशेषज्ञ वक्ताओं में प्रो. (डॉ.) एन. सी. प्रजापति, डॉ. पियाली भट्टाचार्य, डॉ. शालिनी भसीन, डॉ. निर्मला जोशी, डॉ, सोनिया भट्ट और डॉ. आर. एन. शर्मा ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। सत्र के दौरान शैक्षणिक तनाव, चिंता (एंजायटी), मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक सक्रियता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉक्टरों ने बच्चों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। घ्कार्यक्रम के दूसरे चरण में सर्वोदय हॉस्पिटल, मथुरा के कॉन्फ्रेंस हॉल में 'कॉप्रिहेंशिव प्रीटीन केयर इन ऑफिस प्रैक्टिस' विषय पर एक विशेष चिकित्सकीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मथुरा के अलावा आगरा और प्रयागराज से आए लगभग ५२ प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यशाला में बच्चों की शारीरिक वृद्धि और विकास, मानसिक, व्यवहारिक व भावनात्मक स्वास्थ्य, बच्चों में बढ़ती डिजिटल लत, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर गहन वैज्ञानिक चर्चा हुई। खास बात यह रही कि इंटरैक्टिव रोल-प्ले और व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों के जरिए चिकित्सकों को आधुनिक प्रीटीन स्वास्थ्य देखभाल की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दोहरे आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सुषमा देसाई, डॉ. समीर शाह और डॉ. शमिक घोष का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी) आईएपी मथुरा के सक्रिय सदस्य डॉ. विपुल गोयल, डॉ. पंकज जैन, डॉ. रितेन गोयल, डॉ. मीना सूद, डॉ. अंशु शर्मा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. टोनी गुप्ता, डॉ. रमनीश एवं डॉ. योगेश अग्रवालकृका सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वोदय हॉस्पिटल का भी विशेष योगदान रहा। घ्कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने एक ही संदेश दिया "बच्चों को समय रहते पहचानें, उनकी सुरक्षा और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करें।" यह पूरा आयोजन उत्तर प्रदेश एडोलसेंट हेल्थ ऐकेडमी एवं इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

सौभाग्य योग में ०९ नवंबर को मनाई जाएगी सोमवती अमावस्या

सूर्य, चन्द्रमा व बुध तीन ग्रहों की युति ने बढ़ाया सोमवती अमावस्या का महत्व

मथुरा। कार्तिक मास की सोमवती अमावस्या ०९ नवंबर को सौभाग्य योग में सूर्य , चन्द्रमा व बुध तीन ग्रहों की युति में मनाई जाएगी। इस संबंध में दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान की विचार गोष्ठी गोपाल गली स्थित संस्थान के कार्यालय पर ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी में उन्होंने कहा अमावस्या तिथि ०८ नवंबर को ११.२७ बजे प्रारंभ होकर ०९ नवंबर सोमवार को मध्यान्ह १२.३१ बजे तक रहेगी सोमवार को सूर्योदय के समय प्रात: अमावस्या होने के कारण इसे सोमवती अमावस्या मानी जाएगी उन्होंने बताया कि सूर्योदय के समय सूर्य, चन्द्रमा, व बुध तीन ग्रहों की युति होने के कारण अमावस्या पर्व का महत्व बढ़ गया है। गोष्ठी में आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या को स्नान,दान, धर्म,कर्म के लिए श्रेष्ठ फलदाई बताया उन्होंने कहा कार्तिक मास में सोमवती अमावस्या को नदी किनारे एवं देवालयों और पीपल के वृक्ष के नीचे दीपदान करने से परिवार में सुख,शांति, समृद्धि, ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और पूर्वजों को आत्मशांति मिलती है। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक चतुर्वेदी, एवं पंकज चतुर्वेदी ने कहा कार्तिक मास में सोमवती अमावस्या पर सौभाग्य योग होने के कारण विशेष फलदायी है इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से स्त्रीयों को अखंड सौभाग्य और परिवार में सुख, शांति की प्राप्ति होती है। गोष्ठी में गंगाधर अरोड़ा, हरस्वरुप यादव,आचार्य सौरभ, शरद शास्त्री , ऋषभ देव, गोविंद देव, मनोज पाठक, मनीष पाठक, निरंजन शास्त्री, प्रियांशु चतुर्वेदी आदि ने कहा सोमवती अमावस्या को जरुरतमंद को अन्न, वस्त्र दान देने और गौमाता को हरा चारा और पक्षियों व जलचरों को दाना डालने से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। गोष्ठी का संचालन पूर्व पार्षद रामदास चतुर्वेदी शास्त्री ने करते हुए कहा हम सभी अत्यंत सौभाग्यशाली हैं हमें सोमवती अमावस्या का पुण्य लाभ मिल रहा है महाभारत काल में पांडव सोमवती अमावस्या के लिए तरस गए थे।

के.एम. विश्वविधालय में छात्रों को दिपावली से पूर्व मिला आत्मनिर्भर और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मथुरा। के.एम. विश्वविधालय के वेटेरिनरी विभाग में आज वेटरनरी साइंस प्रथम वर्ष के एनसीसी एवम एनएसएस के छात्र-छात्राओं हेतु दीपावली पर्व पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दीपावली के आध्यात्मिक महत्व और इसे मनाने के सुरक्षित तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। वेटरनरी साइंस विभाग के डीन डॉ. अजय प्रकाश ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के चांसलर श्री किशन सिंह चौधरी, कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह एवं क्रीड़ा अधिकारी वेद प्रकाश पांडे ने सभी छात्र-छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन किया। इस मौके पर छात्र सहित विभाग के अध्यापक एवं स्टाफ भी मौजूद रहें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'लोकल फॉर वोकल', प्रदूषण मुक्त, पॉलिथीन मुक्त और कचरा रहित दीपावली मनाने का संकल्प रहा। साथ ही, छात्रों को प्राकृतिक सामग्रियों से रंगोली बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल ने किया भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन, 32 कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

हाथरस। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जिला हाथरस के तत्वावधान में बुधवार को हुतात्मा दिवस के अवसर पर जय माँ कैला ब्लड बैंक, माहौर गेस्ट हाउस, मुरसान गेट, हाथरस पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं श्रीराम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। इसके बाद अशोक सिंघल की स्मृति एवं सम्मान में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राजेश दिवाकर एवं उद्घाटनकर्ता के रूप में श्वेता चौधरी नगर



पालिका अध्यक्ष हाथरस उपस्थित रहीं। संगठन की ओर से अतिथियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पटिका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह भेंटकर एवं गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री उमाकांत एवं देवराज जिला संगठन मंत्री तथा मुकेश सूर्यवंशी प्रांत समरसता टोली सदस्य, कुलकुल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम की उद्घाटनकर्ता श्वेता चौधरी के द्वारा भी रक्तदान किया गया। जिला मंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि हुतात्मा दिवस हमें उन वीर कारसेवकों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। रक्तदान करके किसी का जीवन बचाना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। अंत में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश सूर्यवंशी प्रांत समरसता टोली सदस्य, विभाग संयोजक हर्षित गौड़, जिला सहमंत्री अमरदीप, अनमोल अग्निहोत्री, हेमंत कौशल, महेश वर्मा, दाऊदयाल वर्मा, राहुल चौधरी, दीपू वार्ष्णेय, राजीव प्रताप, शिवम शर्मा, शिव राणा, छोटू राणा, किशन भारती, गौरव प्रजापति, विजय गुप्ता, सूरज गुप्ता, हर्ष चौहान, प्रिंस, नैतिक, हिमांशु, नवीन वर्मा, गौरव ठाकुर, मोहित चौहान, पृथ्वी, महक राणा, देवेश ठाकुर, विवेक शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

आलू की बुवाई के दौरान 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आने से मजदूर की दर्दनाक मौत

सासनी। सासनी क्षेत्रांतर्गत नया नगला गांव में खेत में आलू की बुवाई का काम करते समय एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर से जुड़ी आलू बुवाई की मशीन पर मजदूरी कर रहे 24 वर्षीय युवक की खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद आनन-फानन में युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक के परिवार में चीख-पुकार और कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, सासनी क्षेत्र के गांव खोरना निवासी 24 वर्षीय



योगेश पुत्र जमुना दास मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह पड़ोसी गांव नया नगला में एक खेत पर ट्रैक्टर से आलू बुवाई के काम में लगा हुआ था। काम के दौरान जब योगेश मशीन में आलू डाल रहा था, तभी अचानक ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की चालू विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। हाईटेंशन लाइन का करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस कर अचेत होकर वहीं गिर पड़ा। घटना होते ही खेत में काम कर रहे अन्य लोगों और परिजनों में हड़कंप मच गया। लोग उसे तत्काल उपचार के लिए सासनी के नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी अत्यंत नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे हाथरस के बागला जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर बागला जिला अस्पताल पहुंचे, जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असामयिक मौत की सूचना मिलते ही गांव खोरना में सन्नाटा पसर गया और उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक योगेश अपने पीछे पत्नी और एक छोटे बच्चे को छोड़ गया है। परिवार के कमाऊ सदस्य की इस तरह अचानक हुई मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

पूर्व सभासद नारायन लाल बने बृजक्षेत्र अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय कार्यालय सह मंत्री

विधानसभा प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत



हाथरस। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सभासद नारायन लाल को बृजक्षेत्र अनुसूचित मोर्चा का क्षेत्रीय कार्यालय सह मंत्री बनाए जाने पर भाजपा जिला कार्यालय पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी पूजा वार्ष्णेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह ने उन्हें फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

नारायन लाल को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाह ने कहा कि नारायन लाल पार्टी के लिये समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुये कहा कि उन्हें विश्वास है कि नारायन लाल अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

नारायन लाल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है उसे वह पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ पूरा करेंगे। पार्टी को मजबूर बनाने में तन मन धन से जुट जाऊँगा।

एसडीएम सदर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं सीओ द्वारा पटाखा एवं आतिशबाजी की दुकानों का किया गया निरीक्षण

सुरक्षा मानकों का लिया गया जायजा



हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी सदर हाथरस, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में संचालित पटाखा एवं आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पटाखा एवं आतिशबाजी की दुकानों पर शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान दुकानों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता, आग से बचाव के इंतजाम, आतिशबाजी के सुरक्षित भंडारण, दुकानों के मध्य निर्धारित दूरी तथा विद्युत सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि पटाखों एवं आतिशबाजी का भंडारण एवं विक्रय निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप ही करें। दुकानों पर अग्निशमन उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। साथ ही दुकानों के आसपास ज्वलनशील पदार्थ न रखने, धूम्रपान पर पूर्ण प्रतिबंध रखने तथा सुरक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि पटाखा एवं आतिशबाजी की दुकानों पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

त्यौहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान



हाथरस। पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद में आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने व कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में थाना पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पुलिस टीमों द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर आवश्यक जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही वाहनों के आवश्यक प्रपत्रों की जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई।

सीडीओ ने गौ आश्रय स्थल कैलोरा का किया निरीक्षण

हाथरस। सीडीओ द्वारा गौ आश्रय स्थल, कैलोरा विकास खण्ड हाथरस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा़ेपाल सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी, हरीमोहन अवर अभियंता, ग्राअवि, केके गौतम, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान/प्रशासक उपस्थित मिले। पूर्व सूचना दिये जाने के उपरान्त भी ग्राम पंचायत सचिव मनीष वर्मा, निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं मिले। अत: ग्राम पंचायत सचिव मनीष वर्मा का 4 नवंबर 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय गौ आश्रय स्थल में कुल 291 गौवंश मिले जिसमें 86 नर एवं 205 मादा बताई गई। ग्राम प्रधान प्रशासक द्वारा 05 गौवंश बीमार बताये गये, उपस्थित पशु चिकित्साधिकारी को कितने



गौवंश बीमार है की कोई जानकारी नहीं थी। डाक्टर द्वारा बीमार पशुओं के उपचार के सम्बन्ध में गौवंशवार टैगवार कोई पंजिका नहीं बनाई गई है। मृतक गौवंश के विवरण हेतु कोई पंजिका देखने को नहीं मिली। जबकि गौवंश के मृतक होने पर पंचनामा रजिस्टर में गौवंश दर्ज किये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा उसके अंतिम संस्कार तक का वीडियो सुरक्षित रखा जायेगा किन्तु गौशाला में उक्त रजिस्टर नहीं बनाया गया है और न ही कोई वीडियो सुरक्षित रखी गई है। डा.गोपाल सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी का कार्य संतोषजनक नहीं है, इनके द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरती जा रही है। किसी भी पंजिका के सम्बन्ध में कोई समुचित जानकारी नहीं दे सके। गौ आश्रय स्थल में 4 केयर टेकर दिन में तथा 02 केअर टेकर रात्रि में कुल 06 केअर टेकर तैनात हैं। गौ आश्रय स्थल में 05 शेड एवं 04 चरही हैं। बिजली का कनेक्शन है एवं पानी के लिए समर लगी हुई है। 04 सीसीटीवी कैमरा लगे है। गौशाला में 120 कुन्तल भूसा एवं 18 कुन्तल दाना उपलब्ध बताया गया। प्रधान/प्रशासक एवं सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि भूसा टैण्डर लिये जाने वाले वैण्डर को हराचारा उपलब्ध कराये न कराये जाने हेतु कारण बताओ नोटिस निर्गत किया जाए अन्यथा की स्थिति में टैण्डर निरस्त करने सम्बन्धी कार्यवाही की जाए।

गौशाला की वाउन्ड्रीवाल ग्राम निधि से एवं एक शेड का निर्माण विधायक क्षेत्र विकास निधि से कराया जा रहा है। वाउन्ड्रीवाल के निरीक्षण के समय संज्ञान में आया कि वाडन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्व में पैमाइश के जो खम्बे लगाये गये हैं उसको लगभग 20 फुट छोड़कर कराया जा रहा है।

महात्मा गांधी पर गूगल जेमिनाई ने की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी, अधिवक्ता ने ट्विीट के जरिए पीएम, सीएम से की शिकायत

सादाबाद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान ट्रेन की घटना का वर्णन करते हुए गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनाई द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए शब्दों पर अधिवक्ता राहुल मित्तल ने कड़ी आपत्ति जताई है। सादाबाद की सुभाष गली निवासी अधिवक्ता राहुल मित्तल ने इस टिप्पणी को महात्मा गांधी के सम्मान और उनकी ऐतिहासिक विरासत के प्रति अनुचित बताते हुए गूगल से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है।अधिवक्ता राहुल मित्तल का आरोप है कि गूगल जेमिनाई ने महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान हुई ऐतिहासिक ट्रेन की घटना का वर्णन करते हुए यह शब्द इस्तेमाल किए कि उन्हें ट्रेन से उतारा नहीं गया, बल्कि फेंका गया था। राहुल मित्तल ने इस प्रकार की भाषा पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तित्व के संबंध में टिप्पणी करते समय शब्दों की मर्यादा और ऐतिहासिक तथ्यों की संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस मामले को लेकर अधिवक्ता राहुल मित्तल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (एक्स) के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी पोस्ट में गूगल जेमिनाई को टैग करने के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हाथरस जनपद के जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों एवं अधिकारियों को भी टैग कर इस मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। अधिवक्ता राहुल मित्तल का कहना है कि ऐसे में किसी भी बड़े तकनीकी प्लेटफॉर्म द्वारा उनके संबंध में टिप्पणी करते समय जिम्मेदारी और संवेदनशीलता बरतना आवश्यक है।महात्मा गांधी केवल भारत के राष्ट्रपिता ही नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और शांति के वैश्विक प्रतीक हैं। उनके जीवन और संघर्ष से देश के करोड़ों लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। अधिवक्ता राहुल मित्तल ने गूगल प्रबंधन से मांग की है कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एआई प्रतिक्रिया की समीक्षा करे, अनुचित भाषा को सुधारे और देश की जनता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण कर 4 मिठाईयों के लिए सैंपिल

हाथरस। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्रलखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मनोज कुमार सिंह तोमर के आदेश व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह नेतृत्व में बुधवार को आगामी त्योहार के दृष्टिगत खाद्य टीम द्वारा मोहनगंज घण्टाघर स्थित राधे प्रोविजन स्टोर से तिल के तेल का नमूना, घण्टाघर स्थित लाल रामगोपाल इमरती वाले के यहां से परवल छैना मिठाई का नमूना, मानिकपुर सादबाद पर धर्मेन्द्र से मिश्रित दूध का नमूना एवं सादाबाद माधव काम्प्लेक्स के सामने स्थित अरिका स्वीट्स से छैना का नमूना मिलावट के संदेह के आधार पर जांच हेतु संग्रहीत कर प्रयोगशाला भेजा गया।

उक्त 4 नमूने संग्रहीत कर जांच प्रयोगशाला भेजे गये। साथ ही सहपऊसादाबाद स्थित कान्हा स्वीट्स के यहां 10 किग्रा रंगीन



बूंदी को नष्ट कराया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्ति के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुरेन्द्र कुमार गोंड, करतार सिंह, पारूल सिंह उपस्थित रहें। मिलावट खाद्य पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

सादाबाद में ढाबे के सामने सड़क की पटरी पर अतिक्रमण का आरोप

जिलाधिकारी से की शिकायत, अन्य दुकानों के चबूतरे तोड़ने के बाद ढाबे के सामने निर्माण नहीं हटाने पर उठाए सवाल

सादाबाद। करवन नदी से सिविल कोर्ट तक सड़क के दोनों ओर नगर पंचायत द्वारा कराए गए खरंजा निर्माण के दौरान कथित भेदभाव का मामला सामने आया है। सड़क की पटरी पर बने दुकानों और मकानों के चबूतरे व सीढ़ियां ध्वस्त कराए जाने के बावजूद सिविल कोर्ट के सामने संचालित आंशू ढाबे के बाहर बने चबूतरे, टीनशेड और पक्की तंदूर की भट्टी नहीं हटाए जाने पर अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने ढाबे के सामने सड़क की सीमा में किए गए निर्माण को हटवाकर वहां भी खरंजा लगवाने की मांग की है।

सिविल कोर्ट अधिवक्ता शशिपाल सिंह सिसोदिया ने जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि नगर पंचायत सादाबाद द्वारा करवन नदी से सिविल कोर्ट तक सड़क के दोनों ओर सीमेंट की ईंटों से खरंजा निर्माण कराया गया है। इस दौरान दुकानों और मकानों की सीढ़ियों के अलावा सड़क की सीमा में बने चबूतरों को भी ध्वस्त कराया गया। बीएस पब्लिक स्कूल के सामने पहले पौधे लगाकर पार्किंग बनाई गई थी और स्टील की रेलिंग लगी हुई थी, जिसे हटवा दिया गया। ढाबे से आगे दो फोटोस्टेट की दुकानों के सामने बने चबूतरे भी ध्वस्त करा दिए गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीएस पब्लिक स्कूल के बराबर संचालित आशू ढाबे के सामने नाली के पास सड़क की सीमा में चबूतरा बना हुआ है। यहां टीनशेड और तंदूर की पक्की भट्टी भी बनी हुई है, लेकिन नगर पंचायत ने इसे नहीं हटवाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 21 सितंबर 2026 को नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी थी, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि अन्य स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के बावजूद ढाबे के सामने निर्माण नहीं हटाया जाना नगर पंचायत की कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर सड़क की सीमा से कथित अवैध निर्माण हटवाने और अन्य स्थानों की तरह वहां भी सीमेंट की ईंटों का खरंजा लगवाने की मांग की है।

इस मामले ` चेयरमैनपति राधारमन अग्रवाल ने बताया कि आंसू ढाबे के सामने से अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौखिक रूप से कहा गया है। अतिक्रमण को हटवाने के लिए नगर पंचायत की तरफ से एसडीएम को भी पत्र भेजा गया है।

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराने वाले 32 होनहारों का सम्मान

उत्सव गार्डन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, पुलिस, होमगार्ड और लेखपाल सहित विभिन्न पदों पर चयनित युवाओं को मिला सम्मान

सादाबाद। किसी भी क्षेत्र की असली पहचान उसकी प्रतिभाओं और युवाओं की उपलब्धियों से होती है। मेहनत, लगन और संघर्ष के दम पर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले सादाबाद क्षेत्र के 32 होनहार युवाओं को बुधवार को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कूपा रोड स्थित उत्सव गार्डन में एक्सपर्ट इंन्स्टीट्यूट द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में चयनित युवाओं को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। अतिथियों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और उनकी सफलता को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। समारोह में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती, होमगार्ड, लेखपाल सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवक-युवतियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एकमतेज



फाउंडेशन के चेयरमैन चैधरी तेजवीर सिंह, जिपं अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, ट्रस्टी धर्मवीर सिंह, बसपा नेता डॉ. अविन शर्मा, एक्सपर्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक मुनीकेश पचैरी, आरबीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बीएस उपाध्याय, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि राधारमन अग्रवाल, भाजपा नेता सुनील गौतम, युवा समाजसेवी साकेत ठेनुआ, रवि पचैरी, रामभरोसेलाल पचैरी, किशन लाल पचैरी और राजकुमार पचैरी ने चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मनीषा शर्मा, चांदनी चैधरी, हरिओम कुमार, गगन कुमार, प्रहलाद कुमार, मनीष कुमार, रवि भारद्वाज, नरेश कुमार, रामप्रकाश, भावना सिंह, कृष्णकांत, आकाश, कपिल गौतम, चिराग शर्मा, चंद शर्मा, विनय कुमार, विजय कुमार, भूपेंद्र सिंह, अमित कुमार, शिव शंकर, भारती, सन्नो मलिक, राम अवतार, विनीता सिंह, निशा सिंह, पूरन सिंह, रमा गौतम, देश कुमार, सूरज कुमार, ज्योति पचैरी, अमन कुमार, अजरूहद्दीन और प्रशांत कुमार शामिल रहे। डॉ. अविन शर्मा ने कहा कि युवाओं की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने से सफलता अवश्य मिलती है। ऐसे प्रतिभा सम्मान समारोह युवाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ समाज में शिक्षा और रोजगार के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं। एक्सपर्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक मुनीकेश पचैरी ने कार्यक्रम का संचालन किया और सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में ओमवीर प्रधान, संजय यादव एडवोकेट, चंदन शर्मा, राम कुमार, प्रीती चैधरी, अजरूहद्दीन और विवेक पचैरी सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण में तेजी लाने के निर्देश

तहसील सभागार में हुई समीक्षा बैठक, ऑनलाइन कार्य समय से पूरे करने पर दिया जोर



सादाबाद। सहकारी समितियों को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने और किसानों को पारदर्शी एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को तहसील सभागार में समितियों के कंप्यूटरीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में तहसील क्षेत्र की सभी सहकारी समितियों के सचिव मौजूद रहे।

बैठक में समितियों में कंप्यूटरीकरण से संबंधित ऑनलाइन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही समितियों के विकास, कार्यप्रणाली में सुधार और समिति हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। अपर जिला सहकारी अधिकारी सादाबाद एवं सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) ने समिति सचिवों को निर्देश दिए कि कंप्यूटरीकरण से संबंधित सभी ऑनलाइन कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरे किए जाएं। अधिकारियों ने कहा कि सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण होने से किसानों को पारदर्शी तरीके से सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे समितियों के कामकाज में तेजी आने के साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए डिजिटल व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना जरूरी है। सहायक विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि जनपद की कई सहकारी समितियां सीसीटीवी कैमरों से लैस हो चुकी हैं। इसके साथ ही समितियों की कार्यप्रणाली में भी पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है। आधुनिक तकनीक और डिजिटल व्यवस्थाओं को अपनाकर सहकारी संस्थाओं को अधिक प्रभावी एवं किसान हितैषी बनाया जा रहा है। बैठक में समिति सचिवों से शासन की मंशा के अनुरूप डिजिटल सहकारिता अभियान को गति देने और निर्धारित समयसीमा में कंप्यूटरीकरण के सभी कार्य पूरे करने की अपेक्षा की गई, ताकि किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

रंगीन बूंदी के 10 किलो लड्डू नष्ट कराए, चार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

त्योहारी सीजन में खाद्य विभाग की छापेमारी से हड़कंप

सादाबाद। त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को सादाबाद क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। टीम ने विभिन्न दुकानों से तिल का तेल, मिठाई, दूध और छैना के चार नमूने संग्रहित किए। वहीं सहपऊ-सादाबाद स्थित कान्हा स्वीट्स पर 10 किलोग्राम रंगीन बूंदी को नष्ट कराया गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी के



निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय मनोज कुमार सिंह तोमर के आदेश तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा टीम ने मोहनगंज घंटाघर स्थित राधे प्रोविजन स्टोर से तिल के तेल का नमूना लिया। घंटाघर स्थित लाल रामगोपाल इमरती वाले की दुकान से परवल छैना मिठाई, मानिकपुर सादाबाद में धर्मेंद्र से मिश्रित दूध तथा माधव कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित अरिका स्वीट्स से छैना का नमूना संग्रहित किया गया। सभी चार नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके अलावा सहपऊ-सादाबाद स्थित कान्हा स्वीट्स पर 10 किलोग्राम रंगीन बूंदी को नष्ट कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार, करतार सिंह और पारुल सिंह मौजूद रहे।

त्योहारों पर शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट

डीएम-एसएसपी ने धर्मगुरुओं संग की पीस कमेटी बैठक



फिरोजाबाद। आगामी धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। एसएसपी आदित्य लांग्हे की मौजूदगी में धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया। डीएम ने निर्बाध बिजली, पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं दीपावली की अगली सुबह आतिशबाजी के अवशेषों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी ने अवैध पटाखा भंडारण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई, बाजारों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की बात कही। प्रशासन ने एंबुलेंस, अग्निशमन और स्वास्थ्य सेवाओं को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त प्रशांत नागर, सीएमओ डॉ. राम बदन राम सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

दर्दनाक हादसे में महिला मजिस्ट्रेट की मौत, खाई में गिरी अनियंत्रित कार







फिरोजाबाद। आगरा-इटावा हाईवे पर बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की महिला सदस्य सोनम चतुर्वेदी की मौके पर ही मौत हो गई। दो कारों के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद उनकी मारुति कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह सोनम चतुर्वेदी अपनी मारुति कार से जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही हुंडई एक्सेंट कार ओवरटेक करते हुए सामने आ गई। दोनों कारों की भिड़ंत के बाद सोनम की कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना मक्खनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। परिवार में चीख-पुकार मच गई। बताया गया है कि सोनम चतुर्वेदी पिछले चार वर्षों से फिरोजाबाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में महिला सदस्य के पद पर कार्यरत थीं। उनके पति वैभव राघवन प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं। वहीं, सूचना पर आईपीएस एवं एएसपी जयबिंद कुमार गुप्ता भी घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 10 बजे दो कारों के बीच हादसा हुआ है। दुर्घटना के कारणों की पड़ताल के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही

योग से निरोग रहने का संदेश, रायफल क्लब में अधिकारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास





फिरोजाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ से प्रेरित ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत 1 से 7 नवंबर तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में बुधवार को स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं थीम के अंतर्गत रायफल क्लब में डीएम संतोश कुमार षर्मा संग सभी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

इस दौरान नियमित योग, शारीरिक स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली के महत्व पर जोर देते हुए सभी अधिकारियों एवं आमजन को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

संविधान संवाद में छात्राओं को बताए अधिकार और कर्तव्य, पोक्सो कानून की भी दी जानकारी



फिरोजाबाद। महात्मा गांधी स्नातकोत्तर बालिका महाविद्यालय में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में संविधान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा ने छात्राओं को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, पॉक्सो अधिनियम-2012 तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में भी विस्तार से बताया। इस दौरान छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई। वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप चंद्र जैन ने विधिक सेवाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या द्विवेदी तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

नवंबर में राशन कार्डधारकों को मिलेगा मुफ्त खाद्यान्न, 6 से 30 नवंबर तक होगा वितरण

फिरोजाबाद। जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह ने बताया कि नवंबर माह में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र राशन कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलो गेहूं और 14 किलो चावल, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल दिया जाएगा। खाद्यान्न वितरण 6 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक उचित दर दुकानों पर कराया जाएगा। वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में होगा। 30 नवंबर को आधार प्रमाणीकरण में असफल रहने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा दी जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्डधारकों से निर्धारित तिथि पर अपनी उचित दर दुकान से निःशुल्क राशन प्राप्त करने की अपील की है।

869 करोड़ की पेयजल परियोजना पर डीएम सख्त, किया निरीक्षण, 1,679 गांवों को मिलेगा शुद्ध पानी



फिरोजाबाद। ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की दिशा में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित फिरोजाबाद-1 पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। करीब 869.66 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से फिरोजाबाद और आगरा जनपद के कुल 1,679 गांवों के लगभग 49.26 लाख लोग लाभान्वित होंगे। परियोजना का निर्माण एनसीसी लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। इसके तहत फिरोजाबाद के 780 और आगरा के 899 गांवों को पेयजल सुविधा से जोड़ा जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी व्यवस्थाओं और निर्धारित समयसीमा की समीक्षा की। परियोजना में 157.13 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन लाइन तथा 12,700 किलोलीटर क्षमता का सीडब्ल्यूआर (रामगढ़) शामिल है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों में लापरवाही या देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ एफआईआर और यूपी में कार्यक्रमों पर रोक की मांग, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



फिरोजाबाद। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के प्रति कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने नाराजगी जताते हुए धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश सचिव जगमोहन यादव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने सदर स्थित सिटी मजिस्ट्रेट को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जगमोहन यादव ने कहा कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने और उत्तर प्रदेश में उनके सभी कार्यक्रमों पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विनय वाल्मीकि, पार्षद मनोज शंखवार, विपिन शंखवार, विक्की दिवाकर, आशीष यादव, आधार सिंह जाटव, सीटू कुमार, निक्की वाल्मीकि सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि पर जनप्रतिनिधियों का भव्य सम्मान



फिरोजाबाद। जीवाराम हॉल में उत्तर प्रदेशीय ठेका सफाई कर्मचारी संघ की ओर से स्वागत एवं सम्मान समारोह बुधवार दोपहर आयोजित किया गया। सदर विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर सहित पार्षदों एवं नगर निगम अधिकारियों को पगड़ी, साफा और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। नगर निगम के आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि तथा दम्मामल नगर में महर्षि वाल्मीकि भगवान द्वार के नवनिर्माण पर संघ एवं वाल्मीकि समाज ने जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

कार्यक्रम में यूनियन अध्यक्ष आचार्य कृष्ण मुरारी, विनय विक्की चैहान सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

दीपावली से पहले मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा, 11 खाद्य नमूने लिए



फिरोजाबाद। दीपावली के त्योहार पर मिलावटखोरी रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान तेज कर दिया है।

बुधवार को टूंडला और शिकोहाबाद में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी एवं निरीक्षण कर दूध, खोया, मिठाई, बेसन के लड्डू, सोनपापड़ी सहित कुल 11 नमूने संग्रहित किए गए। कार्रवाई के दौरान मार्ट टूंडला, बाबा डेयरी, श्रीराम डेयरी, फारुख मिठाई कारखाने और मोहन डेयरी एंड स्वीट्स से नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट में मिलावट या गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

नारखी समिति में डीएम का औचक छापा, बोले जनपद में खाद की कोई कमी नहीं

किसानों से सीधा संवाद कर परखी खाद वितरण व्यवस्था, कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश



फिरोजाबाद। किसानों को निर्धारित दर पर समय से खाद उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने एम-पैक्स नारखी सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे बातचीत कर खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। किसानों ने खाद वितरण एवं कीमतों को लेकर किसी समस्या से इनकार किया। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनपद में डीएपी और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद की कालाबाजारी और अनियमितता करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। डीएम ने कृषि अधिकारियों को वैकल्पिक उर्वरकों के प्रति किसानों को जागरूक करने तथा समितियों की व्यवस्थाओं में मिली कमियों को शीघ्र दूर कराने के निर्देश दिए।

कृष्ण पब्लिक स्कूल में दीपावली मेले का भव्य आयोजन

विद्यार्थियों ने लगाए चाट-पकवान, हस्तनिर्मित कलाकृतियों और खेलों के आकर्षक स्टॉल





■ मुख्य अतिथि डॉ. अनीता उपाध्याय ने बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की

कासगंज। कृष्ण पब्लिक स्कूल खंजी नगला, सोरों रोड, कासगंज में बुधवार को दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता, हुनर और व्यावहारिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनीता उपाध्याय, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, विद्यालय के प्रबंधक निसीथ गर्ग, सुभाष चंद्र गर्ग, सहायक निदेशक कुंवर कृष्ण गर्ग एवं प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीपावली मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के चाट-पकवान, फास्ट फूड, हस्तनिर्मित कलाकृतियों और मनोरंजक खेलों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि प्रबंधन, व्यवहारिक ज्ञान और आत्मनिर्भरता का भी परिचय दिया। मेले में पहुंचे अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. अनीता उपाध्याय ने विद्यार्थियों के उत्साह, मेहनत और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

सहावर में निकली गई प्रभु श्री राम की भव्य राजगद्दी शोभायात्रा

जगह-जगह पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का स्वागत हुआ



कासगंज। सहावर में श्री रामलीला मेला कमेटी के तत्वावधान में भगवान श्री राम की भव्य राजगद्दी शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का स्वागत हुआ। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से सड़कें गुंजायमान रहीं। लोगों ने राम दरबार पर पुष्पवर्षा कर आरती उतारी।इसमें सबसे आगे विजय पताका लिए लोग चल रहे थे। रथ पर भगवान राम, जानकी, लक्ष्मण विराजमान थे। भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, अंगद और मां काली, भगवान शंकर, देवी पार्वती, काली का आखाड़ा आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा गंज त्रिपोलिया पर संपन्न हुई। यात्रा के बीच में रामलीला कमेटी के संरक्षक और कमेटी के पदाधिकारी थाना प्रभारी एवं मीडिया का स्वागत सम्मान सहित सभी को पुष्पमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर श्रद्धा के साथ स्वागत किया। राजगद्दी शोभायात्रा का शुभारंभ अनिल गुप्ता ने फीता काट कर किया। शोभा यात्रा गंज रोड स्थित बडी माता मंदिर से प्रारंभ हुई। जो स्टेट बैंक चैराहा में चैराहा रेलवे रोड सोरों रोड बडा बजार आदि से गुजरकर रामलीला मंच पर पहुंची। रात में मोहल्ला कटरा बाजार में श्रीराम के राजतिलक की लीला के साथ पिछले तीन सप्ताह से चल रहे श्री रामलीला मंचन कार्यक्रमों का समापन हो गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम मय पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इस शुभ अवसर पर राम लीला कमेटी संरक्षक शिशुपाल वार्ष्णेय,अनिल गुप्ता, कमेटी अध्यक्ष सचिन गुप्ता, नवीन वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय सोनू, शिव कुमार टेलर, विवेक पाण्डेय, अर्पित राम मिश्रा, मुकुल, श्रवण कुमार वार्ष्णेय, आमोद सक्सैना, अमित गुप्ता, आकाश गुप्ता, गौरव सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कैंटर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

■ जिला अस्पताल से रेफर होने के बाद रास्ते में तोड़ा दम, कैंटर चालक के खिलाफ तहरीर



कासगंज। थाना सिकन्दरपुर वैश्य क्षेत्र में नरदौली के समीप तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के मुताबिक थाना सिकन्दरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव नगला कुंडरी निवासी 52 वर्षीय सर्वेश पत्नी अतर सिंह मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अपने बेटे जगवीर के साथ बाइक से पटियाली से गांव लौट रही थीं। नरदौली के समीप पीछे से आए कैंटर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सर्वेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजन दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव लौट आए और पुलिस को सूचना दी। मृतका के परिजनों ने कैंटर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुष्पेंद्र वर्मा बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री



कासगंज । भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष खूब सिंह वर्मा के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला महामंत्री पुष्पेंद्र वर्मा को नियुक्त किया गया है। उनको जिलाध्यक्ष खूब सिंह वर्मा ने मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष्य में पुष्पेंद्र वर्मा के कैंप कार्यालय पर अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान भाजपाइयों के द्वारा नवनियुक्त जिला महामंत्री पुष्पेंद्र वर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पुष्पेंद्र वर्मा के भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला महामंत्री मनोनीत होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। पुष्पेंद्र वर्मा ने जिला महामंत्री पद पर मनोनयन होने पर उन्होंने पार्टी के लिए जीजान से लगने का भरोसा दिया।

युवक ने विषाक्त का किया सेवन, गम्भीर



कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र के गांव गुडगुडी में बुधवार की सुबह एक युवक ने विषाक्त का सेवन कर लिया। उसे जिला अस्पताल से बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। परिजनों के मुताबिक 43 वर्षीय सुरेशचंद्र पुत्र दयाराम निवासी गुडगुडी सहार बुधवार की सुबह 11 बजे अपने खेत से वापस आए। घर आते ही उन्होंने विषाक्त का सेवन कर लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार को जिला अस्पताल लाए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे अन्यत्र लेकर चले गए।

ट्रेन में मिला अज्ञात युवक का शव, मची खलबली

शिकोहाबाद पैसेंजर के कोच में पड़ा मिला शव, 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया

कासगंज। स्थानीय जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात शिकोहाबाद पैसेंजर ट्रेन में एक युवक का शव मिलने से खलबली मच गई। ट्रेन के कोच में शव पड़ा होने की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद शव को 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवा दिया गया है। जीआरपी थानाध्यक्ष कोमल कुंतल ने बताया कि मंगलवार रात शिकोहाबाद पैसेंजर ट्रेन संख्या 55351 स्थानीय जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी।

उसने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास जानकारी जुटाई, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी।

मृतक के हुलिए के आधार पर सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पहचान होने के बाद ही युवक के बारे में अन्य जानकारी मिल सकेगी।

किराए के घर में फंदे पर लटकी मिली निलंबित दरोगा की लाश

❐ दो-तीन दिन पहले नशे में वीडियो वायरल होने पर एसएसपी ने किए थे निलंबित
❐ पिता बोले... निलंबन के बाद से तनाव में था बेटा

अलीगढ़। दीवानी परिसर में शराब के नशे में होने का वीडियो प्रसारित होने के बाद निलंबित किए दारोगा सुंदरम तिवारी ने बुधवार को फांसी लगाकर जान दे दी। उनका शव आईटीआई रोड स्थित किराए के मकान के कमरे में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। दो-तीन दिन पहले शराब के नशे में वीडियो वायरल होने के बाद उन पर निलंबन की कार्रवाई की थी। पिता का कहना है कि इसी कार्रवाई के कारण वह पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

दरोगा सुंदरम (27) तिवारी मूल रूप से बदोरा गांव थाना और जिला छतरपुर (मध्य प्रदेश) वर्तमान में पुलिस लाइन





में तैनात थे और बन्नादेवी इलाके में स्थित पूर्णागिरी मंदिर के पास पिता श्रीचंद तिवारी के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। उनकी शादी नहीं हुई थी, कुछ दिन पहले दरोगा सुंद. रम तिवारी का शराब के नशे में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस अनुशासनहीनता के मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अफसरों ने उसे दो-तीन दिन पहले निलंबित कर दिया था। श्रीचंद तिवारी ने बताया कि निलंबन की इस कार्रवाई के बाद से बेटा मानसिक रूप से काफी आहत हुआ और डिप्रेशन में चल रहे थे। बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे पिता श्रीचंद तिवारी कमरे से नीचे नाश्ते का सामान लेने के लिए निकले थे। कुछ देर बाद जब उन्होंने सुंदरम तिवारी के मोबाइल पर फोन किया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। अनहोनी की आशंका पर पिता तुरंत कमरे पर लौटे और अंदर का नजारा देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बेटा फंदे पर लटका था। उनकी चीत्कार सुनकर आस-पास के लोगों की भीड एकत्र हो गई। इस बीच सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अफसरों को मामले की जानकारी दी।

घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी नीरज जादौन और एसपी सिटी आदित्य बंसल मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। इसके अलावा फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस अधिकारियों ने शोकाकुल पिता और अन्य परि. जनों को ढांढस बंधाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं और तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पिता का कहना है कि दूसरा बेटा पुनीत तिवारी वन विभाग में तैनात हैं।

निकहत हुसैन को सौंपी कांग्रेस जिला सचिव की जिम्मेदारी

अलीगढ़। एक नवंबर को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी द्वारा की विशाल रैली की सफलता के बाद जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ठा. सोमवीर सिंह, जिला संगठक और जिला उपाध्यक्ष जियाउद्दीन राही ने जिला महासचिव हिना मिर्जा की सिफारिश पर निकहत हुसैन को पार्टी में जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि वह इसी तरह से पार्टी के कामों में हिस्सा लेकर पार्टी को और भी मजबूत बनाएंगी।

पार्टी जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह. जिला उपाध्यक्ष जियाउद्दीन राही और जिला महामंत्री हिना मिर्जा ने बुधवार को निकहत हुसैन को नियुक्ति पत्र दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि निकहत ने एक नवंबर की रैली में समर्थकों के साथ पहुंची और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पित भाव देखते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंप है। इनसे उम्मीद है कि भविष्य में भी है पार्टी की नीति और उसकी योजनाओं को लोगों के घर-घर तक पहुं. चने का काम करेंगी। इस दौरान डॉ. मोहम्मद अशरफ सिद्दीकी, शाइस्ता सिद्दीकी, शबनम खान, जीनत हुस्न, नदिया परवीन,



इरम कौसर और नजिया परवीन आदि मौजूद रहे।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलंबित

अलीगढ़। युवा कांग्रेस में संगठनात्मक सक्रियता और अनुशासन को लेकर नेतृत्व ने सख्त रुख अपनाया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम से दूरी बनाना युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव को भारी पड़ गया। भारतीय युवा कांग्रेस के नेतृत्व ने उन्हें तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया। तीन नवंबर को जारी निलंबन आदेश में दिल्ली के कार्यक्रम में उनकी अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की संजययादव को युवा कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली थी। उन्हें एक वरिष्ठ नेता का करीबी भी माना जाता है। ऐसे में जिलाध्यक्ष पर हुई कार्रवाई को स्थानीय कांग्रेस, युवा कांग्रेस के संगठनात्मक समीकरणों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस आदेश पर पश्चिमी यूपी प्रभारी विशाल चौधरी, अध्यक्ष पारस शुक्ला के हस्ताक्षर हैं। कार्रवाई से अलीगढ़ में युवा कांग्रेस के नेतृत्व, संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सवाल खड़े हुए। इसी तहत कासगंज, एटा, हाथरस, पीलीभीत, हापुड़ और मैनपुरी में भी निलंबत की गाज गिरी।

अकराबाद में रंजिश में किसान के धान के पुआल में लगाई आग

अकराबाद। गांव नानऊ निवासी किसान पुष्पेंद्र कुमार के खेत में रखे धान के पुआल में बुधवार सुबह किसी ने रंजिशन आग लगा दी। आग से करीब 70 बीघा खेत का पुआल जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान के अनुसार, घटना में लगभग चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह उन्हें खेत में रखे पुआल में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुआल धू-धूकर जल रहा था। सूचना पर करीब 40 मिनट मे पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल टीम में देवेंद्र कुमार शर्मा, अमर त्रिपाठी और राज राजेश कुमार शामिल रहे। आग लगने से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।



दीपोत्सव: खैर में एसपी देहात का निरीक्षण, जट्टारी में कारोबारियों संग बैठक

आतिशबाजी बाजार की तैयारियों का एसपी ने लिया

नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

खैर। दीपावली पर आतिशबाजी बाजार सजने से पहले बुधवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। एसपी देहात मनीष मिश्रा ने एसडीएम शिशिर कुमार सिंह, सीओ अभिषेक पटेल के साथ पड़ाव मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने आतिशबाजी बाजार में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रतिवर्ष दीपावली पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए नगर पालिका की ओर से ठेका आवंटित



किया जाता है। इसके बाद एसडीएम की ओर से निर्धारित शर्तों के अधीन पड़ाव मैदान में आतिशबाजी बाजार लगाने की अनुमति दी जाती है। इसी क्रम में अधिकारियों ने ईओ निषाद मधुरमय के साथ मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नगर पालि. का द्वारा नामित ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी देहात ने स्पष्ट किया कि आतिशबाजी बाजार में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी चेता. वनी दी कि निर्धारित बाजार के अलावा यदि कहीं खुले में अवैध रूप से आतिशबाजी की बिक्री की गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

त्योहारों को लेकर जट्टारी में पुलिस-व्यापारियों की बैठक

जट्टारी। आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से बुधवार को एसपी देहात मनीष कुमार मिश्र ने टप्पल की पुलिस चौकी जट्टारी में सर्राफा कारोबारियों, अन्य व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमें बाजार की चाक-चौबंद सुरक्षा, सुगम यातायात और अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान व्यापारियों ने बाजार में आए दिन लगने वाले जाम का मुद्दा उठाया और वहां ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग रखी। भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थानों पर बैरियर लगाने, पुलिस पिकेट तैनात करने और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने का सुझाव दिया।

एसपी देहात ने व्यापारियों की मांगों पर प्रभावी कदम उठाने का भरोसा दिलाया। सर्राफा कारोबारियों से दुकानों के सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू रखने, संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि की सूचना देने को कहा।

एसपी ग्रामीण ने कहा कि यदि कोई व्यापारी बैंक में बड़ी मात्रा में नकदी जमा-निकालता है तो वह पुलिस को बता सकता है, सुरक्षा मुहैया कराएगी। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए हर उम्र के व्यक्ति का सतर्क रहना बेहद जरूरी है। बैठक में त्योहारों पर रावण मैदान में लगने वाली करीब 25 दुक. ानों के लिए समय रहते जरूरी लाइसेंस बनवाने, सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन के निर्देश भी दिए।

प्रेमचंद अग्रवाल अध्यक्ष जट्टारी व्यापार मंडल ने कहा कि व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए द्वार सदैव खुले है। इस अवसर पर इंस्पेक्टर टप्पल नरेंद्र कुमार शर्मा, जट्टारी चेयरमैन प्रदीप बंसल, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, रमेश शर्मा, रूपकिशोर, सोनू शर्मा, रमेश चंद शर्मा, दिन्नू पालीवाल, पवन कुमार पालीवाल, कुलद. ीप चौधरी, राहुल अग्रवाल, अमित बजाज और जोनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

17 से परशुराम धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा



खैर। स्थानीय रामलीला मैदान के निकट भगवान परशुराम धर्मशाला मे आगामी 17 से 24 नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा का समय दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया। बुधवार को आयोजक मंडल कथा व्यास कृष्ण शास्त्री को नारियल भेंटकर निमंत्रण दिया और कथा आयोजन के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर कथा व्यास कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन के प्रत्येक पहलू को बदलने की शक्ति रखती है। कथा श्रवण से व्यक्ति को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि यदि उनके श्रोताओं में से कुछ लोग भी भागवत कथा के सार को आत्मसात कर अपने जीवन में बदलाव लाते हैं, तो उनके कथा कहने का उद्देश्य और जीवन सफल हो जाएगा। इस मौके पर रामकुमार शर्मा, अनिल रावत, विवेक वशिष्ठ, प्रदीप शर्मा भोले, सुशील शर्मा, कैलाश शर्मा, नेपाल शर्मा, कालीचरण शर्मा व शिवदत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

डीएस कालेज में आयोजित हुआ शिविर

अलीगढ़। डीएस डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वर्तमान सत्र 2026-27 के द्वितीय शिविर का आयोजन बुधवार को हुआ। शिविर में मेरा युवा भारत अलीगढ़ की यूनिट ने भाग लिया, राष्ट्रीय सेवा योजना व मेरा युवा भारत अलीगढ़ द्वारा विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'अपना वोट जानो' था । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री शिवनारायण शर्मा, मुख्यवक्ता के बनारस से यूथ आइकन प्रीतम सिंह रहे।

मुख्यवक्ता प्रीतम सिंह ने एसआईआर के बारे में युवाओं को जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने कहा सभी एसआईआर के कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग दें और दूसरों को इसके प्रति जागरूक करें ताकि एक सच्चे अखंड भारत का निर्माण किया जा सके। आज के कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत में युवा अधिकारी अलीगढ़ में संबोधन दिया। सभी ने प्रस्ताव राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार ने अदा किया। कार्यक्रम के मंच का संचालन स्वयंसेवक जयदेव आर्य, विवेक ने किया। इस दौरान स्वयंसेवकों, सेविकाओं में जितेंद्र कुमार, भूमिश्री, ज्योति, तनु चौधरी, किशन शाक्य, शिवानी विमल, प्रिंस राज वर्धन, प्रिंस कुमार, शिवम, प्राशी शर्मा आदि शामिल रहे।



श्रीराम, श्रीकृष्ण के खिलाफ बयान देना सस्ती लोकप्रियता हासिल करना है

संगठन की सभी युवा कार्यकारिणी, पश्चिमी यूपी की कार्यकारिणी भंग

अलीगढ़। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पाल सिंह के आवास पर हुई, जिसमें सपा के पूर्व सांसद एसटी हसन ने भगवान श्रीराम और कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री द्वारा भगवान श्री कृष्ण पर दिए बयानों की निंदा करते हुए रोष प्रकट किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा सपा के कुछ नेता सनातन धर्म, भगवान श्रीराम के जन्म स्थान पर सवाल करते हैं। क्या वह किसी दूसरे धर्म पर टिप्पणी करने की हिम्मत रखते हैं, विधानसभा चुनाव नजदीक आने के कारण यह इस तरह के बयान देकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। मंडलाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री कथावाचक होते हुए भी मेरे भगवान और तेरे भगवान जैसी बात कैसे कर सकते हैं, भगवान पर



टिप्पणी करने के लिए सपा, कांग्रेस, अन्य पार्टियों के नेता ही काफी हैं लगता हैं कि धीरेंद्र जी की कथा में लोगों का रुझान कम हुआ है इसलिए इस तरह की बात कर रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी अश्वनी सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से प्रदेश की समस्त युवा कार्यकारिणी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय लिया और 15 दिनों में प्रत्येक जिले में नई युवा टीम का गठन किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष कौशल सिंह ने आगामी समय होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए संगठन विस्तार पर जोर दिया। इस दौरान मंडलाध्यक्ष भावना चौहानख जिलाध्यक्ष मीरा जादौन, आलोक सिंह, अतुल सिंह, घनश्याम सिंह, अनीता सिंह, अरुणिमा सिंह, मनोज सिंह, प्रतिमा सिंह, जलज सिंह आदि मौजूद रहे।

गभाना में खाद के अवैध कारोबार का खुलासा, दो पर मुकद्दमा

न बिल मिला, न बिक्री का प्राधिकार पत्र



अलीगढ़। गभाना में कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक के अवैध कारोबार का खुलासा किया। सूचना के आधार पर जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी ने टीम के साथ गोदाम पर छापा मारा। यहां डीएपी और पोटाश के 67 बैग मिले। उर्वरकों के नकली होने के संदेह में तीन नमूने लिए। वहीं, बिना वैध लाइसेंस और बिल के उर्वरक का कारोबार करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई।

जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी के अनुसार, इनफोर्समेंट टीम के साथ गभाना स्थित मेसर्स बाबा मोहनराम फर्टिलाइजर्स के गोदाम पर जांच की। जांच में सामने आया कि हीरापुर निवासी संजय सिंह उर्फ संजू का गोदाम किराए पर लेकर गभाना के गांव कोमला निवासी मुनेश कुमार उर्वरक का कारोबार कर रहा था। गोदाम में आईपीएल कंपनी की डीएपी के 12 बैग और पोटाश के 43 बैग मिले। इसके अलावा कोमला गांव में डीएपी के 12 बैग और मिले। इस तरह कुल 24 बैग डीएपी और 43 बैग पोटाश बरामद हुए। उन्होंने बताया कि जांच में मुनेश कुमार से उर्वरक की आपूर्ति से संबंधित बिल मांगे, लेकिन वह कोई बिल न दिखा सके। उसके पास उर्वरक बिक्री का वैध प्राधिकार पत्र भी नहीं मिला। मुनेश ने लिखित बयान में बताया कि उसे डीएपी और पोटाश की आपूर्ति गभाना क्षेत्र के सुमेरा निवासी बनी सिंह उर्फ बुद्धपाल ने की थी।

सोलर वेंडर एसो. प्रतिनिधिमंडल ने भारत मंडपम का किया दौरा

अलीगढ़। अलीगढ़ सोलर वेंडर एसो. के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित अंत. रराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन, एक्सपो का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकसित हो रही नवीन तकनीकों, वैश्विक निवेश की संभावनाओं और भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

अंतरराष्ट्रीय आयोजन में 130 से अधिक देशों के प्रति. निधियों, 40 से ज्यादा मंत्रियों तथा वैश्विक उद्योग जगत के प्रमुख नेताओं की सहभागिता



हो रही है। सोलर एनर्जी, क्लीन एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, विंड एनर्जी और ऊर्जा भंडारण जैसी आधुनिक तकनीकों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रति. निधिमंडल ने एक्सपो में प्रदर्शित नवीन तकनीकों एवं ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का अवलोकन किया। एसो. पदाधिकारियों ने कहा कि सौर ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा का क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता से स्थानीय सोलर वेंडर्स को नई तकनीकों, बाजार की संभावनाओं और उद्योग के बदलते स्वरूप को समझने का अवसर मिलता है। इससे अलीगढ़ में सौर ऊर्जा के प्रसार तथा उपभोक्ताओं को बेहतर तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस दौरान एसो. संरक्षक मनीष सिंह, अध्यक्ष अमित शर्मा, सचिव ज्ञानेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, सदस्य शीलेंद्र उपाध्याय, ब्रजेश कुमार, आमिर, मदन मोहन, निखिल राज, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

बरौली विधायक ने किया नवनिर्मित द्वार का लोकार्पण

अलीगढ़। विधानसभा बरौली के विकासखंड जवां में विधायक निधि से नवनिर्मित द्वार का विधायक ठा. जयवीर सिंह ने विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के विकास और लोगों की समस्याओं के सामाधान के लिए वह लगतार प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा संकल्प है कि बरौली विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को गति मिले और जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचे।



टीकाकरण पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित

अलीगढ़। एएमयू के मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण और टीकाकरण पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया।

डॉ. रोशन परवीन ने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से एचपीवी से जुड़े संक्रमणों की रोकथाम में टीकाकरण की भूमिका, संक्रमण फैलने के जोखिम और दीर्घकालिक निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला।

नवनिर्मित सड़क का छर्रा विधायक ने किया लोकार्पण

अकराबाद। बुधवार को छर्रा विधायक ठा. रवेंद्र पाल सिंह अकराबाद पहुंचे जहां उनकी विधायक निधि से बनी अकराबाद कौड़ियागंज मार्ग से सुरेंद्र सिंह चौहान के घर तक नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया। छर्रा विधायक ने कहा जनसेवा ही हमारा धर्म एवं विकास ही हमारी प्राथमिकता है। वह क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित है। विकास से जुड़े किसी भी काम के लिए उनके दरवाजे जनता के लिए 24 घंटे खुले हुए है। इस अवसर पर नेम सिंह ठाकुर, बौबी ठाकुर, अशोक कुमार शर्मा, विजय प्रताप सिंह, मोनू सिंह, अवधेश शर्मा, संजू सिंह यादव, भूरा यादव, पप्पू सिंह यादव, चीकू सिंह, अजय कुमार सिंह, अनु प्रताप सिंह, हेमेंद्र सिंह फौजी, गिर्राज सिंह, मानपाल सिंह, कन्हैयालाल बघेल आदि मौजूद रहे।



खेत में मिला युवक का शव, पांच दिन से था लापता, पत्नी से अक्सर होता था झगड़ा

बुलंदशहर। थाना क्षेत्र के गांव मड़ौना जाफराबाद में पांच दिन से लापता युवक का शव गन्ने के खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गांव मड़ौना जाफराबाद निवासी सोनू 40 वर्ष पुत्र सतेंद्र पिछले शुक्रवार से लापता था। बुधवार को किसान अजीत के खेत में भूसे के कमरे के पीछे उसका शव पड़ा मिला। शव पुराना होने के कारण फूल गया था और दुर्गंध आ रही थी। मृतक के पिता सतेंद्र ने बताया कि सोनू नशे का आदी था। कई बार उसे नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराया गया था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता था। पिछले शुक्रवार को भी उसने शराब पी रखी थी और घर में झगड़ा कर रहा था।



जिसकी सूचना डायल 100 पर दी गई थी। परिजनों के अनुसार उस दिन वह जहर की दो पुड़िया लेकर आया था, एक पुड़िया कटोरी में घोल रखी थी और कभी घर न लौटने की बात कहकर घर से निकल गया था। परि. जनों ने काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। बुधवार को खेत में शव मिलने की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी सविता, 17 वर्षीय बेटा अक्षय और 11 वर्षीय बेटी वैष्णवी को छोड़ गया है। सूचना पर बीबीनगर थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर गहनता से जाँच पड़ताल में जुट गये है।

पिकअप ने बाइक सवार को कुचला, बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

बुलंदशहर। छतारी थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार बुजुर्ग को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पिकअप उन्हें कुचलते हुए निकल गई। हादसे में 62 वर्षीय तेजपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसा अलीगढ़-अनूपशहर नेशनल हाईवे-509 पर गोधा बंबा चौराहे के पास हुआ। मृतक की पहचान अलीगढ़ जिले के पाली थाना क्षेत्र के पीपली गांव निवासी तेजपाल सिंह पुत्र गोवर्धन सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार दोपहर वह मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक पिकअप छतारी की



ओर से अलीगढ़ जा रही थी। जैसे ही वह गोधा बंबा चौराहे के पास पहुंची, उसने सामने से आ रही तेजपाल सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेजपाल सिंह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद पिकअप उन्हें कुचलते हुए निकल गई। गंभीर रूप से घायल तेजपाल सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

वहीं छतारी थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बुलंदशहर भेजा गया है। परि. जनों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भारत की बेटी ने अमेरिका में लहराया जीत का परचम

औरंगाबाद (बुलंदशहर)। सबा हैदर ने अमेरिका में हुए मध्यावधि चुनावों में इलिनोइस में स्टेट रिप्रेजेंटेटिव चुनाव जीत कर भारत का नाम रोशन किया। सबा हैदर मूल रूप से कस्बा औरंगाबाद के मौहल्ला सादात निवासी सैयद अली हैदर की बेटी हैं। उनकी इस जीत से कस्बे में हर्ष और गर्व व्याप्त है। अमे. रिका में हाल ही में संपन्न हुए मध्यावधि चुनावों में भारतीय मूल की सबा हैदर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इलिनोइस (यूएसए) के 84 वें डिस्ट्रिक्ट से स्टेट रिप्रेजेंटेटिव पद के लिए कराये गये चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी ब्रायान स्कोपा को लगभग सत्तर फीसदी वोट हासिल करते हुए करारी शिकस्त दी। पूर्व में काउंटी बोर्ड सदस्य रहीं सबा हैदर उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के औरंगाबाद कस्बे की रहने वाली हैं। वो पिछले बीस सालों से अपने परिवार के



साथ अमेरिका के इलिनोइस में रह रही हैं।

उनके पति अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर हैं उनके एक बेटा और एक बेटी हैं। सबा हैदर के परिजन फिलहाल गाजियाबाद में निवास करते हैं। उनकी इस एतिहासिक जीत पर गाजियाबाद स्थित आवास पर उनके पिता सैयद अली हैदर ने खुशी जताई और कहा कि मेरी बेटी की यह जीत पूरे भारत वर्ष की बेटियों की जीत है। सबा ने अमेरिका की राजनीति में अपनी मेहनत सेवा भावना और कार्यकुशलता से भारतीय संस्कृति व प्रतिभा का परचम लहराया है।

सबा हैदर की इस जीत पर पूरे देश विशेष रूप से गाजियाबाद और औरंगाबाद में जश्न का माहौल है तथा सगे संबंधियों व परिचितों शुभचिंतकों द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। परिजनों ने मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई।

रास्ता रोककर दो भाइयों पर हमला, गंभीर चोट

बुलंदशहर। बुगरासी क्षेत्र के गांव सुलैला निवासी नवनीत और उसके भाई कौशिन्दर के साथ मारपीट कर उन्हें लहूलुहान कर दिया गया। हमले में कौशिन्दर के सिर में गंभीर चोट आई है। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर किया गया है। नवनीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने भाई कौशिन्दर के साथ गांव सुलैला जा रहा था। आरोप है कि बड़ के पास गौशाला के निकट पहुंचने पर पहले से घात लगाकर बैठे अरुण पुत्र अमन और कालू पुत्र शिवदयाल ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी स्याना में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल बुलंदशहर रेफर किया गया। वहां से भी कौशिन्दर की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया। थाना नरसेना प्रभारी नितिन जावला ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो आरोपियों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

बच्चे ओवरलोड वैन में गैस-सिलेंडर के सहारे बैठे

बुलंदशहर। अगौता ब्लॉक के गांव जहरा स्थित द साइंस स्कूल के छात्र-छात्राओं का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें बच्चे ओवरलोड वैन में सफर करते दिख रहे हैं। वीडियो में कुछ छात्र-छात्राएं जगह नहीं होने के कारण गैस सिलेंडर के सहारे बैठे नजर आ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों से आने वाले बच्चों को एक ही वैन में उसकी क्षमता से ज्यादा संख्या में ले जाया जा रहा था।

वहीं वीडियो वायरल होने के बाद स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं। अभिभावकों ने भी लाप. रवाही पर गहरी चिंता जताई है। कोतवाल देहात सुदेश कुमार सिंह ने बताया कि वाहन को एमवी०एक्ट के



तहत सीज किया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की उन्होंने कहा कि जांच के बाद जाएगी।

ट्रक की टक्कर से सिपाही की मौत, खुर्जा देहात थाने में तैनात थे, बाइक से जिला न्यायालय जा रहे थे

बुलंदशहर। बुधवार की सुबह सड़क हादसे में खुर्जा देहात थाने में तैनात सिपाही देवेश चौधरी की मौत हो गई। वह बाइक से जिला न्यायालय जा रहे थे। इसी दौरान डीएवी फ्लाईओवर के पास एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सिपाही ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक बागपत के रहने वाले देवेश चौधरी की तैनाती खुर्जा देहात थाने में थी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह किसी काम से खुर्जा से बुलंदशहर जिला न्यायालय जा रहे थे। डीएवी० फ्लाईओवर के पास पीछे से आए तेज रफ्तार



ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल सिपाही को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

हायर सेंटर में इलाज के दौरान दोपहर करीब दो बजे देवेश चौधरी की मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन और सहकर्मी भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

562 गांवों में बने अवर जलाशय, 471 गांवों में हर घर जल की रिपोर्टिंग

बुलंदशहर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए जल निगम की ओर से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) मो. हित विक्रम सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 742 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 562 अवर जलाशयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जल निगम की पूर्व से निर्मित 81 पेयजल योजनाओं के अंतर्गत 89 गांवों में से 32 गांवों में शत-प्रतिशत और 56 गांवों में आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है, जबकि एक योजना बंद है।



उन्होंने बताया कि जनपद के कुल 1067 गांवों में से 471 गांवों को हर घर जल के लिए रिपोर्टेड किया जा चुका है, जबकि 289 गांव प्रमाणित हो चुके हैं। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष रिपोर्टेड गांवों का जल अर्पण मॉड्यूल के अनुसार ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायत सचिवों से सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यूनिफाइड कमांड सेंटर के तहत सभी पेयजल योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से इंटीग्रेट करने तथा इस कार्य में धीमी प्रगति पर संबंधित कार्यदायी एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विकासखंड खुर्जा एवं सिकंदराबाद के गांवों में पेयजल की आर्सेनिक और फ्लोराइड की जांच दोबारा कराने को कहा। साथ ही सभी पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य सीआईआरपी टाइमलाइन के अनुसार गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरे कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नीतीश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता मोहित विक्रम सिंह, सहायक अभियंता प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मानव महाजन को भाजपा बनाए शहर विधानसभा प्रत्याशी

अलीगढ़। भाजपा नेता और होटल एसो. अध्यक्ष मानव महाजन को भाजपा से शहर विधानसभा प्रत्याशी बनाने की मांग शहर में उठनी शुरू हो गई है। अलीगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसो. द्वारा होटल अल्पाइन में आयोजित सम्मान समारोह में अध्यक्ष मानव महाजन को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाने और एसोसिएशन के संरक्षक डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विधान परिषद स्नातक (एमएलसी) चुनाव जीतने पर दोनों का स्वागत, सम्मान समारोह किया। समारोह की अध्यक्षा चेयरमैन पंकज धीरज ने की।



एसो. ने भाजपा नेतृत्व से मांग करते हुए कहा आगामी विधानसभा चुनाव में मानव महाजन को शहर सीट से प्रत्याशी बनाया जाए। इस दौरान दीपक गर्ग, मनोज यादव, अखिल गुप्ता, मनमीत सिंह, निखिल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, कुलदीप आर्य, विशाल शर्मा, संजीव वार्ष्णेय, जुगनू अरोरा, प्रमेंद्र गौतम, अश्विनी वार्ष्णेय, कमल अरा. रा, प्रशांत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

विद्यालय में बहेगी धर्म की प्रभावना, महाराज देंगे 2000 छात्रों को प्रवचन

अलीगढ़। बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज अलीगढ़ में कार्यक्रम के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य अंबुज जैन द्वारा बताया गया कि आज प्रातः 10:00 बजे उपाध्याय श्री शिवदत्त सागर महाराज द्वारा विद्यालय के लगभग 2000 छात्रों को अपने प्रवचन देंगे। विद्यालय के प्रबंधक श्री संजय जैन ने बताया कि श्री लखमीचंद पाण्डेय दिगंबर जैन मंदिर खिरनी गेट से प्रातः 9:30 बजे एवन बैण्ड, एनसीसी बैण्ड तथा विद्यासागर समय सागर ग्रुप बैण्ड के साथ जैन समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ चलकर प्रातः 10:00 बजे बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज में मंगल प्रवेश करेंगे।

विद्यालय मार्ग में पढ़ने वाले सभी गलियों के सामने जैन समाज द्वारा आरती की जाएगी। विद्यालय में मंगल प्रवेश के उपरांत 108 थालियां में उपाध्यक्ष श्री का पाद प्रक्षालन होगा ।

उप- प्रबंधक श्री मनोज जैन ने कहा कि दीप प्रज्वलन ,शास्त्र भेंट एवं श्रीफल भेंट विद्यालय प्रबंध समिति के विशिष्ट संरक्षक मा० जगवीर किशोर जैन एवं प्रद्युम्न कुमार जैन, समस्त प्रबंध कार्यकारिणी प्रधानाचार्य अम्बुज जैन,प्रधानाचार्या बाबूलाल जैन पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रद्धा जैन, एवं



विद्यालय के सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओ के द्वारा होगा इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता मोहित जैन, प्रदीप जैन महेश चन्द्रा एवं पंकज कुमार उपस्थित रहे।

शौर्य, अनुशासन और उत्कृष्टता का गौरवशाली उत्सव

अलीगढ़। 8 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी में ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता, समूह कमांडर, अलीगढ़ समूह द्वारा अंतर समूह प्रतियोगिता शिविर से लौटे प्रतिभाशाली कैडेटों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पदक एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायक संबोधन से उन्होंने कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

अंतर समूह प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं शानदार प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पीआई स्टाफ एवं अन्य स्टाफ सदस्यों को भी सम्मानित कर उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की



गई। अलीगढ़ समूह ने अंतर समूह प्रतियोगिता में पूरे उत्तर प्रदेश निदेशालय में कुल मिलाकर द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और सामूहिक शक्ति का शानदार परिचय दिया है।

इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाते हुए, चयनित कैडेट अब दिल्ली में आयोजित होने वाली 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश निद. शालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे अलीगढ़ समूह के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। यह सफलता कैडेटों के कठिन परिश्रम, एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों के मार्गदर्शन, पीआई स्टाफ के समर्पण और पूरी टीम की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

नितिन माहेश्वरी बने पंजाब के भाजपा प्रदेश विस्तारक प्रमुख

अलीगढ़। पंजाब विधानसभा विस्तारकों की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रभारी सतीश पूनिया राष्ट्रीय संगठन बी सतीश पंजाब के सह प्रभारी वीरेंद्र सचदेवा प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों की उपस्थिति में प्रदेश संगठन मंत्री भाजपा मंथरी श्रीनिवासलु ने नितिन माहेश्वरी पंजाब प्रदेश के भाजपा विस्तारक प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी की घोषणा की।




नितिन माहेश्वरी मूलत अलीगढ़ जिले के अतरौली तहसील के गांव नाह के रहने वाले हैं, उनके पिता सत्य प्रकाश माहेश्वरी किसान है और अपने परिवार के साथ गांव में ही रहते हैं उनकी शैक्षणिक योग्यता (एम.सी.ए.) है, वह धर्म समाज कालेज अलीगढ़ 2013 में पढ़ते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संपर्क में आए। वहीं से उनका संगठन से जुड़ाव हो गया और सबसे पहले वह 2013 में कॉलेज इकाई के अध्यक्ष बने फिर 2014-15 में अलीगढ़ महानगर मंत्री के रूप में काम किया। वर्ष 2019-20 में उन्हें आगरा महानगर संगठन मंत्री के रूप में कार्य किया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 65 में राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्होंने महत्वपूर्ण संगठनात्मक व्यवस्थाओं को पूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए कार्य किया। उन्हें 2020 आगरा संगठन का विभाग संगठन मंत्री बनाया गया। वर्ष 2022 में उन्हें फिर से बरेली एवं बदायूं विभाग का संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। वह 2023-2024-2025 में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्य करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्य करने का एक दशक से ऊपर का अनुभव होने के कारण अब उन्हें पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के विस्तारक प्रमुख बनाया गया है।

एमयू चुनाव: प्रत्याशियों ने उठाए संविधान और देशहित के मुद्दे

अलीगढ़। एएएमयू ओल्ड बॉयज संगठन के आजीवन सदस्य, पूर्व छात्र बाबा फरीद आजाद ने एएमयू छात्र संघ चुनाव में सभी प्रत्याशियों की फाइनल स्पीच को ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों ने जिस परिपक्वता से अपनी बात रखी, वह पूरे देश के युवाओं के लिए एक मिसाल है। सभी ने अपने एजेंडे में देश में संविधान की रक्षा, पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज, एएमयू के संस्थापक सर सैयद अहमद खान को भारत रत्न देने की मांग और विश्वविद्यालय के विकास जैसे देशहित के मुद्दों को प्रमुखता से रखा।

बाबा फरीद आजाद ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में जिस तरह से प्रत्याशियों ने सर सैयद की तहजीब और उनके मिशन को आगे बढ़ाते हुए देश और विदेश के ज्वलंत मुद्दों को उठाया, वह बताता है कि आज का नौजवान सिर्फ अपने भविष्य के बारे में नहीं, बल्कि देश और संविधान से भी बेइंतहा मोहब्बत करता है। अब देश और दुनिया का मिजाज बदल गया है। अब देश और विश्व में वही लोग चुनाव जीतेंगे जो अपने देश, अपने संविधान और आपसी भाईचारा व सां. प्रदायिक सद्भाव को कायम रखने की बात करेंगे।

सोनपापड़ी से काजू कतली, जेब संग हालत हुई पतली





दीप जले हर द्वार पर मन में रहे उजास। प्रेम बाँटने से खिले जीवन में मधुमास।।

दीपावली आते ही घरों में सफाई, बाजारों में सजावट और जेबों में सफाई शुरू हो जाती है। दीपों का पर्व अब केवल आस्था और आत्मीयता का उत्सव नहीं, खरीदारी, दिखावे और प्रतिस्पर्धा का महोत्सव भी बन गया है। कभी मिट्टी के दीये, घर की मिठाइयाँ और परिवार के साथ लक्ष्मीपूजन दीपावली की पहचान थे। अब दीयों से पहले डिजाइन, पूजन से पहले पैकिंग और प्रसाद से पहले फोटोग्राफी की तैयारी होती है। लक्ष्मीजी के स्वागत में घर सजते हैं, लेकिन त्योहार बीतते-बीतते उनकी विदाई से अधिक जेब की विदाई की चर्चा होने लगती है। दीपावली के साथ एक अदृश्य दिवाला भी मनाया जाने लगा है! घर की सफाई के बाद सबसे बड़ी चुनौती सजावट की है। पिछले साल की झालरें इस साल पुरानी पड़ जाती हैं और बंदनवार गृहसज्जा के नए मानदंडों पर खरी नहीं उतरती। अब सवाल यह नहीं कि अपना घर कितना सुंदर है, सवाल यह है कि पड़ोसी के घर से कितना सुंदर है! भक्ति पीछे छूट जाए तो छूट जाए, लेकिन पड़ोसन की तारीफ में अपना नाम पीछे नहीं रहना चाहिए। बाजारों में ऐसी रौनक है कि लगता है, लक्ष्मीजी ने कमल के बजाय शॉपिंग बैग पर सवारी चुन ली है। हर दुकान पर छूट का छप्पर, हर विज्ञापन में ऑफर की ओट और हर खरीद पर उपहार का प्रलोभन। ग्राहक हजार रुपये बचाने के उत्साह में तीन हजार खर्च कर आता है। ऑनलाइन बाजार ने खरीदारी आसान बना दी है। कार्ट में सामान जुड़ता है और बैंक खाते में धन घटता है। खरीदते समय उत्साह, भुगतान के बाद आत्ममंथन और सामान आने पर आत्मग्लानि! अगले दिन सेल का संदेश आते ही संयम की छुट्टी हो जाती है। फ्ली मार्केट ने खरीदारी को रोमांचक खेल बना दिया है। एक मैडम कंदील की दुकान पर मोलभाव कर रही थीं। दुकानदार भी महिला थी। मैडम ने पूछा, आधे में दे दो। दुकानदार बोली, आधे में तो मुझे ही पड़ जाएगी, कमाऊँगी क्या? मैडम ने कहा, सामने वाली दुकान पर सस्ती है। जवाब मिला, तो वहीं से ले लीजिए! गमलों तक बात पहुँची तो हर गमले में कमी और पसंद के गमले में कीमत अधिक दिखाई दी। दुकानदार दाम घटाती रही, मैडम बजट का हवाला देती रहीं। रुपये ऐसे खिंच रहे थे, मानो एक ओर गृहस्थी का बजट हो और दूसरी ओर मेहनत की कमाई! हास्य के पीछे यथार्थ भी है। एक स्त्री सीमित बजट में घर सजाना चाहती है, दूसरी उसी बिक्री से गृहस्थी चलाती है। मोलभाव कीजिए, किंतु किसी की मेहनत का मोल मत घटाइए। मिठाइयों का सफर भी कम दिलचस्प नहीं। कभी घर में गुझिया, लड्डू, शक्करपारे और मठरी बनते थे। फिर बाजार की मिठाइयों ने रसोई में प्रवेश किया और स्वाद के साथ डिब्बे की प्रतिष्ठा भी महत्त्वपूर्ण हो गई। सोनपापड़ी ऐसी सर्वमान्य मिठाई बनी कि उसके डिब्बे ने पुनर्चक्रण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर दिया। एक घर से दूसरे, दूसरे से तीसरे और तीसरे से चौथे घर तक उसकी यात्रा चलती रहती थी। मिठाई खाने से पहले सोचना पड़ता था कि डिब्बा किसने भेजा है और अब इसे किसके यहाँ पहुँचाया जाए! फिर आया काजू कतली का प्रतिष्ठित दौर। सोनपापड़ी ने संबंधों का निर्वाह किया था, काजू कतली ने हैसियत का हिसाब माँगना शुरू कर दिया। अब स्वाद से पहले मिठाई की कीमत का अनुमान लगाया जाता है। आदान-प्रदान कम और उपहार की कीमत का मूल्यांकन अधिक होने लगा है।

मानो लक्ष्मीपूजन के साथ सामाजिक लेखा-परीक्षण भी चल रहा हो! सोशल मीडिया ने इस होड़ को नई ऊँचाई दे दी है। किसकी रंगोली सुंदर, किसकी साड़ी चमकदार और किसके घर की लाइटिंग शानदार! पूजा का मुहूर्त निकल जाए तो चिंता नहीं, तस्वीर का मुहूर्त नहीं निकलना चाहिए। दीये जल रहे हैं, कैमरे चल रहे हैं, लेकिन क्या मन के अँधेरे भी दूर हो रहे हैं? बाजार, सजावट और खरीदारी गलत नहीं हैं। समस्या खरीदने में नहीं, अंधी होड़ में है। दीपावली का अर्थ सामर्थ्य से बढ़कर खर्च करना नहीं, अपनी सामर्थ्य के भीतर प्रसन्नता बाँटना है। घर रोशन करने के लिए कर्ज की कालिमा ओढ़ना कैसी समझदारी? इस दीपावली घर सजाएँ, मिठाइयाँ बाँटें और अपनों के साथ आनंद मनाएँ, लेकिन उत्सव की चमक में संवेदना की लौ मद्धिम न पड़ने दें। जरूरतमंद के घर मिठाई पहुँचाना, श्रमिक के परिश्रम का सम्मान करना और अपनों के साथ प्रेम के पल बिताना भी दीपदान है। दीपावली का मूल्य झालरों की लंबाई, उपहारों की कीमत या मिठाई के ब्रांड से नहीं, व्यवहार की मिठास से तय होना चाहिए।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
सुविचार


जो लोग हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं, वे अंत में सफलता जरूर पाते हैं।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart



अग्नि के पांच प्रकार और उनका महत्व
गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर
अग्नि के पाँच प्रकार होते हैं। इनमें प्रथम है भौतिक अग्नि। भौतिक अग्नि वह है जिसके द्वारा आप अपने घर को गर्म करते हैं और शरीर में उष्णता बनाए रखते हैं। यह जीवन का भरण-पोषण करती है। जहां जलवायु गर्म हो, ऐसे देशों में भौतिक अग्नि को अधिक महत्त्व नहीं दिया जाता, परंतु शीत प्रधान देशों में इसका बहुत महत्त्व है। भौतिक अग्नि के बिना जीवन की संभावनाएँ क्षीण हो जाती हैं। यह भौतिक अग्नि कुछ सीमा तक शरीर में भी विद्यमान रहती है। इसके पश्चात् द्वितीय प्रकार की अग्नि है जिसे कामाग्नि कहा जाता है, अर्थात् कामना या वासना की अग्नि। इसी आसक्ति या कामाग्नि के कारण इस ग्रह पर जीवन निरंतर चलता रहता है। काम की यह अग्नि समस्त जीव-जंतुओं की प्रजातियों में विद्यमान है। भोजन के अतिरिक्त, काम सबसे प्राचीन संस्कारों में से एक है। समस्त जन्मों में हमने निश्चित रूप से दो कार्य किए हैं, एक है भोजन करना और दूसरा है मैथुन। वानर, गाय या सिंह के रूप में समस्त शरीरों से गुज़रते हुए, ये दो कृत्य सदैव उपस्थित रहे हैं। तृतीय प्रकार की अग्नि को जठराग्नि कहा जाता है, जो भूख और पाचन की अग्नि है। यह आयुर्वेद के महत्त्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक है। यदि पाचन की अग्नि मंद या तीव्र हो, तो यह आपके स्वास्थ्य और आपके संतुलन को प्रभावित करती है। भूख का अनुभव होने से पूर्व ही आप भोजन कर लेते हैं। अनेक लोग भूख के कारण नहीं, बल्कि अति-भोजन के कारण रोगग्रस्त होते हैं। यहाँ पर उपवास का सिद्धांत बहुत ही प्रासंगिक हो जाता है। जब आप उपवास करते हैं, तब आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका जीवंत हो उठती है। उपवास एक अत्यंत उत्तम चिकित्सा है। यह आपके तंत्र को शुद्ध कर सकती है। उपवास करते समय अपने शरीर की प्रकृति और सामर्थ्य को ध्यान में रखना आवश्यक है; अति-भोजन और अति-उपवास दोनों ही उचित नहीं हैं। चतुर्थ प्रकार की अग्नि, सामाजिक आलोचना का भय है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। जब आपको संसार में एक निश्चित आचार-संहिता का पालन करना होता है, तो स्वाभाविक रूप से आलोचना का भय और दंडित होने का भय उत्पन्न होते हैं। यदि आप आलोचना को लेकर बहुत चिंतित हैं कि लोग आपके बारे में क्या सोचेंगे या क्या कहेंगे, तो आप मूल तत्त्व को खो रहे हैं। आलोचना की अग्नि आपके भीतर नैतिकता को बनाए रखती है। परंतु यदि यह अनियंत्रित या सीमा से बाहर हो जाए, तो यही आलोचना की अग्नि आपकी स्वतंत्रता और उन्मुक्तता की भावना को समाप्त कर सकती है। पाँचवीं अग्नि, ज्ञान या प्रेम की अग्नि है। प्रेम की अग्नि एक तड़प या तीव्र अभिलाषा से प्रारंभ होती है। यह नवीनतम प्रतीत होती है और असहज भी लग सकती है। केवल मानव जन्म में ही इस अग्नि का अनुभव किया जा सकता है। प्रेम की अग्नि या ज्ञान की अग्नि प्रारंभ में अप्रियता या तीव्र विरह की भावना उत्पन्न करती है, परंतु अंततः यह आनंद व पूर्णता के प्रस्फुटन की ओर अग्रसर होती है। जो इन पाँच अग्नियों से होकर गुज़रा है, वह शुद्ध हो गया है और वह दूसरे छोर पर पहुँच गया है।

शादी के नाम पर घबरा रहे हैं लड़के



शादी करूंगा, लेकिन अभी नहीं क्या आपके साथ भी ऐसा होता है कि जब भी कोई शादी की बात छेड़ता है, तो आप यह कहकर बात टाल देते हैं? मन में शादी करने की इच्छा तो होती है, लेकिन जैसे ही जिंदगी भर के साथ और जिम्मेदारियों की बात आती है, आप खुद को पीछे खींचने लगते हैं। समझ नहीं आता कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। अगर आप भी इसी उलझन से गुजर रहे हैं, तो यकीन मानिए, आप अकेले नहीं हैं। आज की जनरेशन में कई ऐसे पुरुष हैं, जो शादी करना तो चाहते हैं, लेकिन इस फैसले को लेकर उनके मन में कई सवाल और डर हैं। कहीं आर्थिक जिम्मेदारियों का दबाव है, तो कहीं इस बात की चिंता कि क्या वे एक अच्छे पति बन पाएंगे? कुछ को अपनी आजादी खोने का डर है, तो कुछ को गलत जीवनसाथी चुन लेने की चिंता सताती है। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से कई सवाल ऐसे होते हैं, जिन्हें पुरुष किसी के सामने खुलकर रखने से भी हिचकते हैं। उन्हें लगता है कि लोग उनकी बात समझने के बजाय उन्हें जज करेंगे. अगर आपके मन में भी शादी को लेकर ऐसे सवाल हैं, तो आइए समझते हैं कि आखिर ये डर कहां से आते हैं और इनसे कैसे निपटा जा सकता है। मन का डर-शादी के बाद लड़के पर एक तरफ माता-पिता की जिम्मेदारी होती है, तो दूसरी तरफ नई पार्टनर की उम्मीदें. लड़कों के मन में यह डर सबसे ज्यादा होता है कि क्या वे एक अच्छे बेटे और एक अच्छे पति की भूमिका एक साथ पूरी ईमानदारी से निभा पाएंगे या नहीं. समाधान- रिश्ता कभी भी किसी एक की तरफझुकाव से नहीं चलता. इस उलझन को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि शादी से पहले ही अपनी पार्टनर से खुलकर बात करें. एक-दूसरे की परिवारिक जिम्मेदारियों को समझें और यह तय करें कि दोनों मिलकर हर परिस्थिति को संभालेंगे. क्या मेरी कमाई या करियर की स्थिति को लेकर पार्टनर के मन में कोई दबाव तो नहीं होगा? मन का डर- आज के दौर में महंगाई और खर्चों को देखते हुए लड़कों पर फाइनेंशियली मजबूत रहने का बहुत दबाव होता है। कई लड़के यह सोचकर अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं कि अगर कभी करियर में उतार-चढ़ाव आया या सैलरी कम हुई, तो क्या उनकी पत्नी उन्हें समझ पाएगी? समाधान- आज की कामकाजी और समझदार पार्टनर सिर्फ पैसे नहीं, बल्कि आपके साथ और भरोसे को ज्यादा अहमियत देती हैं। पैसों के मामलों पर शादी से पहले पारदर्शिता रखना और मिलकर बजट बनाना इस डर को काफी हद तक कम कर सकता है। याद रखें कि शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और दो अलग सोच का मिलन है। इसलिए दिल में किसी भी

पिताने आईफोन नहीं दिया तो बिजलीके टावरपर चढ़ा लड़का

बच्चों की कोई पसंदीदा चीज न मिले तो उनका उदास होना या नाराजगी जताना स्वाभाविक है। कई बार वे जिद करते हैं, रोते हैं या गुस्सा दिखाते हैं लेकिन जब यही नाराजगी खतरनाक कदम उठाने तक पहुंच जाए, तो माता-पिता के लिए यह चिंता की बात है। हरियाणा के मेवात से सामने आई एक घटना ने इसी सवाल पर सोचने को मजबूर कर दिया है। यहां जहटाना गांव में एक युवक ने आईफोन की मांग पूरी न होने पर ऐसा कदम उठाया कि गांव के लोग घबरा गए। मिली जानकारी के मुताबिक, युवक अपने माता-पिता से आईफोन खरीदने की जिद कर रहा था. जब परिजनों ने उसकी मांग पूरी नहीं की, तो वह नाराज होकर गांव के पास लगे हाईटेंशन बिजली लाइन के टावर पर चढ़ गया। देखते ही देखते वह काफी ऊंचाई तक पहुंच गया। उसे टावर पर चढ़ा देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से उसे समझाने की कोशिश की. काफी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया.यह घटना इस बात की ओर संकेत करती है कि किसी चीज की मांग अगर पूरी न हो और इसकी वजह से गुस्सा और निराशा आए तो ऐसे हालात को संभालना कितना जरूरी है। मनोविज्ञान में इसे फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस कहा जाता है। आसान भाषा में समझें तो इसका मतलब है कि जब हमारी इच्छा पूरी न हो या कोई काम मन के मुताबिक न हो, तो हम उस निराशा और गुस्से को किस तरह संभालें। हर इंसान को जिंदगी में कभी न कभी निराशा का सामना करना पड़ता है। बच्चे को पसंदीदा खिलौना न मिले, मोबाइल इस्तेमाल करने का समय खत्म हो जाए या उसकी बात न मानी जाए, तो उसे बुरा लग सकता है. ऐसे समय में वह अपने इमोशन्स को कैसे संभालता है, यही उसकी फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस को दिखाता है। दरअसल, बच्चों में भावनाओं को समझने और नियंत्रित करने की क्षमता धीरे-धीरे विकसित होती है. इसलिए उन्हें हर बार तुरंत समझदारी से प्रतिक्रिया देने की उम्मीद करना भी सही नहीं होगा. लेकिन अगर बच्चा छोटी-छोटी बातों पर बहुत ज्यादा गुस्सा करता है, खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता है या खतरनाक कदम उठाता है, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



भारत का लंदन

कोलकाता का ब्रिटिश शासन से गहरा ऐतिहासिक रिश्ता रहा है। यह शहर साल 1772 से 1911 तक ब्रिटिश भारत की राजधानी था। उस समय यहां प्रशासन, व्यापार और शिक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां होती थीं। अंग्रेजों ने शहर में अपने रहने, काम करने और प्रशासनिक जरूरतों के हिसाब से कई भव्य इमारतें बनवाईं. इन इमारतों में यूरोपीय वास्तुकला की झलक साफ दिखाई देती है। इसी ऐतिहासिक विरासत और ब्रिटिश दौर के प्रभाव के कारण कोलकाता को लंदन



ऑफ इंडिया कहा जाने लगा, हालांकि, यह एक लोकप्रिय उपनाम है, कोई आधिकारिक सरकारी दर्जा नहीं। कोलकाता की पहचान की बात हो और विक्टोरिया मेमोरियल का नाम न आए, ऐसा हो नहीं सकता। सफेद संगमरमर से बनी यह भव्य इमारत शहर के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शामिल है. इसका निर्माण महारानी विक्टोरिया की याद में कराया गया था। इमारत के चारों ओर फैले हरे-भरे बगीचे और अंदर मौजूद संग्रहालय इसे खास बनाते हैं। यहां पर्यटक ब्रिटिश भारत के इतिहास से जुड़ी कई चीजें देख सकते हैं। विक्टोरिया मेमोरियल के पास स्थित सेंट पॉल कैथेड्रल भी कोलकाता की ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल है। इसका निर्माण 1839 से 1847 के बीच हुआ था. चर्च की ऊंची मीनार, रंगीन कांच की खिड़कियां और गोथिक शैली की बनावट इसे बेहद आकर्षक बनाती है। इसकी वास्तुकला में यूरोपीय प्रभाव साफ नजर आता है.बीबीडी बाग इलाके में स्थित राइटर्स बिल्डिंग कोलकाता की ऐतिहासिक इमारतों में से एक है। ब्रिटिश दौर में इसका इस्तेमाल ईस्ट इंडिया कंपनी के कर्मचारियों के कार्यालय के रूप में किया जाता था कोलकाता की यात्रा हावड़ा ब्रिज देखे बिना अधूरी मानी जाती है। हुगली नदी पर बना यह विशाल पुल शहर की पहचान बन चुका है। इसे रवींद्र सेतु केनाम से भी जाना जाता है। नदी केकिनारे प्रिंसेप घाट पर शाम बिताना भी अच्छा अनुभव हो सक्ता है। यहां से हुगली नदी और विद्यासागर सेतु का खूबसूरत नजारा दिखाई देता है।

आधुनिक तकनीक की जरूरत बन चुके हैं रेयर अर्थ तत्व

आज के दौर में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रिक वाहन, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और रक्षा तकनीक के विकास में कुछ खास धातुओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है. इन्हें रेयर अर्थ एलिमेंट्स कहा जाता है। ये तत्व आधुनिक तकनीक की जरूरत बन चुके हैं। इनकी वैश्विक सप्लाई चेन पर चीन का बड़ा प्रभाव है। ऐसे में भारत के लिए इनका खनन, प्रसंस्करण और तकनीक विकसित करना महत्वपूर्ण हो गया है. रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर शोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एमएससी की पढ़ाई के दौरान उन्हें सुपरकंडक्टर के बारे में जानने में दिलचस्पी हुई. यहीं से इस विषय पर उनकी रुचि बढ़ी और उन्होंने आगे शोध करने का फैसला किया। सुपरकंडक्टर ऐसे खास पदार्थ होते हैं, जिनमें कुछ विशेष परिस्थितियों में बिजली बिना रुकावट के प्रवाहित हो सकती है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स का इस्तेमाल ऐसे पदार्थों को बनाने में भी किया जाता है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स कुल 17 रासायनिक तत्वों का समूह है। इनमें नियोडिमियम, प्रासियोडिमियम, डिस्प्रोसियम, टर्बियम, सेरियम, लैंथेनम, यूरोपियम, गैडोलिनियम, समेरियम, इट्रियम और स्कैंडियम जैसे तत्व शामिल हैं। नियोडिमियम और प्रासियोडिमियम से शक्तिशाली परमानेंट मैग्नेट बनाए जाते हैं. इन मैग्नेट का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों की मोटर, पवन ऊर्जा टरबाइन और कई औद्योगिक मशीनों में होता है। वहीं, यूरोपियम और टर्बियम का इस्तेमाल डिस्प्ले और प्रकाश से जुड़ी तकनीक में किया जाता है. गैडोलिनियम से बने कुछ यौगिक स्क्रच्छ जांच में इस्तेमाल होने वाले कंट्रास्ट एजेंट के रूप में उपयोग किए जाते हैं.रेयर अर्थ एलिमेंट्स का उपयोग सुपरकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन, विमानन और रक्षा क्षेत्र में भी किया जाता है। इनकी उपयोगिता चिकित्सा और फार्मा उद्योग तक फैली हुई है. कुछ रेयर अर्थ तत्वों के यौगिक रासायनिक प्रक्रियाओं में उत्प्रेरक के रूप में भी इस्तेमाल होते हैं। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के उत्पादन और प्रसंस्करण में चीन का दबदबा है। भारत के पास भी इन तत्वों के संसाधन मौजूद हैं, लेकिन खनन के साथ-साथ इन्हें अलग-अलग तत्वों में बदलने और शुद्ध करने की तकनीक विकसित करना बड़ी चुनौती है. उन्होंने बताया कि रेयर अर्थ एलिमेंट्स को जमीन से निकालना और उन्हें इस्तेमाल लायक बनाना काफी मुश्किल काम है. इसके लिए खास तकनीक और सावधानी की जरूरत होती है. इन तत्वों को अलग-अलग करने और शुद्ध बनाने के लिए आधुनिक मशीनों और बेहतर प्रयोगशालाओं की आवश्यकता होती है। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़े शोध का मेल उपयोगी साबित हो सकता है।



दीपावली सेलिब्रेशन-पटाखों से रकुलका कॉम्पटीशन

रामायण में शूर्पणखा की भूमिका निभाने वालीं एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने दीवाली सेलिब्रेशन से अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं। बॉलीवुड में दीवाली का सेलिब्रेशन शुरू हो गया है और सितारे अपने ग्लैमरस दीवाली लुक की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने भी अपनी लेटेस्ट फोटोज से ध्यान खींचा है। रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दीवाली पार्टी की तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह ग्लैमरस लुक में कैमरे के सामने स्टनिंग पोज दे रही हैं। रकुल प्रीत सिंह ने फोटोज शेयर करते हुए मजेदार कैप्शन दिया है। उन्होंने लिखा, यहां पटाखों से मुकाबला करने नहीं आई हूं, पर कभी-कभी मैं भी कमाल कर देती हूं। रकुल प्रीत सिंह के लुक की बात करें तो उन्होंने ऑरेंज कलर की मिरर वर्क साड़ी पहनी है जिसे उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज से स्टाइल किया है। एक्ट्रेस ने अपने लुक को चोकर सेट से स्टाइल किया है। इयररिंग्स को स्किप करके उन्होंने हाथों में कंगन पहना है। मिनिमल मेकअप और खुले बालों में रकुल हसीन लग रही हैं। फोटो सीरीज में रकुल प्रीत सिंह ने अपना ट्रेडिशनल लुक फ्लॉन्ट किया और एक से बढ़कर एक पोज दिए। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं और लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। रकुल 5 नवंबर को सिनेमाघरों में आ रही पौराणिक फिल्म रामायण में नजर आएंगी। वह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म का



क्या आपको बचपन के वो दिन याद हैं जब हम सर्दियों की सुबह मुंह से भाप निकालकर खुद को सुपरहीरो या ड्रैगन समझते थे? हम सबने यह किया है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि हमारे शरीर के अंदर कोई आग तो नहीं जल रही, फिर यह धुआं आता कहां से है? और सबसे बड़ा सवाल- गर्मियों में यह जादू कहां गायब हो जाता है? इसके पीछे के दिलचस्प विज्ञान को आसान भाषा में समझते हैं।

ठंडी हवा और गर्म सांसका टकराव



सोचिए, कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आप रजाई से निकलकर बाहर आते हैं और अचानक आपके मुंह से सफेद धुएं का एक बड़ा-सा गुबार निकलता है। बचपन में तो हम सबने दोस्तों के सामने शान झाड़ने के लिए यह किया है- बिना माचिस और बिना सिगरेट के फूंक मारना और धुएं के छल्ले बनाना, लेकिन क्या आपने कभी रुककर सोचा है कि आखिर यह धुआं आता कहां से है? क्या दिसंबर आते ही हमारे पेट में कोई अलाव जलने लगता है... और सबसे बड़ा सवाल किजून-जुलाई की गर्मी में यह जादू गायब क्यों हो जाता है? सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि हमारा शरीर 70 प्रतिशत पानी से बना है। हमारे फेफड़े हमेशा नम रहते हैं। जब हम सांस छोड़ते हैं, तो सिर्फ हवा (कार्बन डाइऑक्साइड) ही बाहर नहीं आती, बल्कि उसके साथ हमारे शरीर की गर्मी और थोड़ी नमी भी बाहर आती है। यह नमी गैस के रूप में होती है, इसलिए यह हमें दिखाई नहीं देती। सर्दियों में बाहर का मौसम बहुत ठंडा होता है, जबकि हमारे शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस (98.6°F) होता है। जैसे ही आपके मुंह से निकली गर्म हवा बाहर की बर्फीली हवा से टकराती है, वह अचानक ठंडी हो जाती है। ठंड के कारण हवा में मौजूद वो अदृश्य नमी तुरंत पानी की नन्ही-नन्ही बूंदों में बदल जाती है। विज्ञान की भाषा में इसे कंडेंसेशन या संघनन कहते हैं। यह वही प्रक्रिया है जिससे आसमान में बादल बनते हैं। यानी, सर्दियों में आपके मुंह से जो निकलता है, वह धुआं नहीं, बल्कि एक छोटा-सा बादल होता है। अब सवाल यह है कि यह सफेद धुआं गर्मियों में कहां चला जाता है? दरअसल, गर्मियों में बाहर का तापमान भी शरीर के तापमान के आसपास ही होता है। जब आप सांस छोड़ते हैं, तो शरीर की गर्म हवा को बाहर भी गर्म हवा ही मिलती है। तापमान में कोई बड़ा अंतर नहीं होता, इसलिए नमी को ठंडा होकर पानी की बूंद बनने का मौका नहीं मिलता। वह गैस बनकर ही हवा में घुल जाती है और हमें कुछ दिखाई नहीं देता।